CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27° C
न्यूनतम : 19° C

हल्द्वानी, सोमवार 1 जून 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 274 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 14 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हुगली में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर हमले की अखिलेश यादव ने की निंदा पेज 2



सात्विक-चिराग पहली बार बने सिंगापुर ओपन के विजेता खेल टाइम्स



छोटे से मदरसे से विश्व विख्यात संस्था बनना मामूली बात नहीं सम्पादकीय



डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान को नई धमकी पेज 12

# जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने नए सीडीएस का पदभार संभाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने रविवार को भारत के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्हें पाकिस्तान और चीन के मामलों का बड़ा विशेषज्ञ माना जाता है। उनका मुख्य उद्देश्य महत्वाकांक्षी मिलिट्री थिएटरेशन (सैन्य थिएटराइजेशन) योजना को लागू करना और तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को मजबूत करना है।

उन्होंने जनरल अनिल चौहान की जगह ली है। जनरल सुब्रमणि ने अपने पूर्ववर्तियों, दिवंगत जनरल बिपिन रावत और जनरल अनिल चौहान के शानदार नेतृत्व और योगदान के प्रति आभार जताया। जनरल चौहान शनिवार को देश के सबसे वरिष्ठ सैन्य कमांडर के रूप में अपना कार्यकाल पूरा करके सेवानिवृत्त हुए। जनरल सुब्रमणि इससे पहले राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस) में सैन्य सलाहकार के रूप में काम कर रहे थे। वह पिछले साल 31 जुलाई को थलसेना के उप प्रमुख के पद से रिटायर हुए थे। पद संभालने के बाद जनरल सुब्रमणि ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य ध्यान सशस्त्र बलों के बदलाव और संगठनात्मक सुधारों पर होगा। वह प्रधानमंत्री के 'जेएआई' विजन यानी जाइंटनेस (तालमेल), आत्मनिर्भरता और इनोवेशन (नवाचार) को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सेना, नौसेना और वायुसेना के जवानों की ट्रेनिंग और उनका कल्याण सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। जनरल सुब्रमणि ने कहा कि आत्मनिर्भरता हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का मुख्य आधार है। वह सेना में स्वदेशी हथियारों के विकास और उन्हें शामिल करने के काम में तेजी लाएंगे। आधुनिकीकरण के लिए सेना, उद्योग, शिक्षण संस्थानों, स्टार्टअप और रिसर्च क्षेत्र के बीच सहयोग बढ़ाया जाएगा।



■ कहा: उनका मुख्य ध्यान सशस्त्र बलों के बदलाव और संगठनात्मक सुधारों पर होगा

## एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन बने नए नौसेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने भारतीय नौसेना के नए प्रमुख के रूप में 31 मई को अपना कार्यभार संभाल लिया।

पद संभालने के बाद उन्हें साउथ ब्लॉक परिसर में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके साथ ही वे भारतीय नौसेना के 27वें नौसेना प्रमुख बन गए हैं। दूसरी तरफ, निवर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी 31 मई को अपनी सेवा से रिटायर हो गए।



■ एडमिरल त्रिपाठी 31 मई को अपनी सेवा से हो गए थे रिटायर

## यूपी के स्थायी DGP बने राजीव कृष्णा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को लंबे इंतजार के बाद अपना पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिल गया है। वर्तमान में कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण को प्रदेश का पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से भेजे गए पैनल पर शासन स्तर पर मंथन पूरा होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्तमान कार्यवाहक डीजीपी को ही पूर्णकालिक डीजीपी बनाए जाने पर मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही यूपी को चार साल बाद स्थायी डीजीपी मिल गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। यूपीएससी ने 26 मई को हुई बैठक के बाद 1990 बैच की आईपीएस अधिकारी रेणुका मिश्रा तथा 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी पीयूष आनंद और राजीव कृष्ण के नामों का पैनल प्रदेश सरकार को भेजा है। इनमें राजीव कृष्ण का नाम सबसे मजबूत माना जा रहा था। आखिरकार मुख्यमंत्री योगी ने भी उनके नाम पर मंजूरी दे दी। राजीव कृष्ण एक जून 2025 से कार्यवाहक डीजीपी के तौर पर जिम्मेदारी निभा रहे थे।

# टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर हमला

**हुगली।** पश्चिम बंगाल में हुगली में रविवार को एक प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद कल्याण बनर्जी पर हमला किया गया।

इससे श्री बनर्जी सड़क पर ही गिर पड़े हालांकि उनको ज्यादा चोट नहीं आई। वह अपनी पार्टी के सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले पर नाराजगी जताते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए चंडीतला थाने में एक ज्ञापन सौंपने जा रहे थे। वह नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ रहे थे, जैसे ही उनको पुलिस ने रोका तभी किसी ने उनके सिर पर पीछे से वार कर दिया, जिससे वे दर्द से कराहते हुए जमीन पर गिर पड़े। इससे पहले शनिवार को टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर उस समय हमला किया जब वे पार्टी समर्थक परिवार से मिलने जा रहे थे। यह हमला दक्षिण 24 परगना जिले में हुआ था। श्री बनर्जी पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है और राज्य सरकार ने उनको एक्स कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान करने का फैसला किया है। तृणमूल कांग्रेस ने श्री कल्याण बनर्जी पर हुए हमले को पूरी तरह से अराजकता करार देते हुए इसे लोकतंत्र पर हमला बताया है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर कहा कि चुनाव नतीजे घोषित हुए 26 दिन बीत चुके हैं, फिर भी चुनाव के बाद होने वाली हिंसा बिना किसी रोक-टोक के जारी है। इन गुंडों को थाने के बाहर इकट्ठा होने की इजाजत कैसे दी गई।

■ पार्टी कार्यकर्ताओं ने हमले के विरोध में किया प्रदर्शन

### अभिषेक बनर्जी पर हमले के मामले में छह गिरफ्तार

**कोलकाता।** दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर में शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इलाके से जुटाए गए वीडियो फुटेज के जरिये आरोपियों की पहचान की गई। सोनारपुर पुलिस ने इस घटना के संबंध में स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज करने के बाद यह गिरफ्तारियां की हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सूर्या प्रताप हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में मारा गया

**गाजियाबाद (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के खोड़ा क्षेत्र में 17 वर्षीय सूर्या प्रताप चौहान की चाकू से गोदकर हत्या के मामले में फरार चल रहा मुख्य आरोपी एवं 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश असद पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। यह कार्रवाई खोडा थाना और इंदिरापुरम पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। पुलिस उपायुक्त (नगर/ट्रांस हिंडन/मुख्यालय) धवल जायसवाल ने रविवार को बताया कि सूर्या प्रताप चौहान हत्याकांड में वांछित चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी असद को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, तो आरोपी ने गोली चला दी। इसके बाद पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। उसे उपचार के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई।

### उच्च क्षमता वाले बम का सफल परीक्षण

**पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला के रामगढ़ स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल) क्षेत्र में रविवार को उच्च क्षमता वाले बम का परीक्षण किया गया। सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने पहले ही आसपास के गांवों के लिए परामर्श जारी कर दिया था। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह करीब 11:30 बजे हुए परीक्षण के दौरान जोरदार धमाका हुआ, जिसकी आवाज लगभग 6 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी।

### ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम व मणिपुर में एसआईआर शुरू

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया के तीसरे चरण के तहत गणना चरण शुरू कर दिया है। आयोग द्वारा बताया गया कि इन चार राज्यों में यह अभियान 30 मई से शुरू हो चुका है। जिन पात्र मतदाताओं के फॉर्म 28 जून या उससे पहले अधिकारी के पास जमा हो जाएंगे, उनके नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे।

# राहुल ने की CBSE स्टूडेंट्स से बातचीत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सीबीएसई 12वीं क्लास के छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर छात्रों से बातचीत का वीडियो पोस्ट किया और ऑन- स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) में गड़बड़ियों को लेकर केंद्र पर निशाना साधा।

वीडियो में राहुल ने छात्रों से उनकी परेशानी के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स ने सीबीएसई और मोदी सरकार से सिर्फ कुछ आसान सवाल पूछे थे, लेकिन जवाब के बजाय उनका अपमान किया गया। उन्हें एंटी-नेशनल, जासूस और आतंकवाद जैसे नाम दिए गए। राहुल ने जिन छात्रों से बात की, उनमें वेदांत भी शामिल थे। वेदांत की एक पोस्ट वायरल हुई थी, जिसमें उसने कहा था कि री-इवैल्यूएशन के दौरान पोर्टल पर जो स्कैन की गई कॉपी अपलोड की गईं, वे उनकी नहीं थीं। वेदांत के बाद कई अन्य छात्रों ने भी ऐसी शिकायतें कीं। इससे पहले राहुल ने 30 मई को भी परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर सरकार से सवाल किए थे। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा कि नीट, सीबीएसई, एसएससी और सीयूईटी एक करोड़ बच्चे और 4 परीक्षाएं। एक भी ईमानदारी से नहीं हो पाई। उन्होंने आगे कहा कि सरकार विश्वगुरु बनने के दावे करती है, मगर देश में एक परीक्षा नहीं करवा सकती। पूरी शिक्षा व्यवस्था तबाह कर दी है। सरकार जिस पीढ़ी का भविष्य बर्बाद कर रही है, वही पीढ़ी हिसाब करेगी।



■ स्टूडेंट्स बोले: केंद्र सरकार और सीबीएसई से सवाल किए, तो एंटी-नेशनल और आतंकी कहा गया

## दो दिन में 100 मीटर का नेशनल रिकॉर्ड तीन बार टूटा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में गर्मी को लेकर बात की। पीएम ने कहा कि हमारे यहां गर्मी से लड़ने का तरीका कई बार रसोई में भी मिलता है।

आपने भी देखा होगा जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है, वैसे-वैसे घर की रसोई का स्वाद बदल जाता है। पीएम ने कार्यक्रम में इस वक्त देश के दो चर्चित एथलीट की भी बात की। पीएम ने कहा कि एक इवेंट जिसकी देशभर में बहुत चर्चा हो रही है, वह है 100 मीटर की रेस। महज दो दिनों के भीतर मेंस 100 मीटर रेस में नेशनल रिकॉर्ड तीन बार टूटा। दो एथलीट्स ने ये कमाल दिखाया है।

■ पीएम ने मन की बात में की गर्मी को लेकर बात

## दिल्ली: साकेत बिल्डिंग हादसे में अब तक छह लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साकेत इलाके में शनिवार शाम पांच मंजिला बिल्डिंग गिर गई। जिसमें अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 10 घायलों को एम्स के ट्रामा सेंटर में एडमिट करवाया गया है, जिनमें से 2 की हालत गंभीर है।

दक्षिणी दिल्ली जिले के डीएसपी अनंत मित्तल ने बताया कि जिस जगह मलबा गिरा, वहां मेडिकल स्टूडेंट्स की कैंटीन थी। इसके चलते कई स्टूडेंट्स मलबे में दब गए थे। पुलिस और बचाव दलों ने अब तक करीब 12 लोगों को बाहर निकाला है। एनडीआरफ, फायर सर्विस और दिल्ली पुलिस संयुक्त रूप से अभी भी राहत और बचाव अभियान चला रहे हैं।

■ 10 घायल, दो की हालत गंभीर

# यूपी सहित आठ राज्यों में पारा 40 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, बिहार और ओडिशा में पिछले 15 दिन से चल रही भीषण गर्मी से राहत मिली है।

आंधी, बारिश और ओले गिरने से इन राज्यों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, राजस्थान समेत 8 राज्यों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। उत्तराखंड में खराब मौसम के कारण केदारनाथ यात्रा 3 घंटे तक रुकी रही। हालांकि, शनिवार को देश के 36 शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। महाराष्ट्र के विदर्भ में तापमान अभी भी 44 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा है। यहां का चंद्रपुर (चांदा) 44.8डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ देश में सबसे गर्म रहा। शनिवार को राजस्थान के 5 जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और सीकर में शनिवार दोपहर 3 बजे रेतीला तूफान आया। इसका असर करीब 200 वर्ग किलोमीटर के इलाके में रहा। इस रेतीले तूफान की शुरुआत हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर से हुई थी। बवंडर को पाकिस्तान की ओर से उठी तेज धूलभरी हवाओं ने रफ्तार दी थी। इस दौरान 56 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली।

**खराब मौसम से केदारनाथ यात्रा तीन घंटे रुकी रही, बीकानेर-जयपुर में रेतीले तूफान का अलर्ट**






CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### टीएमसी सांसद बनर्जी पर हमले की सपा ने की निंदा

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में चंडीतला पुलिस स्टेशन के सामने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। इस दौरान टीएमसी सांसद पर हमले का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार कल्याण बनर्जी अभिषेक बनर्जी पर हुए कथित हमले और गिरफ्तार टीएमसी नेताओं व कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर चंडीतला थाना ज्ञापन देने पहुंचे थे। ज्ञापन सौंपने से पहले ही टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नारेबाजी शुरू हो गई। टीएमसी सांसद ने आरोप लगाया कि बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला किया और उनके सिर पर पत्थर या गेंद जैसी वस्तु मारकर चोट पहुंचाई। वहीं भाजपा का कहना है कि कल्याण बनर्जी घायल नहीं हुए हैं और वह सिर्फ ड्रामा कर रहे हैं।

### अहिल्याबाई की जयंती पर मायावती ने किया नमन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने देश की महान शासिका अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सोशल मीडिया पर जारी संदेश में मायावती ने अहिल्याबाई होलकर को 'न्यायप्रिय, धर्मनिरपेक्ष एवं लोक कल्याणकारी महान शासक' बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास की महान शासिका अहिल्याबाई होलकर ने अपने आदर्शों, सेवा-भाव और जनहितकारी कार्यों से समाज को नई दिशा प्रदान की। मायावती ने अहिल्याबाई के जीवन को 'नारी शक्ति, सुशासन, सामाजिक समरसता एवं जनसेवा का प्रेरणा स्रोत' करार दिया।

### योगी ने गाजियाबाद समेत पांच जिलों के अधिकारियों के साथ की मीटिंग

# अपराध नहीं रुके, तो कार्रवाई को रहें तैयार: सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो



- लखनऊ, वाराणसी, नोएडा, जौनपुर और गाजियाबाद में हुई हैं हत्या की घटनाएं
- योगी ने पुलिस अफसरों को तलब कर जमकर क्लास ली

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति लागू की है। सरकार की तरफ से लगातार यह दावा किया जा रहा है कि यूपी से अपराधी दूसरे राज्यों में भाग गए हैं, लेकिन हाल की घटनाएं इस पर सवाल उठा रही हैं।

अपराधियों ने पिछले कुछ दिनों में यूपी में जमकर तांडव किया है, तमाम हत्याएं हुई हैं। लगातार कुछ बड़ी आपराधिक घटनाओं से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी खफा हैं। उन्होंने शनिवार को अचानक ही ज्यादा अपराध वाले जिलों के पुलिस अधिकारियों को तलब कर लिया और उनकी जमकर क्लास ली। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उन्होंने सख्त हिदायत दी की आपराधिक घटनाओं को रोका नहीं, तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में गाजियाबाद, वाराणसी, लखनऊ और नोएडा के जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर मौजूद रहे। बागपत, गाजीपुर, पीलीभीत और जौनपुर के डीएम और कप्तान भी ऑनलाइन मीटिंग में जुड़े। मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों हत्या की जो बड़ी वारदातें हुई, उसे लेकर अधिकारियों से जवाब तलब किया। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह की हत्या का संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। वाराणसी में व्यापारी मनीष सिंह की हत्या, नोएडा के जेवर में गोपाल शर्मा की हत्या, गाजीपुर में होटल कारोबारी की हत्या के साथ ही जौनपुर में दूल्हे की हत्या, गाजियाबाद में सूर्य चौहान की हत्या, पीलीभीत में स्कूल संचालक की हत्या और बागपत में मैकेनिक की हत्या की घटनाओं से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहुत ही ज्यादा नाराज हुए। जैसे ही बैठक खत्म हुई, लखनऊ के पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सिंह सेंगर ने विभूति खंड के इंस्पेक्टर अमर सिंह और गोमती नगर के इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर कर दिया, साथ ही एसीपी विभूति खंड विनय द्विवेदी को भी हटाने की कार्रवाई की। सौम्या पांडेय को यहां की कमान सौंप दी।

### साकेत हादसे के बाद दो अफसर सस्पेंड

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने रविवार को दक्षिणी दिल्ली के साकेत मेट्रो स्टेशन के पास बिल्डिंग गिरने की घटना स्थल का दौरा किया और राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से रेस्क्यू ऑपरेशन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचाव अभियान में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। वहीं इस हादसे में लापरवाही बरतने वाले दो अफसरों को सस्पेंड भी कर दिया है। सीएम ने विभिन्न अस्पतालों में भर्ती घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी घायलों को निशुल्क और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। एनडीआरएफ, दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस, जिला प्रशासन, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सिविल डिफेंस और अन्य एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली।

## सरकार ने पांच साल में भरीं माध्यमिक शिक्षा की सीटें

लखनऊ, वार्ता

- 33401 सीटों पर नियुक्ति होने से खत्म हुआ भर्ती का संकट

उत्तर प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से लंबित भर्ती प्रक्रिया को योगी आदित्यनाथ सरकार ने मिशन मोड में पूरा कर व्यवस्था को नया संबल दिया है।

अप्रैल 2017 से 2022 तक उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड ने प्रधानाचार्य, प्रवक्ता और प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के कुल 33,401 पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी की। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2012 से 2017 तक माध्यमिक शिक्षा में भर्ती प्रक्रिया लगभग ठप रही। इसके चलते विद्यालयों में हजारों पद रिक्त हो गए और विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी का सीधा असर पढ़ाई की गुणवत्ता पर पड़ा। योगी सरकार के गठन के बाद भर्ती को प्राथमिकता दी गई। पारदर्शी और मेरिट आधारित चयन प्रक्रिया अपनाते हुए अब तक प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) 27,297, प्रवक्ता 5,321 और प्रधानाचार्य के 783 पदों पर नियुक्ति हुई है। बड़ी संख्या में शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की नियुक्ति से स्कूलों में शैक्षणिक नेतृत्व मजबूत हुआ है।

अधिकारियों का कहना है कि इससे शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में गति आई है और स्मार्ट क्लास, प्ब्ज लैब, विज्ञान-कंप्यूटर प्रयोगशाला के सुदृढ़ीकरण जैसी पहलों को लागू करने में मदद मिली है। अधिकारियों के मुताबिक, रिक्त पदों को भरने के साथ नकलविहीन परीक्षा प्रणाली और डिजिटल शिक्षा पर जोर देकर माध्यमिक शिक्षा के आधार को और मजबूत किया गया है।

## यूपी स्वास्थ्य विभाग में हुआ बड़ा फेरबदल

लखनऊ, वार्ता

- डा. सचिन चन्द्र वैश्य गाजियाबाद के सीएमओ

यूपी सरकार की ट्रांसफर पॉलिसी के आखिरी दिन 31 मई यानी आज तक ही विभागीय तबादले होंगे। इसी के तहत चिकित्सा विभाग में भी बड़े स्तर पर ट्रांसफर किए गए हैं। प्रदेश के 23 जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को उनके स्थान से हटाकर नए स्थान पर तैनाती दी गई है। विशेष सचिव रवि रंजन की तरफ से सीएमओ के ट्रांसफर संबंधी आदेश जारी किए गए हैं।

डा. विकास शर्मा को बदायूं, डा. विनय कुमार को महोबा, डा. वेद प्रकाश को हाथरस, डा. सचिन चन्द्र वैश्य को गाजियाबाद, डा. सुखरंजन समदर को सीतापुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डा. अवधेश कुमार यादव को कानपुर सीएमओ की जिम्मेदारी दी गई है। डा. हरिनंदन प्रसाद को जालौन का सीएमओ बनाया गया है। डा. नीरज त्यागी को ज्वाइंट डायरेक्टर आगरा बनाकर भेजा गया है। डा. रमेश कुमार मिश्रा को सोनभद्र का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। डा. रंजन गौतम अब बाराबंकी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी होंगे। डा. अजय कुमार शर्मा को उन्नाव के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डा. अभय नारायण राय बलिया के सीएमओ होंगे। डा. अल्का शुक्ला को हमीरपुर का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। डा. उदयभान सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी फतेहपुर होंगे। डा. किशोर कुमार आहूजा हापुड़ के सीएमओ बनाए गए हैं।

## हिमाचल नगर निगम में भाजपा का परचम

शिमला, वार्ता



- मंडी, धर्मशाला, सोलन में शानदार जीत दर्ज की, कांग्रेस का पालमपुर पर कब्जा बरकरार

हिमाचल प्रदेश में रविवार को घोषित हुए नगर निगम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के चार नगर निगमों में से तीन में शानदार जीत दर्ज की और मंडी, धर्मशाला एवं सोलन पर कब्जा जमाया जबकि सत्तारूढ़ कांग्रेस पालमपुर में अपनी सीट बरकरार रखने में कामयाब रही।

इस परिणाम को मुख्यमंत्री सुखिवदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार और विपक्षी भाजपा के बीच 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले एक महत्वपूर्ण राजनीतिक रस्साकस्सी के रूप में देखा जा रहा है। हाल ही में संपन्न हुए नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों के विपरीत चारों नगर निगमों के चुनाव पार्टी चिन्हों पर लड़े गए थे। परिणामों के अनुसार भाजपा ने मंडी, धर्मशाला और सोलन नगर निगमों में स्पष्ट बहुमत प्राप्त कर लिया है जिससे राज्य में पार्टी का शहरी आधार मजबूत हुआ है। हालांकि, पालमपुर नगर निगम में कांग्रेस विजई रही, जिससे विपक्ष की पूर्ण विजय टल गई। ये नतीजे शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के दो सप्ताह बाद आए हैं, जिनमें भाजपा और कांग्रेस दोनों ने 25 नगर परिषदों और 22 नगर पंचायतों में जीत का दावा किया था, जहां चुनाव पार्टी लाइनों पर नहीं लड़े गए थे। नगर निगम चुनाव को ज्यादा प्रत्यक्ष राजनीतिक परीक्षा माना जा रहा है, क्योंकि उम्मीदवारों ने आधिकारिक पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ा था। जहां एक ओर मंडी, धर्मशाला और सोलन जैसे प्रमुख शहरों में भाजपा ने अपना समर्थन मजबूत किया है, वहीं पालमपुर में कांग्रेस के प्रदर्शन से संकेत मिलता है कि सत्ता विरोधी लहर का सामना करने के बावजूद सत्तारूढ़ पार्टी कुछ क्षेत्रों में अपना प्रभाव बनाए हुए है। नगर निगम चुनावों में भारी मतदान हुआ, जिसमें 17 मई को चारों नगर निगमों में 63.65 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। सभी नगर निगमों में पालमपुर में सबसे अधिक 68.97 प्रतिशत मतदान हुआ उसके बाद मंडी में 68.78 प्रतिशत एवं धर्मशाला में 60.01 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि सोलन में सबसे कम 58.32 प्रतिशत मतदान हुआ। इन नतीजों से राज्य में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है और दोनों प्रमुख दल इस फैसले को भविष्य के चुनावी मुकाबलों से पहले जनता की भावनाओं के संकेत के रूप में देख सकते हैं।

## ग्रामीण युवाओं को अब सिर्फ हुनर नहीं, व्यक्तित्व भी निखारेगा कौशल मिशन का नया कैलेंडर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण युवाओं को रोजगार के लिए सिर्फ तकनीकी प्रशिक्षण देने तक सीमित न रखते हुए अब उनके व्यक्तित्व विकास पर भी फोकस शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत चलने वाले सभी आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों के लिए सालभर का गतिविधि कैलेंडर जारी किया है। इस कैलेंडर के तहत हर महीने राष्ट्रीय दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता, उद्यमिता सत्र, डिजिटल साक्षरता और करियर वर्कशॉप आयोजित होंगे। करियर काउंसलिंग से लेकर अंग्रेजी बोलने और रिज्यूम बनाने की ट्रेनिग तक, युवाओं को कॉरपोरेट माहौल के हिंसाब से तैयार किया जाएगा। कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि अब ग्रामीण युवा सिर्फ तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि संवाद, नेतृत्व और आत्मविश्वास से भी सशक्त बनेंगे। मिशन निदेशक पुलकित खरे के अनुसार हर केंद्र में सांस्कृतिक, खेल, डिजिटल, साहित्य, पर्यावरण और उद्यमिता जैसे छह क्लब अनिवार्य होंगे, जिनमें छात्राओं और दिव्यांग प्रशिक्षुओं की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। कौशल मिशन का यह कदम युवाओं के लिए रोजगार के दरवाजे खोलने के साथ आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में बड़ी पहल मानी जा रही है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


सेंसेक्स 74775.74
निफ्टी 23547.75


सोना 156000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार


चांदी रु. 263000
प्रति किलो



## वैश्विक कारकों के साथ घरेलू आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

मुंबई, वार्ता



बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों के अलावा कुछ महत्वपूर्ण घरेलू आंकड़ों पर भी रहेगी।

पश्चिम एशिया संकट का असर तो शेयर बाजारों पर दिखेगा ही, मानसून की प्रगति, अप्रैल के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े, मई के पीएमआई के आंकड़े और वित्त वर्ष 2025.26 के जीडीपी के आंकड़े निवेश धारणा को काफी प्रभावित करेंगे। इसके अलावा रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद शुक्रवार को जारी बयान भी बाजार को दिशा देंगे। गत सप्ताह 28 मई को बकरीद का अवकाश होने के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। मौसम विभाग की कमजोर मानसून की भविष्यवाणी से शुक्रवार को बीएसई का सेंसेक्स लगभग 1,100 अंक लुढ़क गया। कुल मिलाकर चार दिन में यह 639.61 अंक यानी 0.85 प्रतिशत टूटा और सप्ताहांत पर 74,775.74 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 123.25 अंक (0.52 प्रतिशत) की गिरावट में शुक्रवार को 23,547.75 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार में निवेशकों का विश्वास बना रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.07 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.02 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में सप्ताह के दौरान 19 कंपनियों के शेयर गिरावट में रहे। आईटीसी ने सबसे ज्यादा 4.89 प्रतिशत का नुकसान उठाया। एचडीएफसी बैंक का शेयर 2.82 फीसदी, टीसीएस का 2.73, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 2.55, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.51, सन फार्मा का 2.40 और भारती एयरटेल का 2.23 प्रतिशत गिर गया। पावर ग्रिड में 1.56 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.54, ट्रेंट में 1.52, बीईएल में 1.36, बजाज फाइनेंस में 1.27, इंफोसिस में 1.25 और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.09 प्रतिशत की गिरावट रही। इंडिगो, आईसीआईसीआई बैंक और एनटीपीसी के शेयर भी नीचे बंद हुए। टेक महिंद्रा का शेयर सबसे ज्यादा 4.32 प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी में 3.81 फीसदी और इटरनल में 3.70 फीसदी की तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.77 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक का 1.57, एशियन पेंट्स का 1.26, बजाज फिनसर्व का 1.10 और मारुति सुजुकी तथा अडानी पोर्ट्स दोनों के शेयर 1.02 प्रतिशत ऊपर बंद हुए।

## चावल में साप्ताहिक गिरावट, दालों खाद्य तेलों के भाव में रहा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल का औसत भाव गिर गया। गेहूं और चीनी के भाव लगभग अपरिवर्तित रहे जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 12 रुपये टूटकर सप्ताहांत पर 3,837 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 2,794 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे का भाव छह रुपये बढ़कर 3,278 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान मसूर दाल की औसत कीमत 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 21 रुपये और 13 तुअर दाल 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल 29 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। बीते सप्ताह सरसों तेल की कीमत 91 रुपये और सोया तेल की 47 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 12 रुपये और सूरजमुखी तेल सात रुपये महंगा हुआ। पाम ऑयल 19 रुपये और मूंगफली तेल 11 रुपये प्रति क्विटंल फिसल गया। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 10 रुपये प्रति क्विटंल गिर गया। चीनी में कमोबेश टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7715.56 रुपये, मसूर काली 8100.31 रुपये, मूंग दाल 10192.26 रुपये, उड़द दाल 10854.15 रुपये, तुअर दाल 11256.56 रुपये प्रति क्विटंल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विटंल) गेहूं दड़ा 2794.07 रुपये और चावल 3837.40 रुपये प्रति क्विटंल और आटा (गेहूं) 3278.05 रुपये प्रति क्विटंल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4347.04 रुपये और गुड़ 5072.99 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 18057.66 रुपये, मूंगफली तेल 19045.74 रुपये, सूरजमुखी तेल 17550.03 रुपये, सोया तेल 15116.33 रुपये, पाम ऑयल 13633.84 रुपये और वनस्पति 15141.39 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## कृषि मंत्री ने खेत बचाओ अभियान के शुभारंभ से पूर्व किया वर्चुअल संवाद

नई दिल्ली, वार्ता



- सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की सहभागिता की अपील

मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से एक जून को होने वाले 'खेत बचाओ अभियान' के राष्ट्रीय शुभारंभ से पूर्व, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को देशभर के कृषि विज्ञान केंद्रों, आईसीएआर संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों और केंद्र व राज्य सरकारों के वरिष्ठ कृषि अधिकारियों के साथ ऑनलाइन मोड में बात करके इस अभियान को जनभागीदारी, वैज्ञानिक दृष्टि और राष्ट्रीय दायित्व के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया कि सिंह ने इस महत्वपूर्ण अभियान में शामिल होने के लिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से फोन पर चर्चा की और साथ ही वे केंद्रीय मंत्रियों और अन्य सभी जनप्रतिनिधियों से भी सहभागिता की अपील की है। इस अवसर पर चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि धरती को बचाने, खेती का भविष्य सुरक्षित करने और आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा करने का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने कहा कि बढ़ता तापमान, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का असंतुलित इस्तेमाल, मिड्डी के स्वास्थ्य में गिरावट और बदलते जलवायु संकट खेती के सामने गंभीर चुनौती बनकर खड़े हैं, इसलिए समय रहते व्यापक जागरूकता और हस्तक्षेप जरूरी है। चौहान ने बताया कि एक जून को रायसेन जिले के रामसिया गांव से प्रारंभ हो रहा राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग और मिड्डी परीक्षण, सॉयल हेल्थ कार्ड और प्राकृतिक खेती, फसल चयन और जल संरक्षण, हरी खाद और कम वर्षा की स्थिति में वैकल्पिक कृषि पद्धतियां, नकली खाद, बीज और पेस्टिसाइड की पहचान को लेकर जागरूकता का प्रसार किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल सलाह देना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि खेत स्तर पर डेमो, वैज्ञानिक प्रमाण और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से किसानों का विश्वास मजबूत करना होगा। केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिए कि देशभर में 30 जून तक का विस्तृत रोडमैप तैयार किया जाए, जिसमें यह स्पष्ट हो कि कौन अधिकारी, वैज्ञानिक, संस्थान या टीम किस तिथि को किस गांव में जाएगी।

## विकास छोड़ो, तिकड़म लगाओ: बीजेपी एमएलए

**गोपामऊ।** उत्तर प्रदेश के बीजेपी विधायक श्याम प्रकाश ने चुनाव जीतने की वजह सिर्फ विकास काम को नहीं बताया है। विधायक ने ग्राम प्रधानों को साम, दाम, दंड, भेद का इस्तेमाल करके चुनाव जीतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जितने भी संभावित तरीके हैं, आप सबका इस्तेमाल चुनाव जीतने में करिए।

गोपामऊ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक श्याम प्रकाश का मानना है कि चुनाव सिर्फ विकास के काम से नहीं, बल्कि 'तिकड़म 'से जीते जाते हैं। उन्होंने कहा कि विकास की वजह से वोट नहीं मिलते, मैंने भी विकास किया है, जिन गांव में मैंने सड़कें बनवाईं, उन बूथों से मुझे वोट नहीं मिले। बीजेपी विधायक गांव के प्रधान को चुनाव जीतने का नुस्खा बता रहे थे। बीजेपी विधायक ने ये संबोधन तब किया, जब उत्तर प्रदेश सरकार ने निवर्तमान ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त करने का फैसला किया। उन्होंने अगले चुनाव की तैयारी करने और सभी संभावित तरीकों को अपनाने की बात कही। उनके मुताबिक आप साम, दाम, दंड, भेद का इस्तेमाल करके चुनाव जीतें। निवर्तमान प्रधान, नई ग्राम पंचायतों के गठन तक या ज्यादा से ज्यादा छह महीने के समय तक पंचायतों के सामान्य प्रशासनिक मामलों को संभालते रहेंगे।

## मदरसा बोर्ड के मेधावी होंगे सम्मानित

### सरकार मौलवी व आलिम के टॉप-3 छात्रों को देगी टैबलेट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अमरोहा की उम्मुल खैर ने टॉप-3 में स्थान बनाया

**लखनऊ।** योगी सरकार वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगी। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षा के टॉप-10 छात्र-छात्राओं को लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। इनमें से दोनों वर्गों के टॉप-3 छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिया जाएगा।

इसके लिए जून के पहले सप्ताह में राजधानी लखनऊ में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश सरकार का उद्देश्य मदरसा शिक्षा को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी बनाना है, ताकि अल्पसंख्यक समाज के छात्र-छात्राएं मुख्यधारा से जुड़कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें। साल 2026 की उप्र. मदरसा बोर्ड परीक्षा में कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था, इसमें से 55,788 छात्रों ने परीक्षा पास की थी। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) की मेरिट सूची में टॉप-10 में पांच छात्र और पांच छात्राएं शामिल हैं। सभी टॉप 10 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। मुंशी/मौलवी वर्ग में चंदौली के मोहम्मद वसीम ने पहला, मीरजापुर के मोहम्मद कासिम अली ने दूसरा और गोरखपुर की शाइमा परवीन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं आलिम वर्ग में शीर्ष तीनों स्थानों पर छात्राओं ने कब्जा जमाया। वाराणसी की जुमी फरीन और शाइस्ता परवीन के साथ अमरोहा की उम्मुल खैर ने टॉप-3 में स्थान बनाया है। इन छात्र-छात्राओं को टैबलेट से सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश सरकार लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है कि अल्पसंख्यक समाज के छात्र आधुनिक शिक्षा से जुड़ें और समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए एक हाथ में कुरान और एक हाथ में कंप्यूटर के विजन को राज्य सरकार जमीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में मदरसों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और आधुनिक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि योगी सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मदरसा शिक्षा केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, क्योंकि यहां बड़ी संख्या में गरीब मुस्लिम परिवारों के बच्चे शिक्षा प्राप्त करते हैं।

# छात्राओं से मुख्यमंत्री ने किया संवाद

**सीएम ने बालिकाओं के साथ सुना प्रधानमंत्री के मन की बात का 134 वां संस्करण**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास की बालिकाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 134 वें संस्करण को सुना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को प्रेरित करने वाला एक सशक्त माध्यम बन गया है। प्रधानमंत्री विभिन्न क्षेत्रों की प्रेरणादायक कहानियों को साझा कर, अन्य लोगों को भी जनहित के कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नवाचार, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर निरंतर दिए जा रहे संदेश, समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बन रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री की प्रेरणा से उत्तराखंड में भी कई ऐसे लोग हैं, जो अपने कार्यों से समाज में बड़े-बड़े परिवर्तन ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने का कार्य भी कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने भीषण गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने और गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक उपाय अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने देशी एवं पारंपरिक पेयों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए आम सहित भारतीय फलों की विशेषताओं का उल्लेख भी किया। मुख्यमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के बाद नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास की छात्राओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से कार्यक्रम के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया और उनके विचार जाने। मुख्यमंत्री ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं अपनी रुचि के अन्य क्षेत्रों में भी सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक परिवर्तन बड़े बदलावों का आधार बनते हैं।

आपके अच्छे प्रयासों और कार्यों से अन्य लोग भी प्रेरित होकर जुड़ते हैं तथा समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। उन्होंने कहा निष्ठा और समर्पण के साथ किए गए अच्छे कार्य दूसरे लोगों के लिए भी उदाहरण बनते हैं। इस अवसर पर विधायक महंत दलीप सिंह रावत भी मौजूद थे।

# मदमहेश्वर में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे यात्री, मिला नया जीवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के दुर्गम हिमालयी क्षेत्र मदमहेश्वर में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे एक गंभीर रूप से बीमार यात्री को जिला प्रशासन रुद्रप्रयाग की त्वरित कार्रवाई, संवेदनशीलता और बेहतर समन्वय के चलते नया जीवन मिलने की उम्मीद जगी है।

प्रशासन द्वारा समय रहते किए गए सफल एयर रेस्क्यू अभियान के माध्यम से मरीज को सुरक्षित जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग पहुंचाया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार शिवा पुत्र कुलदीप सिंह (30 वर्ष) मदमहेश्वर मंदिर क्षेत्र में यात्रा के दौरान अचानक गंभीर रूप से अस्वस्थ हो गए। स्थिति इतनी गंभीर थी कि उन्हें दो बार हार्ट



अटैक आने की सूचना प्राप्त हुई। समुद्रतल से हजारों फीट ऊंचाई पर स्थित दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं का सीमित होना तथा सड़क संपर्क का अभाव मरीज की स्थिति को और अधिक चिंताजनक बना रहा था। चिकित्सकीय दृष्टि से प्रत्येक मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण था और किसी भी प्रकार की देरी जानलेवा साबित हो सकती थी।

मामले की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग विशाल मिश्रा ने स्थिति का तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र, स्वास्थ्य विभाग, हेली सेवा संचालकों एवं अन्य संबंधित एजेंसियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी के निर्देशन में सभी विभागों के बीच त्वरित समन्वय स्थापित किया गया और मरीज को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के लिए एयर रेस्क्यू की प्रक्रिया युद्धस्तर पर शुरू की गई। प्रशासन की सक्रियता और बेहतर प्रबंधन का परिणाम रहा कि अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद हेलीकॉप्टर को मदमहेश्वर क्षेत्र के लिए रवाना किया गया।

रेस्क्यू टीम ने गंभीर रूप से बीमार यात्री को सुरक्षित हेलीकॉप्टर में स्थानांतरित किया और सायं 06:03 बजे सफलतापूर्वक एयरलिफ्ट कर जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग पहुंचाया।

# जोशी ने सुना प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम का संस्करण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज अपने निर्धारित कार्यक्रमों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण को सुना।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भीषण गर्मी के समय स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, चोल. कालीन ताम्र पट्टिकाओं की स्वदेश वापसी तथा देश की प्राचीन धरोहरों के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। इसके साथ ही उन्होंने खगोल विज्ञान के प्रति युवाओं के बढ़ते आकर्षण, पर्यावरण संरक्षण, गंगा डॉल्फिन संवर्धन, जल संरक्षण तथा समाज सेवा से जुड़े प्रेरणादायी प्रयासों का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा



कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच, जनभागीदारी और राष्ट्रहित के कार्यों के लिए निरंतर प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री ने विभिन्न प्रेरक उदाहरणों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए विषय न केवल समाज को जागरूक करते हैं, बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति नागरिकों को संवेदनशील बनाने का कार्य भी करते हैं।

उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रधानमंत्री के आह्वान से प्रेरणा लेते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए।

# नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन का हुआ आगाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चमोली।** जनपद चमोली की सुरम्य एवं सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नीति घाटी में रविवार को 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' का भव्य शुभारंभ हुआ।

पर्यटन विभाग द्वारा भारतीय सेना एवं आईटीबीपी के सहयोग से आयोजित इस अनूठे आयोजन में देश के 28 राज्यों से आए 933 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। तीन दिवसीय इस आयोजन का उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना, स्थानीय संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाना तथा युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ काबीना मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री भरत सिंह चौधरी ने फ्लैग ऑफ कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सीमांत क्षेत्रों के समग्र




**सीमांत नीति घाटी में, देशभर से पहुंचे 933 प्रतिभागी, फिट इंडिया और सीमांत पर्यटन को नई उड़ान देने की पहल**

विकास और पर्यटन संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में यह आयोजन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 'फिट इंडिया' मुहिम को सीमांत क्षेत्रों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बना है। उन्होंने कहा कि सीमांत गांवों में पर्यटन गतिविधियों के विस्तार से स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और द्वितीय रक्षा पंक्ति के गांव और अधिक मजबूत होंगे।

जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़ ने बताया कि 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' का आयोजन 31 मई से 2 जून तक किया जाएगा। पहले दिन रिमखिम-नीति-मलारी 75 किलोमीटर अल्ट्रा रन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 117 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वहीं मलारी-नीति-मलारी 42 किलोमीटर अल्ट्रा रन में 118 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में 5, 10 एवं 21 किलोमीटर की हॉफ मैराथन स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। समापन अवसर पर गमसाली से मलारी के मध्य 30 किलोमीटर एमटीबी चौलेंज प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इससे पूर्व शनिवार रात्रि मलारी गांव में पर्यटन विभाग द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। लोकगायक किशन महिपाल ने अपने लोकप्रिय लो. कगीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागियों एवं स्थानीय लोगों ने देर रात तक उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री हरक सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल बर्त्वाल, महामंत्री अरुण मैठाणी, विनोद कनवासी, गृह सचिव शैलेश बगोली, सचिव पर्यटन धीराज गर्ब्याल, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, भारतीय सेना एवं आईटीबीपी के अधिकारी-जवान, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# केदारनाथ यात्रा में यातायात व शटल व्यवस्था पर प्रशासन का ध्यान केन्द्रीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा में प्रतिदिन बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए यात्रा व्यवस्थाओं को और अधिक सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने स्थानीय हितधारकों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग सुश्री नीहारिका तोमर के निर्देश पर आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता सोनप्रयाग के नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक नीलाभ खाली ने की।

बैठक में सोनप्रयाग टैक्सी यूनियन, व्यापार मंडल, स्थानीय व्यवसायियों तथा अन्य हितधारकों ने भाग लेते हुए यात्रा के दौरान सामने आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। बढ़ते यात्री दबाव, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, शटल संचालन, बाजार क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन तथा यात्रियों की सुविधा जैसे महत्वपूर्ण विषय बैठक के केंद्र में रहे।

प्रभारी निरीक्षक नीलाभ खाली ने कहा कि केदारनाथ यात्रा केवल



एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड की संस्कृति, आस्था और अतिथि सत्कार की पहचान है। ऐसे में प्रत्येक हितधारक की जिम्मेदारी है कि वह श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुविधाजनक और सकारात्मक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने में अपना सक्रिय योगदान दे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शटल सेवा को निर्बाध बनाए रखने के लिए टैक्सी यूनियन पर्याप्त संख्या में वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। वहीं पार्किंग स्थलों का बेहतर प्रबंधन करते हुए मुख्य मार्गों पर अनावश्यक वाहन खड़े करने पर रोक लगाने के लिए संयुक्त प्रयास किए जाएंगे।

यात्रा मार्ग और बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने तथा पैदल यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने पर भी विशेष बल दिया गया। श्रद्धालुओं को कतार व्यवस्था का पालन कराने, सही एवं समयबद्ध जानकारी उपलब्ध कराने तथा वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग यात्रियों के प्रति संवे. दनशील व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और राहत-बचाव वाहनों के लिए मार्ग को हर समय बाधारहित रखने का निर्णय लिया गया। साथ ही व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने, कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने और यात्रियों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने की अपील की गई।

बैठक में मौसम संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। टैक्सी यूनियन और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी कई व्यावहारिक सुझाव रखे, जिन पर सकारात्मक चर्चा करते हुए पुलिस प्रशासन ने संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया।

बैठक के अंत में सभी हितधारकों ने केदारनाथ यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल एवं टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष अंकित गैरोला, कोषाध्यक्ष तिवारी जी, अन्य पदाधिकारी तथा स्थानीय व्यवसायी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में स्थानीय संगठनों द्वारा नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीलाभ खाली का फूल-मालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

## गढ़वाल आयुक्त के एहतियातन केदारनाथ यात्रा को कुछ समय रोकने के निर्देश

**देहरादून।** लगातार हो रही बारिश और मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए गढ़वाल आयुक्त आनंद स्वरूप ने एहतियातन केदारनाथ यात्रा को कुछ समय के लिए रोकने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि मौसम की स्थिति सामान्य होने पर यात्रा सुचारु रूप से पुन: संचालित की जाएगी।

श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे यात्रा पर निकलने से पूर्व मौसम की ताजा जानकारी अवश्य प्राप्त करें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। अचानक बदलते मौसम के हालात के चलते प्रशासन ने यह कदम उठाया है।

# हयात सेंट्रिक और अंगीठी रेस्टोरेंट पर खाद्य सुरक्षा विभाग का बड़ा जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी में मानकों की अनदेखी कर संचालित हो रहे खाद्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने राजपुर रोड स्थित होटल हयात सेंट्रिक और नेहरू कॉलोनी स्थित अंगीठी रेस्टोरेंट में भारी अनियमितताएं पाए जाने पर कुल 4 लाख 50हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

एडीएम के के मिश्रा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने 12 अगस्त 2024 को राजपुर रोड स्थित मैसर्स 3बी श्री इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड (होटल हयात सेंट्रिक) का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान होटल के रसोईघर और भंडारण कक्ष में उपयोग के लिए रखी गई ऐसी खाद्य सामग्री मिली जिनकी मियाद (एक्सपायरी) समाप्त हो चुकी थी, जो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006



का सीधा उल्लंघन है। मामले में सुनवाई के बाद न्यायालय ने होटल प्रबंधन पर 1लाख50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं, नेहरू कॉलोनी स्थित मैसर्स अंगीठी रेस्टोरेंट के खिलाफ विभाग ने दो अलग-अलग मामलों में सख्त कार्रवाई की है। 20 अप्रैल 2022 को हुए निरीक्षण में रेस्टोरेंट के पास वैध खाद्य लाइसेंस नहीं मिला, कर्मचारियों के चिकित्सा प्रमाण पत्र नहीं थे और रसोईघर की फर्श व दीवारें बेहद गंदी पाई गईं। इसके अतिरिक्त, एक ऑनलाइन शिकायत के माध्यम से भोजन में सिगरेट के टुकड़े मिलने की पुष्टि हुई थी। इस गंभीर लापरवाही के चलते न्यायालय ने रेस्टोरेंट संच. ालक पर 1 लाख 50हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

अंगीठी रेस्टोरेंट के खिलाफ दूसरा मामला 25 फरवरी 2023 का है, जिसमें विभाग द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों के बावजूद रेस्टोरेंट ने धुंआ निकालने वाली चिमनी को सही स्थान पर स्थापित नहीं किया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियमों की शर्तों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने इस मामले में भी रेस्टोरेंट संचालक पर 1लाख50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई से शहर के अन्य खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है । कि जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी प्रतिष्ठान को भविष्य में भी बख्शा नहीं जाएगा

# भाजपा के लिए शुभ रहा है राहुल गांधी का उत्तराखंड दौरा: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उत्तराखंड दौरे पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस को उनके आने पर पुनर्विचार करना चाहिए, क्योंकि उनकी उपस्थिति हमेशा भाजपा के लिए ही लाभकारी साबित होती है। चूंकि देवभूमि की राष्ट्रवादी जनता लगातार सेना और सनातन का अपमान करने वाले को कभी बर्दास्त नहीं करती है। लिहाजा कोई भी बड़े से बड़ा नेता आए, कांग्रेस पार्टी को उत्तराखंड में अस्तित्व के लिए जूझना ही पड़ेगा।

विभिन्न माध्यमों से मीडिया के पूछे सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से सेना और सनातन विरोधी पार्टी है। जिसमें उनकी पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी का योगदान सबसे अधिक है। लिहाजा उनके आने से

**मंत्री बोले- सेना और सनातन विरोधी लोग देवभूमि में अस्वीकार्य, कांग्रेस पूरी तरह से सेना और सनातन विरोधी पार्टी**

प्रदेश कांग्रेस के नेताओं को खुशफहमी हो सकती है, लेकिन प्रदेश की प्रबुद्ध जनता को नही। क्योंकि राहुल और कांग्रेस पार्टी का सनातन एवं सेना विरोधी चाल, चरित्र और चेहरा सब देख चुके हैं। राज्य की सांस्कृतिक एवं राष्ट्र विरोधी जनता कभी ऐसे व्यक्ति पर विश्वास नहीं करने वाली है जो लगातार सेना का अपमान करते हों। वह सेना के ऑपरेशन को खून की दलाली कहते हैं और सेना के शौर्य पर सबूत चाहिए।

उत्तराखंड सैन्य बहुल प्रदेश है, जिसके युवाओं ने देश पर पीढ़ी दर पीढ़ी मर मिटना सीखा है वहां की देशभक्त जनता विपक्ष के ऐसे कायरों और मौकापरस्तों को कभी भी स्वीकार नहीं करने वाली है।

उन्होंने कहा कि हमारे राज्य को देवभूमि भी कहा जाता है, जहां से सनातनी विचारों एवं संस्कृति का संदेश दुनिया भर में जाता है। यहाँ के देवतुल्य लोग राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को कभी स्वीकार नहीं करने वाले हैं।

उन्होंने तंज कसा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को गलतफहमी हो सकती है कि राहुल के आने से राज्य में उनकी स्थिति में कोई सुधार आ सकता है। जबकि प्रदेश की जनता पूरी तरह स्पष्ट है कि सनातन और राष्ट्र विरोधी लोग उन्हे बर्दाश्त नही करेंगे। जहां तक भाजपा की बात है तो हम भी निश्चिंत है कि राहुल गांधी का आना हमेशा हमारी पार्टी के लिए शुभ होता है।

# उत्तराखण्ड के मातृ, नवजात, बाल स्वास्थ्य एवं पोषण संकेतकों में सुधार

**राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 में दर्ज की शानदार उपलब्धि**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 के नवीनतम निष्कर्षों में उत्तराखण्ड ने मातृ स्वास्थ्य, नवजात एवं बाल स्वास्थ्य, पोषण तथा गैर-संचारी रोगों से संबंधित कई प्रमुख संकेतकों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। यह उपलब्धि राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, सुदृढ़ स्वास्थ्य तंत्र तथा अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों के सतत प्रयासों का परिणाम है।

सर्वेक्षण के अनुसार मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण सुधार दर्ज किया गया है। प्रथम तिमाही में गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण की दर 68.8 प्रतिशत से बढ़कर 80. 6 प्रतिशत हो गई है। प्रसव पूर्व जांच कवरेज 91.8 प्रतिशत से बढ़कर 98.3 प्रतिशत, संस्थागत प्रसव 83. 2 प्रतिशत से बढ़कर 88.9 प्रतिशत

### स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: सीएम

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 के सकारात्मक परिणाम राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवाओं तथा स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पित प्रयासों का प्रतिफल हैं। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

तथा प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कराए गए प्रसव 83.7 प्रतिशत से बढ़कर 90.3 प्रतिशत हो गए हैं। प्रसव के दो दिनों के भीतर माताओं को प्रसवोत्तर देखभाल की उपलब्धता 78 प्रतिशत से बढ़कर 86.5 प्रतिशत हो गई है।

बाल स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में भी राज्य ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। जन्म के दो दिनों के भीतर नवजात शिशुओं को प्रसवा. त्तर देखभाल प्राप्त होने की दर 78.9 प्रतिशत से बढ़कर 86.7 प्रतिशत हो गई है। बच्चों में विटामिन-ए अनुप. रण 53.7 प्रतिशत से बढ़कर 59.9 प्रतिशत तथा 6 से 23 माह आयु वर्ग के बच्चों में पर्याप्त आहार प्राप्त करने की दर 12.2 प्रतिशत से

### प्रत्येक नागरिक तक समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार का लक्ष्य :सुबोध

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि यह उपलब्धि मातृ, नवजात, बाल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक तक सम्मानजनक, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में 108 आपातक. ालीन एम्बुलेंस सेवा, खुशियों की सवारी एवं विभागीय एम्बुलेंस सेवाओं के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

बढ़कर 19.2 प्रतिशत हो गई है।

टीकाकरण के क्षेत्र में भी उत्तराखण्ड ने महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की है। पूर्ण टीकाकरण प्राप्त करने वाले बच्चों का प्रतिशत 81.1 प्रतिशत से बढ़कर 86 प्रतिशत हो गया है। खसरा की दूसरी खुराक प्राप्त करने वाले बच्चों का प्रतिशत 71.3 प्रतिशत से बढ़कर 83.2 प्रतिशत तथा रोटावायरस वैक्सीन की तीनों खुराक प्राप्त करने वाले बच्चों का प्रतिशत 32.3 प्रतिशत से बढ़कर 92.8 प्रतिशत तक पहुंच गया है। कुपोषण से संबंधित संक. ेतकों में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिला है। बच्चों में स्टंटिंग 27 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत, वेस्टिंग 13.2 प्रतिशत से घटकर 11 प्रतिशत, गंभीर वेस्टिंग 4.7 प्रतिशत से घटकर 2 प्रतिशत तथा कम वजन वाले बच्चों का प्रतिशत 21 प्रतिशत से घटकर 19.6 प्रतिशत हो गया है।

# विकास के नाम पर विनाश: दो साल से टूटी सड़कों का दर्द झेल रहा हल्द्वानी

## मानसून से पहले हल्द्वानी बेहाल, सड़कें बनीं मुसीबत का सबब



**शाहवेज़ खान**

**शाह टाइम्स, हल्द्वानी।** कहने को महानगर लेकिन हल्द्वानी में मुख्य सड़कों और गलियों का हाल बद से बदतर होता जा रहा है। कभी वो दौर

- धूल, गड्ढे और बदहाली: आखिर कब सुधरेगा हल्द्वानी का हाल?
- मुख्यमंत्री के निर्देश बेअसर, सड़कों पर बदइंतजामी का राज
- शहर की गलियों का तो और भी बुरा हाल
- बारिश के मौसम की आहट से जनता टेंशन में

था जब हल्द्वानी की सड़कों की मिसाल दी जाया करती थी और लोगों के दिल सड़कों की खूबसूरती देखकर मचल जाया करते थे। सड़कों के किस्से सुने सुनाए जाते थे। आज तस्वीर पूरी तरह से बदल गयी है। विकास के नाम पर हल्द्वानी की सड़कें दो साल से महाविनाष झेल रही हैं।

सड़कों तथा गलियों का इस समय हाल यह है कि जैसे युद्ध क्षेत्र का हो जाया करता है। सीवर लाइन और पेयजल लाइन डालने के नाम पर खोदी गई सड़कें पिछले करीब दो साल से ज्यादा समय से खुर्दबुर्द हालत में पड़ी हैं। शहर का हर इलाका धूल, गड्ढों और बदइंतज़ामी की कहानी बयां कर रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह सब तब हो रहा है जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक-दो बार नहीं, बल्कि हर हल्द्वानी दौरे पर अधिकारियों को सड़कें दुरुस्त करने की सख्त हिदायत दे चुके हैं। लेकिन लगता है कि अफसरों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही। अब बरसात सिर पर है और शहर के सामने भयावह तस्वीर खड़ी दिखाई दे रही है।

हालात ऐसे बनने वाले हैं कि गलियों में गंदगी बजबजाएगी, बारिश के पानी के साथ मलबा लोगों के घरों तक पहुंचेगा और शहर की गलियां न तो गाड़ियों के चलने लायक बचेंगी और न ही पैदल चलने लायक। लोगों का कहना है कि प्रशासन ने अगर अभी भी आंखें बंद रखीं तो आने वाला मानसून हल्द्वानी की बदहाली को और ज्यादा नंगा कर देगा। भीषण गर्मी में उड़ती धूल ने भी लोगों की सेहत पर भयंकर तरीके से हमला करना शुरू कर दिया है। शहर के कई हिस्सों में धूल का गुबार इस कदर उड़ रहा है कि लोग डस्ट एलर्जी जैसी बीमारियों से जूझने लगे हैं। सांस लेने में लोग तकलीफ महसूस करने लगे हैं।

नाक और मुंह के रास्ते फेफड़ों तक पहुंच रही धूल लोगों के इम्यून सिस्टम को कमजोर कर रही है। बच्चों, बुजुर्गों और दमा के मरीजों के लिए यह स्थिति और ज्यादा खतरनाक बनती जा रही है। लेकिन परेशानी सिर्फ स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। खराब सड़कों ने अब लोगों की गाड़ियों को भी कबाड़ में बदलना शुरू कर दिया है।

शहरवासियों का कहना है कि टूटी-फूटी गलियों और उखड़ी सड़कों पर रोज चलने वाली गाड़ियां आखिर कितने दिन सही सलामत रहेंगी? सस्पेंशन टूट रहे हैं, टायर खराब हो रहे हैं और वाहन समय से पहले दम तोड़ रहे हैं। लोगों के बीच गुस्सा इस बात को लेकर भी है कि एक तरफ जनता लगातार महंगा पेट्रोल-डीजल भरवाकर सरकार की झोली भर रही है, दूसरी तरफ उसी जनता को अपनी जेब ढीली कर गाड़ियों की मरम्मत भी करवानी पड़ रही है। सवाल यह है कि टैक्स और तेल के रूप में मोटी रकम देने वाली जनता को आखिर बदले में मिल क्या रहा है? धूल, गड्ढों कीचड़ और बदहाल सड़कें? शहर के लोगों का कहना है कि जिले में बैठे बड़े-बड़े अफसरों और जिम्मेदार अधिकारियों तक शिकायतें पहुंचती जरूर हैं, लेकिन अक्सर बेहद हल्के, गुज़ारिशी और मिमियाने वाले अंदाज़ में, और सिस्टम की सच्चाई यही है कि जहां मांग करने वाली आवाज़ में दम नहीं होता, वहां सत्ता और प्रशासन सुनना भी जरूरी नहीं समझता। सबसे ज्यादा अफसोस की बात यह है कि शायद अब शहरवासियों को इन टूटी-फूटी सड़कों और बदहाल गलियों में जीने की आदत सी पड़ गई है। वरना हल्द्वानी की पहचान कभी ऐसी नहीं थी। इतिहास गवाह है कि यह शहर हमेशा अपने जीवंत मिजाज़ और जागरूक लोगों के लिए जाना जाता रहा है। लेकिन आज वही शहर धूल, गड्ढों और प्रशासनिक लापरवाही के बोझ तले कराहता नजर आ रहा है।

## रैली में बताए नशे के दुष्प्रभाव

**बागेश्वर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विवेकानंद विद्या मंदिर, मंडलसेरा के एनसीसी कैडेट्स ने तंबाकू एवं नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के लिए विशाल जागरूकता रैली निकाली। रैली का आयोजन एनसीसी अधिकारी कैप्टन शंकर रौतेला के निर्देशन में किया गया। रैली का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य एएस तोपाल एवं सह प्रधानाचार्य मनोज मेहता ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो, स्वस्थ भारत का यही आधार, तंबाकू मुक्त हो हर परिवार तथा नशा मुक्त युवा, राष्ट्र की शक्ति जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कैडेट्स ने विद्यार्थियों और आमजन को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों, जैसे कैंसर, हृदय रोग तथा श्वसन संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी दी।

# मेरगांव में बहुउद्देशीय शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तराखंड के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड लमगड़ा के राजकीय इंटर कालेज मेरगांव में रविवार को वृहद बहुउद्देशीय एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उत्तराखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आलोक मेहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, विधिक अधिकारों एवं कानूनों की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर के माध्यम से कुल 629 लोगों को लाभान्वित किया गया। न्यायमूर्ति आलोक मेहरा ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य आम नागरिकों को न्याय व्यवस्था से जोड़ना तथा उन्हें उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाना है। जिला न्यायाधीश श्रीकांत पांडे ने लोगों से ऐसे शिविरों का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।



सदस्य सचिव प्रदीप कुमार मणि ने प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने इंटर कालेज मेरगांव का भी निरीक्षण कर बाउंड्री वाल एवं मार्ग सुधारीकरण संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर में 200 छड़ियां, 100 श्रवण यंत्र, 25 कंबल, 50 वाटर प्यूरीफायर, तीन महालक्ष्मी किट, 100 नोटबुक एवं तीन व्हीलचेयर वितरित की गईं। बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने और फसल अवशेष न जलाने की अपील भी की गई। संचालन न्यायिक मजिस्ट्रेट रानीखेत सोनम रावत ने किया। कार्यक्रम में एसएसपी चंद्रशेखर आर. घोड़के, डीएलएसए सचिव अनामिका सिंह, सीडीओ रामजी शरण शर्मा, डीएफओ प्रदीप धौलाखंडी, सीएमओ डा. अरविंद पांगती, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष गजेंद्र मेहता सहित अन्य मौजूद रहे।

# माहरा की पुण्यतिथि पर फल वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** पूर्व विधायक एवं नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय पूरन माहरा की पुण्यतिथि पर रविवार को गोविंद सिंह माहरा नागरिक चिकित्सालय, रानीखेत में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर स्वर्गीय पूरन माहरा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य करन माहरा ने कहा कि स्व. पूरन माहरा केवल जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि जनमानस के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाजसेवा, जनकल्याण और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि



पूरन माहरा दूरदर्शी सोच वाले ऐसे नेता थे, जो हर वर्ग के लोगों के सुख-दु:ख में सदैव सहभागी बने रहे। माहरा ने कहा कि उनका सरल व्यक्तित्व, विनम्र व्यवहार और गरीबों के प्रति संवेदनशीलता उन्हें आम जनता के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय बनाती थी। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम मानते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास कार्यों को प्राथमिकता दी। उनके आदर्श और विचार आज भी नई पीढ़ी को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य कैलाश पांडेय, नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, अगस्त लाल साह, ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम अधिकारी, महिला जिला अध्यक्ष गीता पवार, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, कुलदीप कुमार, सोनू सिद्दीकी, दीप उपाध्याय, विजय तिवारी, दीपक पंत, विनीत चौरसिया, जिया खान, वसीम कुरैशी, पंकज गुरुरानी, संदीप बंसल, भूपेंद्र आर्या, चंद्र प्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे।

## रुक-रुककर हो रही झमाझम बारिश

**बागेश्वर।** जनपद में पिछले एक सप्ताह से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रुक-रुक कर हो रही झमाझम बारिश से जहां उमस भरी गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली है, वहीं नदी-नालों का जलस्तर भी बढ़ गया है। बीते मंगलवार शाम से जिले के विभिन्न हिस्सों में अंतराल के साथ बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के साथ तेज आंधी, तूफान और गरज-चमक होने से लोग सहमे हुए हैं। कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार शाम से रविवार सुबह करीब 11 बजे तक लगातार बारिश हुई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार सुबह से रविवार दोपहर तक रुक-रुक कर वर्षा होती रही। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

# मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने जागेश्वर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पनुवानौला में बिखरे कूड़े पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने कूड़ा प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्र में पार्किंग की आवश्यकता पर बल देते हुए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने को कहा। अरतोला पार्किंग में जिलाधिकारी ने यातायात, पार्किंग और स्वच्छता व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बढ़ती पर्यटक संख्या को देखते हुए उन्होंने लोक निर्माण विभाग को अरतोला पार्किंग को मल्टी स्टोरी पार्किंग के रूप में विकसित करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने शौचालयों की नियमित सफाई और कूड़ा निस्तारण



की व्यवस्था दुरुस्त रखने को भी कहा। अरतोला से जागेश्वर तक पैदल भ्रमण के दौरान उन्होंने मार्गीय व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। हुड़दंगियों, यातायात में बाधा डालने वालों और नियम उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के आदेश भी दिए। जागेश्वर मंदिर पहुंचकर जिलाधिकारी ने पूजा-अर्चना की तथा जनपदवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर पंडित-पुजारियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए सभी हितधारकों के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवकों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जागेश्वर मास्टर प्लान की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

# नगर पालिका परिसर में योग शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** आयुर्वेद विभाग के तत्वावधान में पर्यावरण मित्रों के स्वास्थ्य संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वराज भवन स्थित नगर पालिका परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने किया। इस अवसर पर सुरेश खेतवाल ने योग को स्वस्थ, सक्रिय एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए सभी नागरिकों से इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्राप्त होती है। योग अनुदेशक दीप जोशी ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। साथ ही उन्होंने नियमित योग करने से होने वाले शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक लाभों की विस्तृत जानकारी भी दी। कार्यक्रम में जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डा. निष्ठा शर्मा कोहली ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम पद्धति नहीं है, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की एक समग्र जीवनशैली है। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से व्यक्ति स्वयं को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बना सकता है। शिविर में पर्यावरण मित्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योगाभ्यास किया तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया कार्यक्रम का संचालन डा. एंजेल पटेल द्वारा किया गया।

# संस्कृत आधारित रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दूचौड़।** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज दौलिया में



प्रधानाचार्या डा. भारती नारायण भट्ट के निर्देशन में आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप में छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता जारी है। कैंप के तीसरे दिवस का शुभारंभ प्रार्थना एवं योगाभ्यास से हुआ। छात्राओं ने वाद्य यंत्रों के साथ प्रार्थना प्रस्तुत की तथा संस्कृत आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शिक्षिकाएं प्रियंका चम्याल, मोनिका किलकोटी एवं विजयलक्ष्मी बगोरिया मौजूद रहीं। चौथे दिवस की शुरुआत विभिन्न योगासनों एवं हास्यासन से हुई। छात्राओं ने शिक्षिकाओं के सहयोग से पारंपरिक स्थानीय व्यंजन तैयार किए, जिनमें झंगोरे की खीर, बेडू की रोटी, चावल की रोटी, बड़े, पूरी, रायता, चने की दाल, डोसा और चीला शामिल रहे। साथ ही स्थानीय मसालों की जानकारी ऑडियो-विजुअल माध्यम से दी गई। कैंप के दौरान रंगोली, मेहंदी, पोस्टर एवं रैंप वॉक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में नेहा प्रथम, अंजलि द्वितीय एवं योगिता तृतीय रही। रंगोली प्रतियोगिता में योगिता समूह ने प्रथम तथा गीता समूह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में रुचि प्रथम एवं तनुजा द्वितीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन रीता लसपाल, अभिलाषा कीर्ति, विधोत्तमा टम्टा एवं लीला तिवारी द्वारा किया गया।

# पीएम के 'मन की बात' सुनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुना। महापौर श्री बाली वार्ड 14, टांडा उज्जैन (बूथ क्रमांक 108) में पहुंचे और पूर्व पार्षद मनोज बाली के आवास पर सम्मानित क्षेत्रवासियों के साथ बैठकर मन की बात को सुना। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कल्पना राणा, पार्षद प्रिंस बाली, पूर्व पार्षद राज कुमार सेठी, अनुज मेहरोत्रा, मंडल मंत्री जितेंद्र सिंह, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष कार्तिक, राजीव खरबंदा, संजय भाटिया, सुनील बत्रा, सौरभ अरोरा, गौरव अरोरा, विनोद अरोरा, सिद्धांत चौहान समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके साथ ही महापौर ने पाल सभा समिति काशीपुर द्वारा आयोजित लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 301 वीं



जयंती के पावन अवसर पर महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और उनकी मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर राहगीरों को शरबत वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। महापौर ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जी का त्याग सेवा सुशासन और जनकल्याण के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के महामंत्री रविपाल, पाल सभा के अध्यक्ष अमरपाल, देशवीर पाल, महेश पाल, मुकुल पाल, कुंदन सिंह, संजीव पाल, सुभाष पाल सहित नगर व क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## छात्र संसद/कन्या भारती का गठन शपथ समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में छात्र संसद/कन्या भारती के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सत्यप्रकाश गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जीना ने छात्र संसद/कन्या भारती के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य त्रिवेन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या रेखा शर्मा एवं छात्र संसद प्रमुख आचार्य सोहन सिंह ने इस भव्य कार्यक्रम का सफल आयोजन एवं संचालन किया।

# यूपीएमएसआरए की नई कार्यकारिणी गठित

## हल्द्वानी इकाई का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को यूपीएमएसआरए हल्द्वानी इकाई का वार्षिक अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अधिवेशन में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत इकाई सचिव जिया उल हक द्वारा वार्षिक सचिव रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ हुई, जबकि कोषाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने आय-व्यय विवरण सदन के समक्ष रखा। दोनों रिपोर्टों पर विस्तृत चर्चा के बाद उपस्थित सदस्यों द्वारा उन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके पश्चात स्टेट कमेटी से आए ऑब्जर्वर रामेश्वर पांडे की निगरानी में आगामी सत्र के लिए नई



कार्यकारिणी का चुनाव कराया गया। यह निर्वाचन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ।

नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर विजय पांडे, उपाध्यक्ष सौरभ रस्तोगी, सचिव जिया उल हक, संयुक्त सचिव तन्मय जोशी तथा कोषाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव को निर्वाचित किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रवि कांडपाल, दिनेश सनवाल, गौरव बिष्ट, रविन्द्र सिंह, पंकज मेवाड़ी और पवन सिंह को शामिल किया गया। नई कार्यकारिणी द्वारा आगामी सत्र के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें प्रमुख रूप से हल्द्वानी में कार्यरत सभी दवा कंपनियों में तीन माह के भीतर काउंसिल सब-कमेटी के गठन का प्रस्ताव शामिल है। इसके अलावा अल्बर्ट डेविड में कार्यरत संघर्षरत साथियों को नियमित आर्थिक सहयोग देने, एसपीडी कार्यक्रम के विस्तार तथा 31 जनवरी 2027 तक 100 प्रतिशत सदस्यता नवीनीकरण सुनिश्चित करने का निर्णय भी लिया गया। नवनिर्वाचित सचिव जिया उल हक ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सदस्य हितों की रक्षा और संगठन के विस्तार के लिए कार्य करेगी।

**NAME CHANGE**

I **AKEELA** have changed my name from **AKILA BEGAM** to **AKEELA** hence forth I shall be known as AKEELA W/o MOHD KASAM R/o Vill-Hazeera, Banna Kheda Sani, Bazpur, Udham Singh Nagar, UK.

**NAME CHANGE**

I **JAFAR ALI** have changed my name from **JAPHAR ALAM** to **JAFAR ALI** hence forth I shall be known as JAFAR ALI S/o TASVEER AHMAD R/o Mundiya Pistaur, Bazpur, Udham Singh Nagar, UK.

# कैंची धाम क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कैंची धाम क्षेत्र में अवैध निर्माण, पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन और श्रद्धालुओं से हो रही कथित मनमानी वसूली के खिलाफ समाजसेवी विशाल वर्मा और पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में उन्होंने 27 मार्च 2026 को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपकर पांच सूत्रीय मांगें रखी थीं। समाजसेवी विशाल वर्मा के अनुसार जिलाधिकारी द्वारा उस समय मामले की जांच के लिए कमेटी गठित कर रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद अब 29 मई 2026 को उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य द्वारा कैंची धाम एवं आसपास क्षेत्र में एनजीटी नियमों के उल्लंघन पर बने लगभग 20 अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। प्रशासनिक आदेशों के अनुसार कैंची धाम क्षेत्र में शिप्रा नदी के किनारे स्थित होटल और रेस्टोरेंट सहित कई निर्माणों की जांच रिपोर्ट के आधार पर अवैध पाए जाने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार यह कदम पर्यावरण संरक्षण, नदी तट सुरक्षा और अनियंत्रित निर्माण गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। समाजसेवी विशाल वर्मा ने आरोप लगाया कि कैंची धाम क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं से होटल और रेस्टोरेंट संचालकों द्वारा अत्यधिक शुल्क वसूला जा रहा है। उनके अनुसार कमरे 4 से 5 हजार रुपये प्रतिदिन तक दिए जा रहे हैं।

# राहुल गांधी के अल्मोड़ा दौरे को ऐतिहासिक बनाने में जुटी युवा कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 4 जून को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रस्तावित अल्मोड़ा आगमन को ऐतिहासिक बनाने तथा कार्यक्रम में युवाओं और छात्रों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस नेता गोपाल भट्ट ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को अग्निवीर योजना, रोजगार, शिक्षा, पलायन, संविदा और आउटसोर्सिंग जैसी समस्याओं के खिलाफ एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का अल्मोड़ा आगमन उत्तराखंड के युवाओं के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का महत्वपूर्ण अवसर है। बैठक में युवा



कांग्रेस पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि 4 जून को बड़ी संख्या में युवा एवं छात्र कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी एकजुटता और ताकत का परिचय देंगे। वक्ताओं ने कहा कि रोजगार, शिक्षा, सम्मान और न्याय के मुद्दों को लेकर युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा। बैठक में प्रदेश महासचिव एवं जिला प्रभारी निकिता हावर्ड, अब्दुल रहमान, युवा कांग्रेस नेता गोपाल भट्ट, जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह फर्त्याल, जिला महासचिव दीक्षा सुयाल, पारस डसीला, रितिक नयाल, नगर अध्यक्ष गौरव जोशी, युवा कांग्रेस नेता आशीष हावर्ड, शिवम, अमन लटवाल, ललित अधिकारी, राज चौहान, रजत, मनीष, आर्यन, रोहित पंत, कमलेश बिष्ट, प्रदेश महासचिव प्रदीप बिष्ट, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व छात्रसंघ कोषाध्यक्ष विनय कनवाल, विधानसभा अध्यक्ष अल्मोड़ा विशाल कनवाल, पूरन रौतेला मौजूद रहे।

## लाठी-डंडों से पीटा, वृद्ध की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** घर के आगे खड़ी गाड़ी को हटाने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष ने पूरे परिवार को लाठी-डंडों व लोहे की रॉडों से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। इस हमले में एक वृद्ध की मौत हो गयी। नगर पालिका महुआखेड़ागंज के मौहल्ला जामा मस्जिद निवासी अनीस अहमद की आगामी 9 जून को दो भतीजियों की शादी होनी है। इस शादी की तैयारी को लेकर परिवार दहेज में देने के लिए कुछ सामान लाया गया था। इस सामान को घर में उतारने के लिए घर के दरवाजे पर पर्याप्त जगह न होने पर परिवार के मुखिया 70 वर्षीय अफजल अहमद पुत्र महबूब अली द्वारा उनके दरवाजे पर खड़ी एक स्कॉर्पियो गाड़ी को हटाने के लिए अपने पड़ौसियों से कहना महंगा पड़ गया। बताया जाता है कि गाड़ी स्वामी व उसके परिवार ने गाड़ी न हटाने की हठधर्मिता दिखाते हुए उनसे जमकर गाली-गलौच व मारपीट की। इसके कुछ देर बाद रात्रि करीब 11.30 बजे उक्त लोगों ने अफजल अहमद के परिवार पर लाठी-डंडों व लोहे की रॉडों से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें अफजल के सिर में लोहे की रॉड लगने से वह बुरी तरह लहूलुहान हो गये। जबकि उनके पुत्र कासम अली, अनीस अहमद, रिजवान, फुरकान व अफजल की पत्नी मसीतन के खुली व गंभीर चोट आने से उक्त पांचों भी गंभीर रूप से घायल हो गये। इस दौरान सूचना पर पहुंची पैगा चौकी पुलिस ने सभी घायलों को आनन-फानन में सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से अफजल अहमद की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया, जिस पर परिजन उन्हें मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी चिकित्सालय में ले गये। वहां भी आज अफजल अहमद की हालत चिंताजनक होने पर उन्हें अन्यत्र रैफर कर दिया। परिजन उन्हें एम्स ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि तभी अफजल की मृत्यु हो गयी।

# सीयूईटी पेपर लीक के विरोध में सरकार का पुतला फूंका

## यूथ कांग्रेस की पहली कार्यकारिणी बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन, राहुल गांधी के दौरे को लेकर भी बनी रणनीति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** युवा कांग्रेस महानगर हल्द्वानी की प्रथम कार्यकारिणी बैठक रविवार को कांग्रेस भवन स्वराज आश्रम में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, युवाओं की राजनी. तिक और सामाजिक भागीदारी बढ़ाने तथा जनहित के मुद्दों को लेकर आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में सीयूईटी परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। रविवार को कांग्रेस मुख्यालय स्वराज आश्रम में संपन्न हुई कार्यकारिणी बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि युवा कांग्रेस हमेशा युवाओं की आवाज बनकर उनके अधिकारों की






लड़ाई लड़ती रही है। रोजगार, शिक्षा, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता और बढ़ती महंगाई जैसे मुद्दे आज युवाओं के सामने बड़ी चुनौती बनकर खड़े है, जिनके समाधान के लिए संगठित संघर्ष जरूरी है। बैठक में आगामी चार जून को अल्मोड़ा के सिमकानी मैदान में प्रस्तावित लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जनसभा की तैयारियों को लेकर भी मंथन किया गया। कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर जनसभा को ऐतिहा. सिक बनाने का आहवान किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम की सफलता के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। बैठक के बाद विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में सीयूईटी परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंककर नारेबाजी की और परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं पर नाराजगी जताई। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि बार-बार होने वाले पेपर लीक से लाखों युवाओं के सपने टूट रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने में किल रही है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि युवाओं के अधिकार, रोजगार, शिक्षा और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था को लेकर संगठन का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। बैठक व पुतला दहन करने वालो में कांग्रेस जिलाध्यक्ष नैनीताल राहुल छिमवाल, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मधु सांगुड़ी, पूर्व सांसद महेंद्र पाल, हेमंत बगड़वाल, सुहेल सिद्दीकी, भागीरथी बिष्ट, नीमा भट्ट, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल भोजक, जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुमित कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष जूही चुफाल, प्रदेश महासचिव अनस हुसैन, स्वाति जोशी, दिग्विजय सिंह चौहान, अमन कुरेशी, फरमान, मनदीप सिंह गुजराल, नदीम सैफी, उमेश जोशी, उदित करायत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस और युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शहर में जागरूकता रैली

## बुद्धपार्क से कालूसाई मंदिर तक रैली, मेयर ने दिखाई हरी झंडी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर साथी संगठन द्वारा रविवार को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर गजराज सिंह बिष्ट द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया।

रैली तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क से कालूसाई मंदिर चौराहे तक निकाली गई। रैली से पूर्व बुद्धपार्क में गौरा महिला समूह, डेहरिया द्वारा तंबाकू निषेध विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि तंबाकू न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज और पर्यावरण को भी गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है। कार्यक्रम में संगठन के महासचिव लक्ष्मण सिंह गौनिया ने सभी अतिथियों, मातृशक्ति और युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस हमें तंबाकू और निकोटीन की लत से दूर रहकर एक स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। उन्होंने तंबाकू को ना, जीवन को हां का संदेश दिया। संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी एवं संस्थापक अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला द्वारा भी उनका अभिनंदन किया गया। रैली में प्रकाश अकादमी के छात्र, एनसीसी कैडेट्स, मातृशक्ति एवं संगठन के सदस्य शामिल रहे। छात्रों ने तंबाकू निषेध से संबंधित बैनर और तख्तियां लेकर जागरूकता संदेश दिए, जबकि गौरा समूह की महिलाओं ने वाहन पर झांकी के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया। रैली का समापन कालाढूंगी चौराहे स्थित कालू मंदिर पर हुआ। इस दौरान ललित जोशी, संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी, महासचिव लक्ष्मण सिंह गौनिया, संस्थापक अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला, संरक्षक एनबी गुणवंत, कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह खोलिया, विजय तिवारी, जीवन चन्द्र पंतोडा, शिवदत्त तिवारी रहे।

# जेवरात बनाने के नाम पर 5 लाख की ठगी का आरोप

## मुकदमा दर्ज कराने की फरियाद लेकर कोर्ट पहुंचा पीड़ित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जेवरात तैयार करने के नाम पर लाखों रुपये और पुराना सोना लेने के बाद दुकान बंद कर फरार होने के आरोप में एक व्यक्ति ने न्यायालय की शरण ली है। द्वितीय अपर सिविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी की अदालत में दायर प्रार्थना पत्र के माध्यम से आरोपी सुनार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार फतेहपुर गुजरौड़ा निवासी चंदन सिंह रावत ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि उन्होंने बाबा नीम करौली ज्वैलर्स में कार्यरत जयनाथ सोनी को 25 ग्राम सोने का पैंडल बनाने का ऑर्डर दिया था। इसके लिए उन्होंने अलग-अलग तिथियों में ऑनलाइन माध्यम से कुल 2.75 लाख रुपये का भुगतान किया। आदलत को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार 3 फरवरी 2025 को उन्होंने 18.850 ग्राम पुराना सोना भी आरोपी को सौंपा तथा नथ तैयार कराने के लिए 40 हजार रुपये दिए। इसके अलावा अन्य आभूषण बनवाने के नाम पर भी आरोपी ने उनसे धनराशि ली। मार्च 2025 में जेवर तैयार होने का भरोसा देकर आरोपी ने 85 हजार रुपये और ले लिए। पीड़ित का आरोप है कि भुगतान और सोना लेने के बावजूद आरोपी लगातार बहाने बनाता रहा। जब जेवरात अथवा धन. राशि वापस मांगी गई तो उसने दुकान में ताला लगा दिया और फरार हो गया। उसका मोबाइल फोन भी बंद बताया जा रहा है। चंदन सिंह रावत का कहना है कि आरोपी ने सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी कर उनसे कुल 5.10 लाख रुपये तथा 18.850 ग्राम पुराना सोना हड़प लिया। मामले की शिकायत 9 सितंबर 2025 को थाना मुखानी में की गई थी। इसके बाद क्षेत्राधिकारी और एसएसपी को भी प्रार्थना पत्र भेजे गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब पीड़ित ने न्यायालय से हस्तक्षेप कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

### रोजगार के मुद्दों पर मंथन

**हल्द्वानी।** कुमाऊं रेजिमेंट, नागा रेजिमेंट एवं कुमाऊं स्काउट्स के पूर्व सैनिकों की त्रैमासिक बैठक रविवार को लालपुर नायक स्थित कैप्टेन बहादुर सिंह महरा के आवास पर आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों के कल्याण, संगठनात्मक गति. विधियों तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मेजर केएस महरा ने की, जबकि कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष कैप्टेन एमएस राठौड़ ने किया। इस अवसर पर कर्नल बीएस रौतेला ने 83 वर्षीय वरिष्ठ पूर्व सैनिक कैप्टेन बहादुर सिंह महरा को कुमाऊं रेजिमेंट की कैप और टाई पहनाकर सम्मानित किया। कर्नल रौतेला ने बताया कि हल्द्वानी में पूर्व सैनिकों के लिए स्टेशन कैंटीन स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने सैनिक विश्राम गृह की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताई है।

# टेकचंद को एसएसपी ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस लाइन की परिवहन शाखा में तैनात मुख्य आरक्षी चालक टेक चंद का ड्यूटी के दौरान अचानक स्वास्थ्य खराब होने के बाद उपचार के दौरान निधन हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उनकी मृत्यु का कारण ब्रेन हैमरेज माना जा रहा है। उनके निधन से पुलिस विभाग में शोक की लहर है। रविवार को पोस्टमार्टम हाउस में एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ अमित कुमार, कोतवाल विजय मेहता सहित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिवंगत पुलिसकर्मी को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। एसएसपी ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त



की तथा विभाग की ओर से हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने आश्रितों को विभागीय सहायता एवं देयकों का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही अंतिम संस्कार के लिए तत्काल आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई गई। इसके बाद मुख्य आरक्षी चालक टेक चंद का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव बाजपुर के लिए रवाना किया गया, जहां पुलिस नियमों के तहत पूरे राजकीय सम्मान और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# फायर स्टेशन की त्वरित कार्रवाई से टला बड़ा हादसा

## ट्रांसफार्मर पोल पर गिर गया था विशालकाय पेड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कमलुवागांजा चौराहे पर बीते शनिवार देर रात ट्रांसफार्मर पोल पर विशालकाय पेड़ गिर जाने से क्षेत्र में हादसे की आशंका पैदा हो गई। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन हल्द्वानी की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। बता दें कि बीते शनिवार की रात करीब पौने दस बजे आधी



तूफान से कमलुवागांजा चौराहे के पास एक बड़ा पेड़ ट्रांसफार्मर पोल पर गिर गया है, जिससे दुर्घटना और यातायात अवरुद्ध होने का खतरा पैदा हो गया था। सूचना मिलते ही फायर सर्विस की टीम आवश्यक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मौके पर पहुंची फायर यूनिट ने स्काई लिफ्ट मशीन की सहायता से ऊंचाई तक पहुंचकर सावधानीपूर्वक पेड़ की कटाई की। टीम ने वुडन कटर का उपयोग करते हुए पेड़ की शाखाओं और तने को छोटे-छोटे हिस्सों में काटा तथा उन्हें सड़क से हटाकर मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित कर दिया। कार्रवाई के दौरान विद्युत संरचना और आसपास के क्षेत्र को नुकसान पहुंचाए बिना पूरे ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। फायर कर्मियों की सतर्कता और कुशलता के चलते संभावित दुर्घटना को समय रहते टाल दिया गया। पेड़ हटाने के बाद मार्ग को पूरी तरह यातायात के लिए खोल दिया गया। अभियान में टीम में एलएफएम अनुज शर्मा, डीवीआर श्याम सिंह नैनवाल, एफएम सुरेंद्र सिंह नबियाल और एफएम हीरा सिंह तोमक्याल शामिल रहे।

## साइबर ठगों ने मिनटों में उड़ाए 2.28 लाख, खाते में बचे सिर्फ 1600 रुपये

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साइबर अपराधियों ने एक युवक के बैंक खाते से कुछ ही मिनटों में 2.28 लाख रुपये से अधिक की रकम निकाल ली। घटना का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित के मोबाइल फोन पर लगातार बैंक लेनदेन के संदेश आने लगे। जब तक वह स्थिति को समझ पाता, उसके खाते में केवल 1600 रुपये शेष रह गए थे। पीड़ित ने पुलिस से ठगी गई रकम वापस दिलाने की मांग को लेकर तहरीर सौंपी। जानकारी के अनुसार जागेश्वर निवासी एवं वर्तमान में दोनहरिया क्षेत्र में रहने वाले नवीन भट्ट ने बताया कि बीती 29 मई की रात भोजन के बाद वह घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर एक के बाद एक कई बैंक संदेश आने शुरू हुए। शुरुआत में उन्होंने इन्हें सामान्य अलर्ट समझकर अनदेखा किया, लेकिन लगातार रकम कटने के संदेश मिलने पर उन्हें संदेह हुआ। खाते की जांच करने पर पता चला कि साइबर ठग कुल 2 लाख 28 हजार 500 रुपये निकाल चुके हैं। ठगों ने खाते में केवल 1600 रुपये छोड़े थे। पीड़ित ने बताया कि घटना के समय उन्हें साइबर अपराध की शिकायत दर्ज कराने की तत्काल प्रक्रिया की जानकारी नहीं थी, जिसके चलते वह उसी समय शिकायत नहीं कर सके। अगले दिन उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की। इधर साइबर सेल प्रभारी मीनू गौतम ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पीड़ित को सोमवार को साइबर सेल बुलाया गया है। बैंकिंग विवरण और शिकायत की जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीड़ित ने पुलिस से ठगी गई रकम वापस दिलाने की मांग की है।

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो शेयर करने पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के तहत प्राप्त एक टिपलाइन शिकायत के आधार पर बनभूलपुरा थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार बीती 29 मई को एसएसपी के माध्यम से साइबर सेल को एक शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में फेसबुक पर बाल यौन शोषण एवं दुरुपयोग सामग्री (सीएसईएएम) साझा किए जाने की सूचना दी गई थी। प्रारंभिक जांच में एक मोबाइल नंबर सामने आया। पता लगा यह मोबाइल नंबर नंबर नई बस्ती, हल्द्वानी निवासी 24 वर्षीय नासिर पुत्र मोहम्मद हुसैन के नाम पर है। साइबर सेल से मिली सीडी और दस्तावेजों की जांच के दौरान एक वीडियो फाइल तथा पीडीएफ दस्तावेज मिला। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने फेसबुक प्रोफाइल के माध्यम से 4 मार्च 2026 को कथित रूप से ऐसी सामग्री प्रसारित और वितरित की गई, जिसमें कामुक गतिविधि में एक बालक को दिखाया गया था। बनभूलपुरा कोतवाल डीएस फर्त्याल का कहना है कि यह कृत्य सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67-बी के अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ थाना बनभूलपुरा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# मीडियम पेसर टैलेंट हंट चयन परीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड द्वारा राज्य के सभी जनपदों में प्रतिभावान तेज गेंदबाज़ों की खोज के उद्देश्य से संचालित निशुल्क मीडियम पेसर टैलेंट हंट प्रोग्राम के अंतर्गत दो दिवसीय जीएनजी क्रिकेट एरिना हल्द्वानी में जिला नैनीताल का चयन एवं परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 30 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों का परीक्षण एवं मूल्यांकन क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड से आए चयनकर्ता पवन पाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों की गेंदबाज़ी तकनीक का बारीकी से आकलन करने के साथ-साथ उन्हें आधुनिक क्रिकेट में सफल तेज गेंदबाज़ बनने के लिए आवश्यक तकनीकी और



व्यावहारिक सुझाव भी दिए। पवनपाल ने खिलाड़ियों को रन-अप, गेंद की गति, स्विंग, नियंत्रण और मैच परिस्थितियों में प्रभावी गेंदबाज़ी के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। क्रिकेट जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में अंडर-19, अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय परीक्षण एवं आगे की चयन प्रक्रिया के अवसर प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के आनंद बिष्ट, नरेन्द्र अधिकारी, मनोज भट्ट, लीला कांडपाल, विजय आर्या और दिग्विजय कनवाल आदि मौजूद रहे।

### बारिश: बाउंड्री वॉल ध्वस्त

**हल्द्वानी।** भगवानपुर तल्ला क्षेत्र स्थित हरिप्रिया विहार फेस-2 में हुई भारी वर्षा के बाद एक बड़ा हादसा सामने आया है। बीते शनिवार की शाम तेज बारिश के चलते त्रिभुवन रावत के आवासीय भवन की खेत स्वामित्व सरदार जगजीत सिंह की ओर बनी बाउंड्री वॉल का लगभग 50 फीट हिस्सा पूरी तरह ध्वस्त हो गया। गनीमत यह रही कि घटना के समय कोई व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद क्षेत्रीय पार्षद चंद्र प्रकाश और पटवारी ने घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पटवारी ने क्षति का आकलन करते हुए आवश्यक रिपोर्ट तैयार की और आश्वासन दिया कि यह रिपोर्ट शीघ्र ही प्रशासन को भेजी जाएगी, ताकि आवश्यक कार्रवाई और राहत कार्य सुनिश्चित की जा सके।

# तीन पुलिस कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल पुलिस के तीन कर्मियों को रविवार को विभागीय सेवा पूर्ण होने पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कोतवाली हल्द्वानी के मीटिंग हॉल में आयोजित समारोह में एसपी संचार रेवाधर मठपाल ने उन्हें शॉल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान अधिका. रियों ने उनकी लंबी और सराहनीय सेवाओं की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की शुरुआत उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ के बधाई संदेश के साथ हुई। वहीं एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों के स्वस्थ और सुखमय जीवन की कामना की। सेवा. निवृत्त होने वालों में अपर उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह, कांस्टेबल अनिल कुमार भट्ट और अपर उपनि. रीक्षक गुसाई राम शामिल है। समारोह में तीनों कर्मियों ने अपने लंबे सेवा काल के अनुभव साझा किए और विभाग के साथ बिताए यादगार पलों को याद किया। एसपी संचार रेवाधर मठपाल ने कहा कि पुलिस विभाग को तीनों कर्मियों की सेवाओं पर गर्व है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। समारोह के अंत में नैनीताल पुलिस परिवार ने तीनों कर्मियों के योगदान के लिए आभार जताते हुए उनके स्वस्थ, सुखद और स मानपूर्ण जीवन की कामना की।

# मेधावी छात्रों का सम्मान, मेलोडी मिलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लायंस क्लब ग्रीन सिटी हल्द्वानी द्वारा आयोजित मेधावी छात्र अभिनंदन एवं मेलोडी मिलन समारोह शनिवार को गैस गोदाम रोड स्थित रिया पैलेस के विशाल सभागार में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में क्लब परिवार के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल 'गोल्डी', भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, नगर अध्यक्ष मधुकर श्रोतिया, क्लब सचिव निशुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राखी अग्रवाल तथा वरिष्ठ सदस्य




मुकेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सीबीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान रहा। क्लब परिवार से जुड़े चार मेधावी छात्रों को आकर्षक पुरस्कार, गोल्ड मेडल एवं सम्मान पत्र प्रदान कर 'लायंस प्रतिभा सम्मान-2026' से नवाजा गया। इस दौरान कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों की म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में निर्. कता सती, अक्षत अग्रवाल और आरुष गुप्ता विजेता रहे। वहीं महिलाओं के लिए आयोजित मेलोडी 'पानी में कॉइन डालो' प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट ने लायंस क्लब ग्रीन सिटी द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि क्लब समाज सेवा, शिक्षा और सामा. जिक जागरूकता के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। इस मौके पर प्रदीप अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, राकेश वर्मा, संजय गर्ग, अभिनव बिश्नोई, प्रेक्षा बिश्नोई, सुमित सिंघल, राखी अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, श्रीधर सती आदि मौजूद रहे।

# लंबित आदेशों के क्रियान्वयन पर हुआ विस्तृत मंथन

## खण्ड विकास अधिकारियों ने उठाए प्रशासनिक ढांचे से जुड़े मुद्दे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विकास खंड सभागार हल्द्वानी में जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास विभाग से जुड़े विभिन्न विभागीय संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभागीय संरचना को मजबूत करना, विभिन्न संवर्गों की समस्याओं पर चर्चा करना तथा वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर सुझाव प्राप्त करना रहा। बैठक में जिले के विभिन्न विकास खण्डों से आए ग्राम विकास अधिक. ारी, सहायक खण्ड विकास अधिक. ारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में विभागीय समन्वय, क्षेत्रीय स्तर पर कार्यप्रणाली और प्रशासनिक दायित्वों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान



विकास खण्ड भीमताल के खण्ड विकास अधिकारी हर्षित गर्ग ने ग्राम्य विकास विभाग की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 1952 में सामुदायिक विकास योजना की शुरुआत के बाद से खण्ड विकास अधिकारी क्षेत्र पंचायत सचिव की भूमिका निभाते हुए विकास कार्यों के संचालन में महत्वपूर्ण योगदान देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य गठन के बाद प्रशासनिक ढांचे में कई बदलाव हुए, लेकिन खण्ड विकास अधिकारियों ने सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा। बैठक में वर्ष 2023 में जारी एपीसी व्यवस्था से संबंधित आदेशों का भी उल्लेख किया गया। वक्ताओं ने कहा कि अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त की व्यवस्था के तहत प्लानिंग पूल्ड सिस्टम को मजबूत करने और रेखीय विभागों के समन्वय हेतु महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन उनका पूर्ण क्रियान्वयन अभी तक नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जनप्रतिनिधियों की राय और क्षेत्रीय अनुभव को भी शामिल किया जाएगा, ताकि विकास कार्य अधिक प्रभावी और पारदर्शी बन सकें। बैठक में डा. श्वेता, पंकज जोशी, तनवीर असगर, केएस सामंत, गिरीश पांडे, गोपाल सिंह शाही, प्रदीप कुमार पंत, हरीश नेगी, दीपक पांडे, सुनील चन्याल, सुन्दर बसेड़ा, जगदीश चंद्र पंत, संतोष कुमार, देशराज, राजदीप वर्मा, भूपेन्द्र सिंह मझगाई, रविंद्र बोरा, आशीष रावत सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# कुरियागांव में उपखनिज भंडारण व कांटे का विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लामाचौड़ क्षेत्र के कुरियागांव में आबादी के बीच उपखनिज भंडारण केंद्र और तौल कांटा स्थापित किए जाने की तैयारी का ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ेगा, खेती-किसानी प्रभावित होगी और भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाएगा। रविवार को गांव में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि एक व्यक्ति द्वारा भूमि लीज पर लेकर उपखनिज भंडारण और तौल कांटा स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है। यदि इसकी अनुम. ति दी जाती है तो आसपास रहने वाले लोगों को धूल और शोर प्रदूषण की समस्या का सामना करना पड़ेगा। साथ ही क्षेत्र की कृषि भूमि पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ग्रामीणों ने चिंता जताई कि भंडारण स्थल तक पहुंचने वाले भारी वाहनों की आवाजाही से स्कूली बच्चों और स्थानीय निवासियों की सुरक्षा पर खतरा मंडराएगा। उन्होंने खान विभाग, उपजिलाधिकारी हल्द्वानी और जिलाधिकारी नैनीताल से गांव के बीच इस प्रकार की गतिविधियों की अनुमति नहीं देने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि मांग पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। बैठक में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी लाखन चिलवाल, बाल किशन, विपिन चंद्र, नरेंद्र सिंह चिलवाल, रमेश पडलिया, राजू बिष्ट, किशन सिंह धामी, पंकज सिंह, विशाल बिष्ट, दयाल आर्या, वीरेंद्र सिंह धौनी, खेमकरन कांडपाल आदि लोग मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रेमजाल में फंसाकर किया दुष्कर्म

**■ बरेली के सगीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज**
**■ अश्लील वीडियो के दम पर ब्लैकमेल करने का भी आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एक युवती को प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म करने और बाद में अश्लील वीडियो के दम पर ब्लैकमेल करने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अभियुक्त के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता के बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात बरेली निवासी सगीर से हुई थी। सगीर ने उसे अपनी बातों में फंसाया और शादी का वादा किया। इस दौरान उसने युवती के साथ कई बार जबरन दुष्कर्म किया। जब पीड़िता ने सगीर से शादी करने की बात कही, तो उसके तेवर बदल गए। आरोपी ने न सिर्फ शादी से इनकार किया, बल्कि पीड़िता को चुप रहने के लिए मजबूर करने के उद्देश्य से उसके अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी सगीर के खिलाफ संबंधित कानूनी धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# अब प्रत्येक माह के अन्तिम शनिवार को होगा 'प्रभाग दिवस' का आयोजन

**■ वन क्षेत्रों के आस-पास के ग्रामवासियों की सुनी जाएंगी समस्याएं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा स्थानीय स्तर पर जन संवाद स्थापित करने एवं स्थानीय जनता के मध्य एक बैठक आयोजित कर उनकी समस्याओं को प्रमुखता से सुनने एवं उनके जल्द निराकरण के लिए प्रत्येक रेंज अन्तर्गत प्रत्येक माह के अन्तिम शनिवार को 'प्रभाग दिवस' आयोजित किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

कार्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी रेंज द्वारा आमडण्डा खत्ता वन परिसर में प्रभाग दिवस



कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त प्रभाग दिवस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जनमानस और वन विभाग के मध्य समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं का उचित समाधान किया जाना होता है। बैठक में बिजरानी रेंज के नवीन चन्द्र पाण्डे द्वारा आमडण्डा खत्तावा. सियों का प्रभाग दिवस कार्यक्रम में आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने बैठक के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए बताया गया कि प्रभाग दिवस कार्यक्रम वन विभाग एवं स्थानीय जन मानस के मध्य संवाद स्थापित करने का एक साधन है, जिसमें कि वन क्षेत्रों के आस-पास के ग्रामवासी पहुँचकर अपनी समस्यायें रख सकते है और विभागीय अधिकारियों और कर्मचरियों द्वारा उनका मौके पर निराकरण करने का प्रयास किया जाता है। आमडण्डा खत्ता के ग्रामवासियों द्वारा जलौनी लकड़ी एवं चारे के लिए वनों पर निर्भरता के सम्बन्ध में अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया।रेंजर नवीन चन्द्र पाण्डे द्वारा आमडण्डा खत्तावासियों को समस्याओं के निराकरण किये जाने के लिए नियमानुसार उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।आमडण्डा खत्ते में प्रभाग दिवस कार्यक्रम के दौरान खत्तावा. सियों द्वारा मुख्य रूप से बिजली, पानी, सड़क एवं सोलर फैन्सिंग आदि के सम्बन्ध में अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। इस दौरान रेंजर नवीन चन्द्र पाण्डे, रवि थपलियाल, दर्शन सिंह बिष्ट, मानसी अरोरा, मोहन उप्रेती आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कलम के योद्धाओं का हुआ सम्मान पत्रकारिता के प्रहरी हुए गौरवान्वित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सात पत्रकारों को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सूचना विभाग सभागार में चंपावत जिला पत्रकार संगठन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर दत्त पांडे ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की मजबूती का आधार हैं और समाज की आवाज बनकर जनहित के मुद्दों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाते हैं।



उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में निष्पक्ष पत्रकारिता बड़ी चुनौती है, बावजूद इसके पत्रकार समाज और जनसरोकारों के मुद्दों को मजबूती से उठाकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सूचना अधिकारी अनुज कुमार ने की। इस अवसर पर सतीश जोशी, हरीश पांडे, दीपक धामी, दीपक फुलेरा, ललित मोहन जोशी, पंकज पाठक एवं विनोद चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला पत्रकार संगठन के महामंत्री गिरीश बिष्ट ने किया। समारोह में संगठन के जिला अध्यक्ष चंद्र बल्लभ ओली सहित जिलेभर के पत्रकार मौजूद रहे।

### रीठा साहिब जा रहे श्रद्धालुओं के लिए लगा लंगर, पालिका अध्यक्ष जोशी ने की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** चकरपुर बाईपास पर गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब की यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं के लिए एक विशाल लंगर सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सामाजिक आयोजन में नगर पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने विशेष रूप से सहभागिता की। उन्होंने पूरी श्रद्धा और सेवा भाव के साथ श्रद्धालुओं को लंगर वितरित किया और क्षेत्र में आए यात्रियों का स्वागत-सत्कार किया। इस दौरान पालिका जोशी ने श्रद्धालुओं के सुखद, मंगलमय और सुरक्षित सफर की कामना की। उन्होंने कहा कि सेवा, समर्पण और मानवता की भावना हमारी गौरवशाली संस्कृति की असली पहचान है। ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में शामिल होकर समाज की सेवा करने का अवसर मिलना बेहद सौभाग्य की बात है। इस लंगर सेवा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने निस्वार्थ भाव से जुटे स्वयंसेवकों के कार्यों की जमकर सराहना की। स्थानीय निवासियों का कहना था कि इस तरह के आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना को मजबूती मिलती है। इस सेवा कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मनोज वाधवा, अमरजीत, जतिन ग्रोवर सहित कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



### एसएसपी ने 13 उप निरीक्षकों के बदले कार्य क्षेत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड में पुलिस प्रशासन को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरुस्त रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर अजय गणपति ने जिले में तैनात 13 उपनिरीक्षकों के स्थानांतरण के आदेश जारी किए हैं। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने तथा इसकी सूचना पुलिस कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने उप निरीक्षक अनुराग सिंह को कोतवाली खटीमा से वरिष्ठ उप निरीक्षक कोतवाली किच्छा, उप निरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप बिष्ट को पुलिस लाइन रुद्रपुर से एएनटीएफ रुद्रपुर, उप निरीक्षक विजय सिंह को शिकायत प्रकोष्ठ पुलिस कार्यालय से प्रभारी चौकी कलकत्ता फार्म, उप निरीक्षक मोहन चन्द्र जोशी को चौकी बगवाड़ा से कोतवाली रुद्रपुर, उप निरीक्षक प्रदीप शर्मा को पुलिस लाइन रुद्रपुर से कोतवाली गदरपुर, उप निरीक्षक नरेश पंत को पुलिस लाइन रुद्रपुर से चौकी रम्पुरा, उप निरीक्षक दीपक कौशिक को डीसीआरबी से एसओजी रुद्रपुर, उप निरीक्षक प्रदीप पंत को थाना पुलभट्टा से प्रभारी चौकी आदर्श कालोनी रुद्रपुर, उप निरीक्षक ओम प्रकाश को प्रभारी चौकी कलकत्ता फार्म से थाना पुलभट्टा, उप निरीक्षक सौरभ भारती को कोतवाली ट्रांजिट कैम्प से प्रभारी चौकी शिवराजपुर पट्टी, उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह खत्री को प्रभारी चौकी बाजार से कोतवाली ट्रांजिट कैम्प, महिला उप निरीक्षक नीलम मेहरा को कोतवाली किच्छा से कोतवाली रुद्रपुर तथा उप निरीक्षक प्रदीप कोहली को प्रभारी चौकी शिवराजपुर पट्टी से प्रभारी चौकी बाजार स्थानांतरित किया है।

### इंटर-स्कूल बास्केटबाल टूर्नामेंट का किया गया भव्य आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम हिम्मतपुर ब्लॉक, पीरूमदारा रामनगर स्थित ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल में द्वि-दिवसीय इंटर-स्कूल बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के 10 प्रतिष्ठित विद्यालयों की कुल 25 टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट ने खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान किया।प्रतियोगिता में अंडर-16 गर्ल्स वर्ग की 4 टीमों, अंडर-19 गर्ल्स वर्ग की 4 टीमों, अंडर-16 बॉयज वर्ग की 8 टीमों तथा अंडर-19 बॉयज वर्ग की 9 टीमों ने भाग लिया।फाइनल मुकाबलों के परिणाम अंडर-16 गर्ल्स वर्ग में ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल ने शिवालिक होली माउंट स्कूल को 10-02 के स्कोर से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।अंडर-19 गर्ल्स वर्ग में ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल ने एल.एस. स्कूल को रोमांचक मुकाबले में 11-10 के स्कोर से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।अंडर-16 बॉयज वर्ग में मारिया असम्प्टा स्कूल ने विजन वैली स्कूल को 32-14 के स्कोर से हराकर चौंपियनशिप अपने नाम की।

अंडर-19 बॉयज वर्ग में ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल ने शिवालिक होली माउंट स्कूल को 14-10 के स्कोर से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की।मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयरअंडर-16 गर्ल्स ख़ वैदावली ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल,अंडर-19 गर्ल्स सोनाक्षी ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल,अंडर-16 बॉयज ख़ अथर्व विजन वैली स्कूल,अंडर-19 बॉयज ख़ रुद्रांश चंद्रा ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल, इमर्जिंग प्लेयर अवार्ड, सिमरन ग्रीन फील्ड अकादमी, कामना स्ट्राटन वर्ल्ड स्कूल, टॉप स्कोरर अवार्ड अंडर-16 गर्ल्स इशिका चौधरी ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल,अंडर-19 गर्ल्स ख़ मीनाक्षी ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल,अंडर-16 बॉयज ख़ वैभव मारिया असम्प्टा स्कूल,अंडर-19 बॉयज दिग्विजय छावनी चिल्ड्रन्स अकादमी ने जीत दर्ज की। समापन समारोह में ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. प्रसून श्रीवास्तव ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करते हैं।

# डीएम की तत्परता से खुला पूर्णागिरि मार्ग, मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चंपावत।** टनकपुर क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते माँ पूर्णागिरि यात्रा मार्ग के बाटनागाड़ क्षेत्र में अचानक मार्ग बाधित हो गया, जिससे यात्रियों और श्रद्धालुओं की आवाजाही प्रभावित होने लगी। मामले की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी मनीष कुमार ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और युद्धस्तर पर मार्ग को खोलने का कार्य शुरू किया। विभागीय अधिकारियों की निगरानी में अवरुद्ध मार्ग को शीघ्र ही सुचारु



कर दिया गया। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि बाटनागाड़ में आई बाधा को हटा दिया गया है तथा माँ पूर्णागिरि मुख्य मोटर मार्ग पर वाहनों और श्रद्धालुओं की आवाजाही पूरी तरह सुरक्षित एवं सामान्य हो गई है। मार्ग खुलने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली।

प्रशासन ने कहा है कि यात्रा मार्ग पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि माँ पूर्णागिरि धाम आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# ऐतिहासिक होगा राहुल गांधी का उत्तराखण्ड दौरा: हिमांशु

**■ अल्मोड़ा की जनसभा में उधम सिंह नगर से भी पहुंचेंगे हजारों कार्यकर्ता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का आगामी उत्तराखण्ड दौरा प्रदेश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। यह दौरा न केवल कांग्रेस संगठन को नई मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति तय करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। यह बात कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने शुक्रवार को सिटी क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

हिमांशु गावा ने बताया कि राहुल गांधी का दो दिवसीय उत्तराखण्ड दौरा पूरी तरह तय हो चुका है। चार जून को राहुल गांधी अल्मोड़ा में आयोजित विशाल जनसभा और रैली को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ केंद्रीय एवं प्रदेश स्तरीय नेता भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कुमाऊं मंडल के विभिन्न जिलों से हजारों कार्यकर्ता रैली में भाग लेने पहुंचेंगे और इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि उधम सिंह नगर जनपद से भी हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी अल्मोड़ा के लिए रवाना होंगे। इसके लिए पार्टी संगठन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रत्येक ब्लॉक, नगर और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कार्यकर्ताओं से लगातार संपर्क किया जा रहा है और रैली में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बैठके आयोजित की जा रही हैं।

प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, महानगर अध्यक्ष ममता रानी, संदीप चीमा, उमा सरकार, सतीश कुमार, बाबू विश्वकर्मा, मोहन भारद्वाज, इंद्र रौतेला, नवीन खेतवाल, हरि अधिकारी, योगेश चौहान, ममता हालदार, नारायण सिंह बिष्ट समेत कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय ऑर्गेनिक समर कैंप का समापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पीएम श्री नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआडाबरा में पांच दिवसीय ऑर्गेनिक समर कैंप का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम की सराहना की। साथ ही उन्होंने ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से विद्यार्थियों में चौमुखी विकास की बात भी की। उधर उन्होंने इसी विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने योगासन के साथ ही विभिन्न मनोरंजात्मक खेलों का भी आयोजन किया। शिविर के विज. ेताओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

रविवार को ऑर्गेनिक पांच दिवसीय समर कैंप में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी हरिबाबू निरंजन व प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कैंप के प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को प्रति दिन कार्यक्रम के सिलेबस के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उनके द्वारा योगासन, विभिन्न खेल तथा पर्यावरण संतुलन व सामाजिकता, नैतिकता समेत अन्य प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। उन्होंने कैंप के अलावा अन्य कार्यक्रमों का भी सुक्ष्मता के साथ अवलोकन किया। उधर विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल द्वारा सभी अतिथियों का अंग वस्त्र धारण करा अभिवादन किया। साथ ही उन्होंने विभाग द्वारा ऐसे कार्यक्रम आयोजन से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और भविष्य को साधने पर बल दिया।

उन्होंने बताया कि विद्यालय के कुशल प्रशिक्षकों द्वारा पांच दिवसीय कार्यक्रम का बड़ी सफलता के साथ समापन किया। इससे पूर्व राजस्थानी, पहाड़ी, पंजाबी व देश भक्ति आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जबरदस्त प्रस्तुति की । जिसमें सोनी प्रथम, यामिनी व शालिनी दुसरे व रीना तृतीय स्थान पर रही। वही चित्रकला प्रतियोगिता में निधि जोशी, स्थानीय लोक कला ऐंपण स्पर्धा में सोनी अव्वल रही। विज. ेताओं को खंड शिक्षा अधिकारी हरिबाबू निरंजन व प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल ने संयुक्त रूप से शील्ड देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम का संचालन चेतन चौहान ने किया।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी हरिबाबू निरंजन, प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल, शारी. रिक शिक्षक राजेश चौधरी, चेतन चौहान, अरुण कुमार वर्मा, मो. निका, मीनाक्षी चौहान, मनोज कुमार, राजीव कुमार, अरुण, समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

खटीमा। ग्राम सभा खालीमहुवट, झनकईया स्थित बूथ पर प्रधानमंत्री के मन की बात के 134 वें एपिसोड को सामूहिक रूप से सुना गया।

प्रधानमंत्री ने मन की बात में देश. हित, समाज सेवा, स्वच्छता, नवाचार एवं आत्मनिर्भर भारत से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए जिसको भाजपा कार्यकर्ताओं ने ध्यान से उत्साह पूर्वक सुना। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है।

प्रधानमंत्री के विचार समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे बढ़ने और देश के विकास में योगदान देने की प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, मनोज शाही, रंदीप पोखरिया, ललित जोशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर उत्तराखण्ड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बाजपुर इकाई द्वारा बाजपुर चीनी मिल गेस्ट हाउस में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों को सम्मानित करते हुए हिन्दी पत्रकारिता के महत्व एवं समाज में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसएसआई विक्रम सिंह धामी उपस्थित रहे। यूनियन पदाधिकारियों ने उन्हें बुके भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार अमित सैनी को भी शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का



संचालन पत्रकार विशेष चंद्र शर्मा ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा क्षेत्र के विभिन्न पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रमेश चंद्रा, विशेष शर्मा, भूपेश चंद्रा, हरीश सैनी, मोहम्मद सईद, राज ठाकुर, दीप शर्मा, दीपक चौधरी, रक्षपाल, रेनू शर्मा, अजय सैनी, महफूज, सलमान, मो. फईम, शहजाद आलम सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने देश में जनजागरण, सामाजिक सरोकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पत्रकारों ने निष्पक्ष एवं जनहितकारी पत्रकारिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# मांस फेंकने का आरोपी पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कोतवाली पुलिस ने रुद्रपुर के भूतबंगला में वाल्मीकि मंदिर गेट पर मांस फेंक माहौल खराब करने के प्रयास के आरोपी पुलिस कर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया।

भूतबंगला निवासी भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज जिलाध्यक्ष विजेन्द्र पुत्र राजेंद्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि भूतबंगला में एक मन्दिर स्थित है उसके पास में कुछ मुस्लीम समाज के लोग रहते है। वहीं पर मन्दिर के गेट के अजीम नामक व्यक्ति रहता है जो अपने आप को उत्तराखंड पुलिस का बताता है। आरोप है कि शुक्रवार को उक्त अजीम ने अपने घर के सामने बकरे की कुर्बानी की और बकरे के अवशेष मलवा पवित्र भगवान बाल्मीकि मन्दिर के मुख्य गेट पर फेंका दिया।

बताया कि कालोनी के लोगो के विरोध करने अजीम गाली गलौच व जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि बाद में उत्तराखंड पुलिस में हूं मेरा कुछ नहीं बिगाड सकते। उसके इस कृत से समाज में दंगा जैसी स्थिति पैदा हो सकती है।



उन्होंने पुलिस से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्रवाई की मांग की। कोतवाल प्रकाश दानू ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया।

# एमपी आईसी शक्ति केन्द्र की मासिक बैठक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के एमपी आईसी शक्ति केन्द्र की मासिक बैठक भाजपा के नगर महामंत्री नवीन करगेती के प्रतिष्ठान में संपन्न हुई। जिसमें शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष शक्ति केंद्र में निवास करने वाले पदाधिकारी, संस्कृति एवं साहित्य परिषद की प्रदेश सदस्य ने भागेदारी की।

इस अवसर पर बूथ कमेटियों को मजबूत करने और भाजपा सरकार की जनकल्याण की नीतियों को शक्ति केंद्र स्तर पर घर-घर पहचाने के लिए बूथ स्तर पर कार्य करने की क्षमता और संगठन को मजबूत करने के लिए कहा गया है।

इस दौरान शाक्ति केन्द्र प्रभारी आशा बिष्ट, भाजपा नगर महामंत्री नवीन करगेती, भाजपा नेत्री भावना भट्ट, बंटी राजपूत, दीपक शर्मा, अन्जू सुन्दरियाल, अशीष अरोडा आदि मौजूद रहे।

# आरएएन पब्लिक स्कूल में आयुष विभाग का योग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत आयुष विभाग की ओर से आरएएन पब्लिक स्कूल में योग जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को योग, आयुर्वेद और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था।

योग अनुदेशक तरुण सिंह ने योगासनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया और उनके स्वास्थ्य संबंधी लाभों की जानकारी दी। वहीं डॉ. वीरेंद्र सिंह रौतेला ने दिनचर्या, ऋतुचर्या और संतुलित आहार-विहार पर जोर दिया। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आलोक कुमार शुक्ला के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में अपर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. दीपक सरकार, जिला नोडल अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह रौतेला, सहायक जिला नोडल अधिकारी राहुल पुरोहित, योग अनुद. ेशक तरुण सिंह, चेयरमैन विंग कमांडर एचके राय, डायरेक्टर मोहि. हत राय, एडमिनिस्ट्रेटर निधि राय, प्रधानाचार्या मुक्ता शर्मा, शैक्षणिक समन्वयक बीनू यादव, जसप्रीत कौर और मनप्रीत कौर रहे।

# दरी पर बैठकर डीएम ने सुनीं ग्रामीणों की पीड़ा

- चौपाल में समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश
- जौल गांव में आयोजित चौपाल में सड़क, बिजली, पानी और फसलों की सुरक्षा के मुद्दे उठे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 'आदर्श चम्पावत' और 'सरकार जनता के द्वार' विजन को धरातल पर उतारते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार विकासखंड चम्पावत की ग्राम पंचायत जौल पहुंचे, जहां सिद्धपीठ बाबा मंदिर परिसर में आयोजित चौपाल में उन्होंने ग्रामीणों के बीच दरी पर बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दे जिलाधिकारी के समक्ष रखे, जिनके समाधान के लिए उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

ग्रामीणों की ओर से दीपा जोशी ने जंगली जानवरों से फसलों को हो रहे नुकसान का मुद्दा उठाते हुए घेरबाड़ की व्यवस्था किए जाने की मांग की। इसके अलावा ग्रामीणों ने विद्युत, पेयजल और सड़क संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग रखी। ग्रामीणों ने सिद्धपीठ बाबा मंदिर के सौंदर्यीकरण और मंदिर परिसर में स्थापित ट्रांसफार्मर को अन्यत्र स्थानांतरित करने का अनुरोध भी किया। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। चौपाल के दौरान राजकीय इंटर कॉलेज सूखीढांग की कक्षा 12वीं की मेधावी छात्रा पूर्णिमा आर्या ने उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इस पर जिलाधिकारी ने छात्रा को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जनपद में संचालित 'नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त देवभूमि' अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की अभिनव पहल के तहत 'मुख्यमंत्री संस्कृति संवर्धन पहल-कला, परंपरा और पहचानष कार्यक्रम के अंतर्गत गौरा मैया कीर्तन मंडली, जौल को संस्कृति संवर्धन किट प्रदान की गई। इस दौरान खंड विकास अधिकारी अशोक अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल, राजस्व उपनिरीक्षक दीपा जोशी, रेनू सामंत, द्रोपती देवी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पेड़ से लटका मिला तीन दिन से लापता सिडकुल कर्मी का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शक्तिफार्म।** तीन दिन से लापता सिडकुल कर्मी का शव पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम निर्मलनगर निवासी 26 वर्षीय हर्षित साना पुत्र हरेंद्र साना गुरुवार से लापता था। शनिवार को मवेशी चराने गए एक व्यक्ति ने बैगुल नदी के किनारे सिडकुल फेस-2 क्षेत्र में एक शव पेड़ से लटका देखा। उसने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त हर्षित साना के रूप में की और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

हर्षित का विवाह चार माह पूर्व ही हुआ था। वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था और सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत था। उसके पिता गांव में दुकान चलाते हैं। इकलौते पुत्र की मौत खबर से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

शक्तिफार्म चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## एक नजर

### शिक्षा में डिजिटल परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उभरती प्रौद्योगिकियों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** हेमवती नन्दन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार, आईएसईए तथा छवि फाउंडेशन द्वारा आयोजित विद्यालयी शिक्षा में डिजिटल परिवर्तन और उभरती प्रौद्योगिकियां, उच्च शिक्षा में उभरती तकनीकियां, एआई, साइबर हाइजीन, एफएलएन, एआर/वीआर, वर्चुअल लैब, गेमीफिकेशन आदि विषयों पर देशभर के प्रमुख शिक्षाविदों एवं शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

सेक्रेटरी डा. अतुल बमराड़ा के संचालन में कन्वीनर प्रोफेसर अनिल नौटियाल ने सभी प्रतिभागियों एवं शिक्षाविदों का स्वागत किया। उद्घाटन सत्र में आईआईटी खड्गपुर के प्रोफेसर अवनीश भट्ट ने इस महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार की उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए। अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ नॉम फैन के प्रोफेसर शाद अहमद खान ने की नोट स्पीकर के रूप में वर्तमान में तकनीकी की आवश्यकता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। एलपीयू पंजाब से प्रोफेसर रतनदीप सिंह, यूपीईएस देहरादून यूनिवर्सिटी से डॉ इश्तियाक अहमद, यूओयू विश्वविद्यालय से डॉ कल्पना पाटनी लखेड़ा, सेकेंडरी एडुकेशन उत्तराखंड से आसीईटी एक्सपर्ट प्रकाश चन्द्र उपाध्याय आदि ने विभिन्न सत्रों में सेशन चेयर की भूमिका निभाई तथा विभिन्न तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता की। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में देश विदेश के 408 से अधिक शोधार्थियों के शोध पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से तीन चरणों की चयन प्रक्रिया के उपरांत 65 शोध पत्रों का चयन प्रस्तुतिकरण हेतु हुआ। प्रमुख शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

# भव्य निशान यात्रा में उमड़े श्याम भक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** श्री श्याम जी परिवार एवं श्री श्याम जी परिवार महिला मंडल के तत्वावधान में रविवार को बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली गई।

यात्रा श्री खाटू श्याम मंदिर, गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुन: मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि सोमवार को श्री खाटू श्याम मंदिर, गल्ला मंडी में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया जाएगा। इस दौरान अलौकिक शृंगार, छप्पन भोग, अखंड ज्योति एवं इत्र वर्षा का आयोजन किया जाएगा। रात्रि आठ बजे से आयोजित भजन संध्या में आयुष सोमानी (जयपुर), कुणाल म्यूजिकल ग्रुप (बाजपुर) तथा कान्हा व्यास (ग्वालियर) भक्ति रस की अमृत वर्षा करेंगे।

निशान यात्रा में अध्यक्ष रमेश जायसवाल, महामंत्री अमन गुप्ता, कोषाध्यक्ष रुचि जायसवाल, अभिनव अनेजा, अजीत सिंह, सुंदर पांडे, नरेश कुमार, अमन अग्रवाल, अशोक शर्मा, सागर सतीजा, लक्षिता यादव, माधुरी शर्मा, नीलू राठौर, भावना बिष्ट, कार्यकारी सदस्य ललिता शर्मा, राखी सहित आदि भक्त उपस्थित रहे।

# मनिहारगोठ के तीन सपूतों ने फहराया परचम

- सेना में चयनित हुए फरदीन, अरीब और कैफ
- पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चंपावत।** ग्राम पंचायत मनिहारगोठ ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और देशभक्ति का परिचय दिया है। गांव के तीन होनहार युवाओं ने भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती में सफलता हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। तीनों युवाओं के चयन की खबर मिलते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने परिवारों को बधाइयों से सराबोर कर दिया।

चयनित युवाओं में फरदीन पुत्र इंतजार अली एवं माता फरीदा खातून का चयन अग्निवीर टेक्निकल पद पर हुआ है। फरदीन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मदरसा हुसैनिया प्राइमरी स्कूल मनिहारगोठ से प्राप्त की तथा आगे की पढ़ाई महात्मा गांधी राजकीय मॉडर्न उच्च प्राथमिक विद्यालय और जीआईसी सैलानीगोठ से पूरी की। इसी क्रम में मोहम्मद अरीब पुत्र शम्सुद्दीन एवं माता शाहीन बी ने भी अग्निवीर टेक्निकल पद पर चयनित होकर गांव का गौरव बढ़ाया है। अरीब ने अपनी शिक्षा जीआईसी सैलानीगोठ से प्राप्त की। मोहम्मद कैफ पुत्र मुनव्वर अली ने भी अग्निवीर भर्ती में सफलता प्राप्त कर मनिहारगोठ का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। कैफ ने अपनी शिक्षा विभिन्न शिक्षण संस्थानों से प्राप्त करते हुए कड़ी मेहनत और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। गांव के तीन बेटों के सेना में चयन से मनिहारगोठ में उत्सव जैसा माहौल है। लोगों का कहना है कि अब यह सफलता क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और अधिक से अधिक युवा देश सेवा के लिए आगे आएंगे।

इन युवाओं की चयनित होने पर मस्जिद कमेटी के सदर कदीर हुसैन, पूर्व सदर शाफिकुर रहमान, ग्राम प्रधान शहाना खातून, वरिष्ठ पत्रकार आबिद सिद्दीकी, फरियाद हुसैन, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री अमजद भाई, जिला अध्यक्ष मुवश्शिर अली (गोलू) सहित तमाम लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# बिगराबाग में कानूनी जागरूकता शिविर तंबाकू और नशे से दूर रहने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के आदेशानुसार ग्राम बिगराबाग में कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर में पीएलवी विमल कुमार ने ग्रामीणों को तंबाकू के खतरों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि मुंह का कैंसर, टीबी और गैंग्रीन जैसी जानलेवा बीमारियां धूम्रपान से ही होती हैं, इसलिए इससे पूरी तरह दूर रहें। उन्होंने ग्रामीणों के मोबाइल में कानूनी ऐप डाउनलोड कराकर क्यूआर कोड से उसे चलाना भी सिखाया। पीएलवी मीरा देवी ने राष्ट्रीय लोक अदालत के जरिए मुकदमों के त्वरित निस्तारण की जानकारी दी। भगवती राणा ने सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के तरीके बताए, जबकि मनावती राणा ने व्हीकल एक्ट की जानकारी देकर युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। शिविर में करीब 30-40 ग्रामीण मौजूद रहे।

# तेज बारिश के बीच चम्पावत पुलिस बनी श्रद्धालुओं की मददगार

- बाटना गाड़ में फंसे यात्रियों को सुरक्षित निकाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**संवाददाता।** मां पूर्णागिरि धाम से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालु रविवार को अचानक हुई तेज बारिश के कारण बाटना गाड़ में जलस्तर बढ़ने से बीच मार्ग में फंस गए। सूचना मिलते ही चम्पावत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देशानुसार पूर्णागिरि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए पुलिस लगातार सतर्क है। इसी क्रम में रविवार को भारी बारिश के चलते बाटना गाड़ में पानी का बहाव तेज हो गया, जिससे कई श्रद्धालुओं की आवाजाही प्रभावित हो गई। सूचना प्राप्त होते ही ठुलीगाड़ और बूम चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस कर्मियों ने तत्परता, सूझबूझ और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित रूप से जलभराव वाले क्षेत्र से पार कराया तथा उनकी सकुशल आवाजाही सुनिश्चित की। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाला गया। इस दौरान श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने चम्पावत पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता और जनसेवा की भावना की सराहना की।

# निशुल्क सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा शिविरों का शुभारंभ

- नेत्र, हृदय, ईएनटी, मूत्र एवं किडनी रोग विशेषज्ञ दे रहे सेवाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती स्थित धर्मार्थ चिकित्सालय में रविवार से बहुप्रतीक्षित निशुल्क चिकित्सा शिविरों की श्रृंखला शुरू हो गई है। शिविरों में देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सक विभिन्न रोगों के मरीजों का परीक्षण एवं उपचार कर रहे हैं। हालांकि दिनभर हुई भारी वर्षा के कारण दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से अपेक्षाकृत कम मरीज शिविर तक पहुंच पाए।

चिकित्सालय में 5 जून तक चलने वाले विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर के अंतर्गत नेत्र रोगियों की जांच, ऑपरेशन तथा आवश्यक दवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं 2 जून तक आयोजित हृदय रोग चिकित्सा शिविर में हृदय संबंधी विभिन्न समस्याओं से ग्रसित मरीजों का परीक्षण कर उपचार एवं परामर्श दिया जा रहा है। इसके साथ ही ईएनटी (नाक, कान एवं गला) रोगों का विशेष शिविर भी प्रारंभ हो गया है, जो आगामी पांच दिनों तक चलेगा। प्रसिद्ध ईएनटी सर्जन डॉ. देवव्रत हालदार अत्याधुनिक मशीनों की सहायता से मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार प्रदान कर रहे हैं। सोमवार से मूत्र एवं किडनी रोगों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर भी शुरू होगा। अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त यूरोलॉजिस्ट एवं किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक दुबे 3 जून तक अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में प्रोस्टेट, पथरी, मूत्र संक्रमण एवं किडनी संबंधी रोगों से पीड़ित मरीजों का निशुल्क परीक्षण और उपचार किया जाएगा। वहीं चिकित्सालय में 15 मई से संचालित विश्वस्तरीय शल्य चिकित्सा शिविर का भी लाभ अब तक सैकड़ों मरीज उठा चुके हैं। अस्पताल प्रशासन की ओर से लोहाघाट से मायावती चिकित्सालय तक मरीजों के आवागमन हेतु निशुल्क वाहन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एकदेवानंद जी महाराज ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक मायावती में सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में अधिक से अधिक लोग इन निशुल्क चिकित्सा शिविरों का लाभ उठाकर अपने स्वास्थ्य की जांच एवं उपचार कराएं।

# फायर ब्रिगेड को मिले आधुनिक रेस्क्यू उपकरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई के निर्देशों के क्रम में जनपद में आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अग्निशमन विभाग (फायर ब्रिगेड) को विभिन्न आधुनिक रेस्क्यू उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

प्रदान किए गए उपकरणों में बचाव कार्यों में उपयोग होने वाले आवश्यक संसाधन शामिल हैं, जिनके माध्यम से दुर्घटना, आगजनी, प्राकृतिक आपदाओं तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगा। इन उपकरणों के उपयोग से फायर सर्विस कर्मियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। जिला प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम जनपद की आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित फायर ब्रिगेड टीम अब किसी भी आपात स्थिति में अधिक तत्परता, दक्षता एवं प्रभावशीलता के साथ राहत एवं बचाव कार्य संपादित कर सकेगी।

जिला प्रशासन ने कहा कि जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा आपदा प्रबंधन तंत्र को निरंतर मजबूत बनाने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाते रहेंगे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जनहानि एवं संपत्ति के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

# रीठा साहिब में बड़ा हादसा होने से टला

- नदी में अचानक उफान से फंसे 70 से अधिक श्रद्धालुओं का सफल रेस्क्यू
- एसडीआरएफ, पुलिस और ग्रामीणों ने बचाई सैकड़ों श्रद्धालुओं की जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** सिखों के प्रसिद्ध आस्था केंद्र रीठा साहिब में आयोजित ऐतिहासिक जोड़ मेले के अंतिम दिन रविवार को अचानक आई प्राकृतिक आपदा के बीच एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। लगातार हो रही बारिश के चलते लधियां और रतिया नदियों का जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे संगम क्षेत्र में स्नान कर रहे दर्जनों श्रद्धालु बीच धारा में फंस गए। स्थिति कुछ ही मिनटों में भयावह हो गई और पूरे मेले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उस समय हजारों श्रद्धालु संगम क्षेत्र, पार्किंग स्थल और दुकानों के आसपास मौजूद थे। अचानक दोनों नदियों में आए तेज उफान के कारण संगम क्षेत्र में स्नान कर रहे श्रद्धालु सुरक्षित स्थानों तक नहीं पहुंच सके और मदद के लिए पुकार लगाने लगे। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय ग्रामीण तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे तथा युद्धस्तर पर रेस्क्यू अभियान शुरू किया। संयुक्त प्रयासों से नदी में फंसे 70 से अधिक श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाला गया। वहीं पार्किंग और दुकानों के आसपास फंसे कई श्रद्धालुओं को भी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

क्षेत्र के जनप्रतिनिधि कुंदन सिंह बोरा ने बताया कि अचानक जलस्तर बढ़ने से श्रद्धालु संकट में आ गए थे, लेकिन एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय युवाओं की तत्परता से सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। उन्होंने बताया कि घटना के समय क्षेत्र में तीन से चार हजार श्रद्धालु मौजूद थे।

उफनाई नदी का पानी पार्किंग क्षेत्र तक पहुंच गया, जिससे वहां खड़े कई वाहन डूबने के खतरे में आ गए। रेस्क्यू टीमों और ग्रामीणों ने समय रहते वाहनों को भी सुरक्षित निकाल लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाया गया पैदल पुल भी तेज बहाव में बह गया। घटना के दौरान गुरुद्वारा रीठा साहिब क्षेत्र में कुछ समय के लिए भगदड़ जैसी स्थिति बन गई, लेकिन पुलिस और प्रशासन की सक्रियता से हालात पर जल्द नियंत्रण पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस पूरी घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और न ही कोई श्रद्धालु घायल हुआ।

स्थानीय लोगों, गुरुद्वारा प्रबंधन और प्रशासन ने समय रहते सफल रेस्क्यू अभियान के लिए एसडीआरएफ, पुलिस जवानों और ग्रामीण युवाओं की सराहना की। सभी श्रद्धालुओं के सुरक्षित होने पर क्षेत्र में राहत की सांस ली गई।

# अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत के मामलों में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम राजनगर शाक्तिफार्म सितारगंज निवासी कृष्णा चंद राय ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका छोटा भाई मंटू चंद राय शिवपुरी दिनेशपुर में किराए के मकान में रहता था। वह ग्राम लंबाखेड़ा में क्लीनिक चलाता था। गुरुवार की रात वह क्लीनिक बंद कर कमरे की ओर लौट रहा था। रात करीब नौ बजे जाफरपुर दिनेशपुर मोड़ पर तेज रफ्तार डंपर यूपी-25-ईटी-1658 ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी थी। जिससे मंटू चंद राय की मौके पर कुचलकर मौत हो गयी।

पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं वंन रेंज टांडा कल्यानपुर छतरपुर निवासी प्रकाश गिरी गोस्वामी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि छह मई की रात उसके पिता मोहन गिरी गोस्वामी संजय वन के पास बाइक सड़क किनारे खड़े कर वहां खड़े थे। इस दौरान रुद्रपुर से आ रही कार यूए-06-एपी-8899 ने पिता को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर मौत हो गयी। पिता के अंतिम संस्कार संबंधित रस्मों के चलते वह तब रिपोर्ट दर्ज नहीं करा पाया। उसने कार चालक पर कार्रवाई की मांग की है। सीओ विभव सैनी ने बताया कि दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार चालकों की तलाश की जा रही है।

# पानी डालने के विवाद में भिड़े व्यापारी, दो पक्षों के पांच नामजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्य बाजार क्षेत्र में दुकान के सामने पानी डालने को लेकर दो व्यापारियों के बीच शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार पुरानी इलाहाबाद बैंक गली निवासी कृष्ण कुमार गोस्वामी ने तहरीर में बताया कि उनकी मुख्य बाजार में केके इलेक्ट्रॉनिक्स नाम से दुकान है। उनका आरोप है कि दुकान पर एसी, फ्रिज और अन्य सामान आने के दौरान पड़ोसी दुकानदार पंकज ग्रोवर ने सामान पर पानी डाल दिया। विरोध करने पर पंकज ग्रोवर अपने बेटे रौनक ग्रोवर और अन्य साथियों के साथ उनकी दुकान में घुस आए तथा उनके पुत्र मनीष गोस्वामी और शिवम गोस्वामी के साथ मारपीट की। आरोप है कि आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। दूसरी ओर आदर्श कॉलोनी निवासी पंकज ग्रोवर ने अपनी तहरीर में कहा कि उनकी दुकान के कर्मचारियों ने सामान्य रूप से दुकान के सामने पानी डाला था। विरोध करने पर कृष्ण कुमार गोस्वामी तथा उनके बेटे मनीष और शिवम ने उनके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पुत्र रौनक ग्रोवर को भी नहीं बख्शा गया। सीओ विभव सैनी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीरों के आधार पर अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं। दोनों मामलों में कुल पांच लोगों को नामजद किया गया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत**

पत्रांक- 293/नामान्तरण सूचना/2026-27 दिनांक 23/5/2026

**गृहकर अभिलेखों में नाम दर्ज हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कराने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नामान्तरण / संसोधन किया जाना प्रस्तावित हैं।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति का दर्ज नाम दर्ज है | जिसके नाम दर्ज किया जाना है | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्रीमती गीता पन्त पत्नी श्री नन्दा बल्लभ पन्त | भवन संख्या 132 वार्ड नं. 4 टनकपुर | श्री नन्दा बल्लभ पन्त पुत्र श्री मोहन चन्द्र | श्रीमती गीता पन्त पत्नी श्री नन्दा बल्लभ पन्त | आवेदन मय श्री नन्दा बल्लभ पन्त का मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, श्री युगल किशोर पन्त पुत्र श्री नन्दा बल्लभ पन्त का अनापत्ति शपथ पत्र, श्री प्रभात पन्त का अनापत्ति शपथ पत्र, आधार कार्ड, गृहकर रसीद |

उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयअवधि प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के गृहकर अभिलेखों में पूर्व में अंकित व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालम नं. 6 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जाएगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक-116/नामा० सूचना/2026-27 दिनांक:-29/5/2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार एक भवन वार्ड नं.-09 क्रमांक 236 में स्थित गृहकर श्रीमती साबिया पत्नी श्री इब्राहिम का नाम पालिका के गृहकर अभिलेखों में दर्ज है। जिसका गृहकर मु. 270 रू० वार्षिक है। इकरारनामा बिक्री के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री नूर अहमद पुत्र श्री अब्दुल नवी निवासी वार्ड नं.-10 बाजार वाली मस्जिद आजाद नगर गदरपुर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा। **अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक: 119/नामा०सूचना/2026-27 दिनांक-30/5/2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-07 कमांक 153 पर श्री प्रेम मोहन, श्री सुरेश मोहन पुत्रगण श्री गुरदित्तामल का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 230 रु० वार्षिक है। इकरारनामा बिक्रीनामें के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्रीमती नीलम कुमारी पत्नी श्री दलजीत सिंह निवासी वार्ड नं. 07, शिव मंदिर, गदरपुर ऊधम सिंह नगर के जरिये अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नागान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में भय सम्रयों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा। **अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक: 118/नामा०सूचना/2026-27 दिनांक-30/5/2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-09 कमांक 302 पर श्री खलील अहमद पुत्र श्री रहीस अहमद का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 96 रू० वार्षिक है। इकरारनामा बिक्रीनामें के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री रईस अहमद पुत्र श्री वजीर अहमद निवासी वार्ड नं. 09, इस्लामनगर, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर के जरिये अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा। **अधिशासी अधिकारी**

# कमरे में फंदे से लटका मिला नवविवाहिता का शव

## मायके पक्ष ने ससुरालियों पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** नगर के अंबेडकर नगर वार्ड नंबर-1 में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। विवाहिता का शव रविवार सुबह उसके घर के एक कमरे में पंखे के कुंडे से लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह राणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस



ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबेडकर नगर निवासी मोहिन खान की करीब 20 वर्षीय पत्नी अंजुम का विवाह मई 2025 में हुआ था। शादी को अभी एक वर्ष ही पूरा हुआ था कि उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिवार और स्थानीय लोगों में शोक का माहौल है। मृतका का मायका हल्द्वानी के राजपुरा क्षेत्र में बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग लालकुआं पहुंचे और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई। इस दौरान मौके पर कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति भी बनी रही। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। फॉरेंसिक रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# पूर्णकालिक कुलसचिव की नियुक्ति की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ ने कुमाऊं विश्वविद्यालय में लंबे समय से कुलसचिव पद को लेकर बनी अनिश्चितता पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार से शीघ्र पूर्णकालिक कुलसचिव नियुक्त करने की मांग की है। इस संबंध में महासंघ ने उच्च शिक्षा विभाग को ज्ञापन भेजने के साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन से भी आवश्यक व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। महासंघ के अनुसार, लगभग दो वर्ष पूर्व दून विश्वविद्यालय से स्थानांतरित होकर आए डा. मंगल सिंह मंद्रवाल ने कुलसचिव का पदभार संभाला था। फरवरी माह में उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का आवेदन दिया था, जिसे हाल ही में शासन ने अस्वीकार कर दिया। इसके बाद मामला न्यायालय में विचाराधीन है। वहीं, डा. मंद्रवाल के लंबे अवकाश और 12 मई के बाद विश्वविद्यालय में अनुपस्थित रहने से प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। महासंघ ने कहा कि कुलसचिव के पास ही परीक्षा नियंत्रक का दायित्व भी है, जिससे वर्तमान परीक्षा संचालन और नीतिगत निर्णयों में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। संगठन के मुख्य संरक्षक भूपाल सिंह करायत, अध्यक्ष डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला और महामंत्री प्रशांत मेहता ने विश्वविद्यालय में कामचलाऊ व्यवस्था के बजाय नियमित नियुक्ति की आवश्यकता पर बल दिया है। संगठन ने यह भी कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के विश्वविद्यालयों में कुलसचिवों की नियमित नियुक्ति नहीं हो पाने से प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसी कारण कुमाऊं विश्वविद्यालय और सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय में पूर्णकालिक कुलसचिव की उपलब्धता लगातार चुनौती बनी हुई है। महासंघ ने राज्य सरकार से दोनों विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलसचिवों की शीघ्र नियुक्ति तथा इस संबंध में स्पष्ट नीति बनाने की मांग की है।

## निगम प्रशासन व सरकार पर लगाया उदासीनता का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष व संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम व संयुक्त सेवानिवृत कर्मचारी संघर्ष समिति कुमाऊं मंडल विकास निगम के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में दिनेश गुरुरानी ने कहा कि सोमवार (आज) से कुमाऊं मंडल विकास निगम के मुख्यालय नैनीताल में विगत कई वर्षों से कार्यरत कुमाऊं मंडल व गढ़वाल मंडल विकास निगम के संविदा कर्मचारियों का रिक्त पदों पर नियमितीकरण, समान कार्य का समान वेतन और सेवानिवृत कर्मचारियों के लंबित देयकों का भुगतान करने को लेकर पौधारोपण के साथ धरना प्रारंभ किया जाएगा। गुरुरानी ने कहा कि शासन प्रशासन द्वारा मांग पत्र देने के बावजूद भी कार्रवाई करना तो दूर उत्तर तक नहीं दिया जाता है। कहा कि अभी तक निगम के संविदा कर्मचारियों की वरीयता सूची तक जारी नहीं की गई है। इससे यह प्रतीत होता है कि निगम प्रशासन कर्मचारियों के प्रति कितना संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में ही 3 जुलाई 2024 से मांगों को लेकर राज्य ही नहीं अपितु पूरे देश में अपनी तरह का अनूठा पौधारोपण अभियान चलाया गया जो अभी तक भी जारी है। जिसका नाम इंडिया बुक आफ रिकॉर्ड में दर्ज है। उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष व संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कंचन चंदोला ने कहा कि किसी भी कर्मचारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निगम कर्मचारियों का आह्वान किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में निगम मुख्यालय नैनीताल पहुंचे।

## एक नजर

### हल्की बारिश के साथ सुहावना बना मौसम

**नैनीताल।** नैनीताल में रविवार को हल्की बारिश के साथ मौसम सुहावना बना रहा। घने बादल पूरे दिन असमान में डेरा डाले रहे जबकि कोहरा भी आता जाता जाता रहा। तापमान सामान्य से नीचे पहुंच गया है। जिसके चलते सुबह और शाम को हल्की ठंड महसूस हुई। हल्की बारिश दोपहर में कुछ मिनट को हो पाई। मगर बादल और कोहरा पूरे दिन छाया रहा। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा का दौर आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। दोपहर के समय पानी बरसने की संभावना रहेगी। प्री मानसून का प्रभाव शुरू हो चुका है। स्थानीय स्तर पर भी वर्षा होने की संभावना रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा।

### मछली के लिए ब्रेड बेचने पर 500 का चालान

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में मछलियों को खिलाने के लिए ब्रेड बेचना दुकान संचालक को महंगा पड़ गया। पालिका की ओर से दुकान संचालक को फटकार लगाते हुए चालानी कार्रवाई की है। बता दें कि नैनी झील में रोजाना पर्यटक मछलियों को ब्रेड डालकर उनके स्वास्थ्य व झील के पारिस्थितिकी तंत्र से खिलवाड़ कर रहे हैं। लेकिन पर्यटकों से ज्यादा दोषी वह हैं जो उनको ब्रेड बेच रहे हैं। इधर रविवार को भी मल्लीताल जूम लैंड के समीप पर्यटक मछलियों को ब्रेड डाल रहे थे। इस बीच पालिकाध्यक्ष ने पर्यटक को ब्रेड डालने से रोकते हुए जमकर फटकार लगाई। जब पर्यटक के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने की बात कही तो पर्यटक ने दुकान संचालक की ओर से ब्रेड बेचे जाने की बात कही। जिस पर पालिकाध्यक्ष दुकान संचालक पर भड़क गई। पालिकाध्य डा. सरस्वती खेतवाल ने बताया कि मछलियों के लिए ब्रेड बेचने पर दुकान संचालक मोहित बिष्ट के खिलाफ 500 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है।

### कपड़े चुराते सीसीटीवी में कैप्चर हुआ दंपति

**नैनीताल।** पर्यटन नगरी नैनीताल में एक दुकान से कपड़े चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना मल्लीताल स्थित न्यू पालिका मार्केट की एक दुकान में हुई, जहां एक महिला और पुरुष कथित रूप से बच्चों के कपड़े चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। दोनों के साथ एक बच्ची भी मौजूद थी। व्यापारियों ने आरोपितों के पर्यटक होने की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार न्यू पालिका मार्केट स्थित अनमोल कलेक्शन नामक दुकान में गुरुवार को एक महिला और पुरुष बच्चों के कपड़े खरीदने पहुंचे। दुकान संचालक अनमोल के मुताबिक दोनों ने बच्चों के कई परिधान देखने के लिए मांगे। इसी दौरान महिला ने कथित रूप से एक फुल स्लीव टी-शर्ट छिपाने लगी। आरोप है कि पुरुष ने उसे बैग में रखने का संकेत किया और स्वयं दुकान संचालक का ध्यान अन्य सामान दिखाने में व्यस्त रखा। दुकान संचालक के अनुसार दोनों ने कम मूल्य का सामान खरीदकर भुगतान किया और वहां से चले गए। बाद में स्टॉक मिलान के दौरान एक टी-शर्ट कम मिलने पर संदेह हुआ। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिसमें कथित रूप से पूरी घटना रिकॉर्ड मिली।

### स्वरोजगार की राह सीख रहे युवा और महिलाएं

**बागेश्वर।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) बागेश्वर में 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 25 युवा एवं महिलाएं बटन, मिल्की और ऑयस्टर मशरूम की खेती की आधुनिक तकनीकें सीख रहे हैं। मास्टर ट्रेनर ममता मेहरा ने प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन, रखरखाव और विपणन की जानकारी देते हुए बताया कि कम लागत और सीमित संसाधनों में यह व्यवसाय शुरू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जंगली जानवरों से प्रभावित पारंपरिक खेती के बीच मशरूम उत्पादन पहाड़ी क्षेत्रों में अतिरिक्त आय और स्वरोजगार का प्रभावी माध्यम बन सकता है। प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### अहिल्याबाई होल्कर का जीवन आज भी लोगों के लिए प्रेरणादायक : अलका पाल

**काशीपुर।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी का जीवन आज भी लोगों के लिए प्रेरणादायक है। उक्त विचार महानगर कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष अलका पाल जी ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 301वी जयंती पर व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि मालवा साम्राज्य की मराठा महारानी पुणेश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी ने अपने जीवन में 1000 से अधिक कुएं, मंदिर, धर्मशालाओं आदि का जनहित निर्माण कराया। अहिल्याबाई होल्कर ने सोमनाथ मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर, अयोध्या और माथुरा आदि धार्मिक स्थलों के मंदिरों और और धर्मशालाओं के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। वह जीवन भर जनहित के कार्यो से जुड़ी रही। अलका पाल ने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने विधवा महिलाओं के कल्याण, उनकी शिक्षा आदि जैसे विषय को लेकर अपने शासनकाल में सजगता दिखाई। वर्तमान पीढ़ी को उनके जनहित के कार्यो से प्रेरणा लेनी चाहिए। उधर महाराणा प्रताप चौक पर पाल महासभा द्वारा बड़ी संख्या में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर शरबत वितरण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर ब्रह्मपाल, सुभाष पाल, डॉ. करण सिंह पाल, अमर सिंह पाल, जगदीश पाल, राजपाल सिंह पाल, विजय चौधरी, अनिल पाल, राजकुमार पाल, मुकुल पाल, सोमपाल, उपेंद्र पाल, धीरज पाल, नारायण पाल, हेम पाल, प्रदीप पाल, मुशर्रफ हुसैन, जितेंद्र सरस्वती आदि उपस्थित थे।

## मुख्य पेयजल लाइन में लीकेज, हजारों लीटर पानी नाले में बहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** एक ओर गर्मी के मौसम में पेयजल संकट की शिकायतें सामने आ रही हैं वहीं दूसरी ओर नगर के मल्लीताल अंडा मार्केट क्षेत्र के नाले में पेयजल आपूर्ति की मुख्य लाइन में लीकेज होने से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह गया। लीकेज के चलते लंबे समय तक पानी नाले में बहता रहा जिससे लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। स्थानीय लोगों के मुताबिक अंडा मार्केट के नाले के पास मुख्य पेयजल लाइन से लगातार पानी रिस रहा था। देखते ही देखते बड़ी मात्रा में पानी नाले में बहने लगा। लोगों ने इसकी सूचना जल संस्थान को दीए जिसके बाद विभागीय टीम मौके पर पहुंची और लीकेज रोकने का प्रयास किया। हालांकि पानी का दबाव अधिक होने के कारण तत्काल रिसाव को नियंत्रित नहीं किया जा सका। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जहां शहर के कई इलाकों में लोग बूंद बूंद पानी के लिए परेशान रहते हैं वहीं मुख्य लाइन से हो रही इस तरह की लीकेज से बहुमूल्य पेयजल की बर्बादी चिंता का विषय है। मामले में जल संस्थान के सहायक अभियंता अंशुल ओझा ने बताया कि मुख्य लाइन में लीकेज की सूचना मिलने पर टीम को मौके पर भेजा गया था। उन्होंने कहा कि सप्लाई बंद होने के बाद लाइन की वेल्डिंग कराकर रिसाव को ठीक कर दिया गया है और अब स्थिति सामान्य है।

# शैक्षणिक उपलब्धियों पर मिली छात्रवृत्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर में स्वतंत्रता सेनानी मोहन लाल साह की पुण्य स्मृति में रविवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति आशीष नैथानी रहे। इससे पूर्व वार्षिकोत्सव के प्रारंभ में प्रधानाचार्या अनुपमा साह द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उसके बाद छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, नृत्य नाटिका, बाल डांस, बलूची, फ्यूजन डांस, स्केट बैले डांस, हिंदी नाटक संस्कार,

धूमधाम से मना एमएलसाह विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव



अंग्रेजी नाटक फ्लावर गर्ल्स, सेमी कलासिक डांस, अंग्रेजी समूह गान, शैक्षिक लघु नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वार्षिकोत्सव का मुख्य आकर्षण नृत्य नाटिका कृष्ण राधा रही जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। वार्षिकोत्सव के तहत विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं की ओर से विभिन्न सामग्रियों से बनायी गयी वस्तुओं की प्रदर्शनी लगायी गयी। प्रदर्शनी को अतिथियों ने काफी सराहा व बच्चों के प्रयासों की भूरि-भूरि सराहना की। इस दौरान विद्यालय द्वारा छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों पर छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन पद्मश्री अनूप साह, मैनेजर विनय साह समेत आलोक साह, ग्रुप कैप्टन अच्युत डे, भारत लाल साह, सुनील साह, हेमन्त बिष्ट, मीता साह, विनीता शौरी, गीता साह, गीता पांडे, लता पांडे तथा पूर्व प्रधानाचार्य सुनीता साह समेत प्रधानाचार्य बिरला विद्या मंदिर अनिल शर्मा तथा अखिल साह, सनवाल स्कूल की प्रधानाचार्या ई मैनूवल, गौरव सनवाल, बिशन सिंह मेहता, रेखा त्रिवेदी, भुवन चंद्र त्रिपाठी, कर्नल साह, आल सेंट की प्रधानाचार्या आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम की समाप्ति पर विद्यालय के मैनेजर विनय साह एवं प्रधानाचार्या अनुपमा साह द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति के लिए आभार जताया गया।

# जंगलों के लिए राहत की बौछार लेकर आई बारिश

## जंगलों के प्राकृति जलस्रोत भी रिचार्ज होंगे: गंगवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पिछले कई दिनों से जंगलों में धधक रही आग ने जहां वन विभाग की चिंता बढ़ा रखी थी वहीं शनिवार व रविवार को हुई बारिश ने हालात पूरी तरह बदल दिए हैं। नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिश जंगलों के लिए किसी संजीवनी से कम साबित नहीं हुई। बारिश के चलते जंगलों में लगी आग पर प्रभावी रूप से रोक लग गई है और आग फैलने का खतरा भी काफी हद तक कम हो गया है। नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार ने बताया



कि बारिश से जंगलों में आग की समस्या फिलहाल टल गई है। उन्होंने कहा कि यह बारिश केवल आग रोकने तक सीमित नहीं है बल्कि इससे जंगलों के प्राकृतिक जल स्रोत भी रिचार्ज होंगे। जल स्रोतों में पानी बढ़ने से वन्यजीवों को भी जंगल के भीतर ही पर्याप्त पानी मुहैया हो सकेगा जिससे उनका भटकाव कम होगा। बताया कि बारिश की इस सौगात ने न केवल जंगलों को राहत दी हैए बल्कि वन विभाग और पर्यावरण प्रेमियों के चेहरों पर भी सुकून की मुस्कान लौटा दी है।

# पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी टेक चंद का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल पुलिस लाइन की परिवहन शाखा में तैनात मुख्य आरक्षी चालक टेक चंद का कर्तव्य निर्वहन के दौरान अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद उपचार के दौरान निधन हो गया। ब्रेन हैमरेज के कारण हुई इस दुखद घटना से नैनीताल पुलिस सहित पूरे पुलिस विभाग में शोक की लहर है। रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. मंजूनाथ टीसी सहित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हल्द्वानी स्थित शव गृह पहुंचकर दिवंगत मुख्य आरक्षी चालक को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान एसएसपी ने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि विभागीय देयकों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा तथा अंतिम संस्कार के लिए तात्कालिक आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई है। इसके उपरांत टेक चंद का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव लंकुरा, बाजपुर ले जाया गया, जहां उन्हें पुलिस सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, क्षेत्राधिकारी अमित सैनी, प्रभारी निरीक्षक विजय मेहता, प्रतिसार निरीक्षक हरकेश सिंह, मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी सहित अनेक अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। मुख्य आरक्षी चालक टेक चंद का जन्म 5 जनवरी 1972 को हुआ था। उन्होंने 2 अप्रैल 1991 को पुलिस सेवा में प्रवेश किया था। लगभग 35 वर्षों के सेवाकाल में उन्होंने 9वीं पीएसी मुरादाबाद, 31वीं पीएसी रुद्रपुर, अल्मोड़ा तथा नैनीताल में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। वर्ष 2008 से वह नैनीताल पुलिस लाइन की परिवहन शाखा में तैनात थे। नैनीताल पुलिस ने अपने कर्तव्यनिष्ठ साथी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सेवाओं को सदैव स्मरण रखा जाएगा।

# एंट्री प्वाइंटों पर ही रोके गए वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में बीते शनिवार को चार घण्टे के जाम के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है। पुलिस ने रविवार को एंट्री प्वाइंट पर सुबह से ही वाहनों को रोकना शुरू कर दिया है। इस दौरान एंट्री प्वाइंटों पर वाहनों की कतार लगी रही। बता दें कि शनिवार को नैनीताल भवाली रोड, हल्द्वानी रोड व मालरोड समेत शहर की अंदरूनी सड़कों पर वाहनों की कतार लग गई थी। दोपहर से रात तक लगे जाम में स्थानीय व पर्यटक घण्टों तक फंसे रहे। लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए तो इधर रविवार की सुबह ही पुलिस व एसएसबी ने अस्थाई पार्किंग स्थलों पर मोर्चा संभाल लिया। पुलिस ने बिना होटल बुकिंग बाहरी वाहनों व बाइकों को अस्थाई



पार्किंग में रोक शटल वाहनों से नैनीताल भेजा। वहीं पार्किंग वाले होटलों की बुकिंग दिखाने पर पर्यटकों के वाहनो को नैनीताल भेजा। इस दौरान हल्द्वानी रोड पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही लकिन नगर में यातायात व्यवस्था सामान्य रही। एसपी डा. जगदीश चंद्रा ने बताया कि शहर में यातायात प्रभावित न हो इसके लिए यह व्यवस्था बनाई गई है। पूर्व में ही पुलिस की ओर से यातायात प्लान जारी किया गया था। बताया कि पार्किंग वाले होटलों की बुकिंग देख ही पर्यटकों के वाहनों को शहर में प्रवेश दिया गया। उन्होंने बताया कि नगर में जितनी पार्किंग की क्षमता है उसी के अनुरूप वाहनों को प्रवेश मिल रहा है। कहा कि बाकी लोगों को शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल शहर में प्रवेश दिया जा रहा है।

## राज्यपाल ने की दिल्ली के उप राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने नई दिल्ली स्थित लोक निवास में उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। भेंट के दौरान प्रशासनिक अनुभवों, सुशासन और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। राज्यपाल ने उपराज्यपाल को उत्तराखंड से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी भी दी। दोनों गणमान्य व्यक्तियों ने संवाद और परस्पर सहयोग को लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं जनकल्याण के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# महिला/पुरुष गोल्फ टीमों का ट्रायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मिनी गोल्फ फेडरेशन आफ इंडिया के तत्वाधान में 25 से 30 जून तक रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित 11वीं सीनियर महिला एवं पुरूष चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने हेतु उत्तराखण्ड की सीनियर महिला/पुरुष वर्ग हेतु रविवार को एससी गुड़िया आईएमटी कालेज काशीपुर में उत्तराखण्ड टीम का चयन ट्रायल संपन्न हुआ।



बता दें सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों का चयन उत्तराखंड की महिला एवं पुरुष टीम में किया जाएगा जो उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में करेंगे। उक्त चयन ट्रायल में मुख्य अतिथि के रूप मे एससी गुड़िया आईएमटी कालेज काशीपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं द मिनी गोल्फ एसोसिएशन आफ उत्तराखण्ड टीम के सदस्यों का चयन शीघ्र अति शीघ्र कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु भेजा जाएगा तथा एससी गुड़िया आईएमटी कालेज काशीपुर के प्रबंधक का आभार व्यक्त किया। चयन ट्रायल के अवसर पर लोकेश पांडेय, जया पाण्डेय, दीपक गुप्ता, योगेश पाण्डेय, कशिश शर्मा एवं मनजोत कौर निर्णायक की भूमिका में रहे। इस दौरान एससी गुड़िया ला कालेज के रजिस्ट्रार डा. सुधीर डूबे तथा काशीपुर मिनी गोल्फ संघ के सचिव डा. दीपक गुप्ता तथा एस सी गुड़िया आईएमटी कालेज काशीपुर के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उत्तराखंड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार बक्शी उपस्थित रहे। दूसरी ओर जिला ओलंपिक संघ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष डा. नागेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि चयन ट्रायल में 40 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

# नशीले पदार्थो के प्रति किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य विशन सिंह मेहता समेत मेहरवान सिंह बिष्ट अपर निदेशक तथा स्वयंसेवी




प्रियांशी, उनति व अंशु ने स्वयंसेवकों को विस्तार से तंबाकू व अन्य नशीले पदार्थों के स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे मे विस्तार से बताया। स्वयंसेवको के मध्य तंबाकू उत्पादन का आर्थिक व्यवस्था में योगदान व स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी क्रम में पोस्टर प्रतियोगिता व स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। स्वयंसेवकों ने जन जागरुकता रैली के माध्यम से लोगो को जागरुक करने का प्रयास किया व विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य प्रवीण सती, वरिष्ठ शिक्षक आलोक साह, डा. रेनू बिष्ट, डा. नीलम जोशी, मुक्ता चौधरी, दिव्या, उत्कर्ष बोरा, गोविन्द बोरा, गीतिका आदि ने सहयोग किया। कार्यक्रम प्रभारी मीनायी बिष्ट के आभार व्यक्त करने के साथ ही शिविर का समापन किया गया।

## नाव में बिना लाइफ जैकेट हुड़दंग काटना पड़ा महंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में बिना लाइफ जैकेट बीच नैनी झील नाव में खड़े होकर हुड़दंग काटना हरियाणा के युवक को महंगा पड़ गया। पालिकाध्यक्ष ने हुड़दंग काटने वाले पर्यटक का एक हजार का चालान काट दिया। बता दें रविवार को मल्लीताल में निरीक्षण पर निकली पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल को नैनी झील में नाव में बिना लाइफ जैकेट युवक हुड़दंग काटता दिखा। जिस पर पालिकाध्यक्ष ने पालिकाकर्मियों को बुलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिस पर टीम बोट लेकर झील में गई और हुड़दंग काटने वाले पर्यटक को उठा लाई। पालिकाध्यक्ष डा. खेतवाल ने बताया कि बताने के बाद भी बीच झील बिना लाइफ जैकेट नाव में हुड़दंग काटने पर हरियाणा निवासी पर्यटक शनि के खिलाफ एक हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गई है।

# बारिश में टपकने लगी जिला अस्पताल की छत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पर्यटक नगरी नैनीताल प्री मानसून पहली बारिश के अभी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ है तथा नैनीताल के जिला चिकित्सालय बीडी पांडे की बदहाल स्थिति एक बार फिर सामने नजर आ रही है शनिवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश ने चिकित्सालय की इंतजाम की पोल खोल कर रख दी है। बीडी पांडे चिकित्सालय की कई छतों से पानी टपकने लगा, जिससे मरीजों तथा उनके तीमारदारों को रातभर परेशानी का सामना करना पड़ा हालात ऐसे बन गए कि चिकित्सालय के कर्मियों को मरीजों के बैड तक खिसकाने पड़े तथा टपकते पानी को रोकने के लिए जगह-जगह डस्टबिन और बालटी. अन्य बर्तन का सहारा लेना पड़ा जिला चिकित्सालय जहां गंभीर मरीज उपचार की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, वहीं बारिश की कुछ घंटों की बौछार ने अस्पताल की जर्जर व्यवस्था को उजागर कर दिया। महिला वार्ड में छत से लगातार टपक रहे पानी के कारण मरीजों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करना पड़ा। फर्श पर गिरते पानी से फिसलने का खतरा भी बना रहा। चिंता की बात यह है कि यह कोई नई समस्या नहीं है।

पिछले वर्ष बरसात के दौरान अस्पताल के कई वार्ड पानी से भर गए थे। हालात इतने खराब हो गए थे कि बर्न वार्ड तक जलमग्न हो गया था, जबकि महिला प्रसूति वार्ड में पानी घुसने से मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। इसके बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बरसात से पहले अस्पताल भवन की मरम्मत के दावे किए जाते हैं, लेकिन पहली ही बारिश में व्यवस्थाओं की वास्तविकता सामने आ जाती है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि यदि अभी से यह स्थिति है तो आगामी मानसून में अस्पताल का क्या हाल होगा। अस्पताल की प्रभारी प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. द्रोपदी गर्ब्याल ने बताया कि भवन में रिसाव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। पूरे अस्पताल की छतों की मरम्मत के लिए जिला प्रशासन तथा शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही आवश्यक कार्य शुरू कर लिया जाएगा इस मामले की जानकारी विभाग के आला अधिकारियों के संज्ञान में लाई जाएगी।

# स्कूली बच्चों को दी लोक संस्कृति के संरक्षण की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सर्वोदय सेवा समिति नैनीताल द्वारा गुरु शिष्य परंपरा के अन्तर्गत नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड में स्थित राजकीय इन्टर कालेज भूमियाधार में देवभूमि उत्तराखंड की विलुप्त होती लोक संस्कृति को पुनः जागृत करने हेतु उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति पर



आधारित लोक नृत्य तथा लोक गीतों का आयोजन किया गया। इस मौके पर समिति के कलाकारों ने स्कूल के बच्चो को उत्तराखंडी संस्कृति के तहत लोक गीत व लोक नृत्यों तथा यहां के वाद्य यंत्रों तथा पारंपरिक व पौराणिक त्योहारों की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य त्रिभुवन आर्या रहे जबकि वक्ताओं में उमेश कांडपाल द्वारा बच्चों तथा आमंत्रित अभिभावकों को विलुप्त होती लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इससे पूर्व समिति के अध्यक्ष आनन्द सिंह मेहरा ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह देकर सममानित किया जबकि कार्यक्रम का निर्देशन गुरु किशन लाल द्वारा किया गया। अंत में मेहरा ने सभी का आभार जताया।

# सात्विक-चिराग ने खत्म किया खिताबी सूखा

**पहली बार सिंगापुर ओपन के बने विजेता, फाइनल में इंडोनेशिया के फजर अलफियान और मोहम्मद सोहिबुल फिकरी को हराया**



**सिंगापुर, वार्ता।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने खिताबी सूखा समाप्त करते हुए पहली बार सिंगा. पुर ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया है। सात्विक-चिराग ने पुरुष युगल वर्ग के फाइनल में इंडोनेशिया के फजर अलफियान और मोहम्मद सोहिबुल फिकरी को हराया। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी ने इस तरह दो साल में अपना पहला और विश्व टूर का कुल नौवां खिताब अपने नाम किया है।

सात्विक-चिराग ने एक घंटा 13 मिनट तक चले फाइनल मुक. ाबले में इंडोनेशियाई जोड़ी को 18-21, 21-17, 21-16 से हराकर अपना तीसरा सुपर 750 खिताब जीता था। विश्व की चौथे नंबर की भारतीय जोड़ी के लिए यह खिताब बेहद खास है, क्योंकि वे पहले भारतीय हैं, जिन्होंने सिंगापुर ओपन में युगल वर्ग का खिताब अपने नाम किया है। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने इससे पहले 2024 में थाईलैंड ओपन का खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद से ये भारतीय जोड़ी चार बार फाइनल में पहुंची,

लेकिन विजेता बनने से चूकती रही। हालांकि, आखिरकार सिंगापुर ओपन में जाकर इस जोड़ी ने खिताबी सूखा समाप्त किया। फाइनल से पहले भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया की इस जोड़ी के खिलाफ खेले गए तीन मुकाबलों में से दो में हार का सामना करना पड़ा था। इस प्रतिद्वंद्वी जोड़ी के खिलाफ उनकी पिछली हार जनवरी में मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हुई थी। कड़े मुकाबले वाले पहले गेम में पिछड़ने के बावजूद भारतीय जोड़ी ने अपने खेल की गति बढ़ाई और लंबी रैलियों में दबदबा बनाते हुए विश्व नंबर तीन इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ मुकाबले का रुख पलट दिया। यह जीत भारतीय जोड़ी के लिए शानदार सप्ताह का

समापन भी रही। उन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के मौजूदा विश्व चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त किम वोन-हो तथा सियो सेउंग-जे की जोड़ी को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। जीत का निर्णायक अंक हासिल होते ही सात्विक और चिराग जश्न मनाने के लिए कोर्ट पर लेट गए। इसके बाद सात्विक ने बच्चों जैसी खुशी का प्रदर्शन किया, जबकि उत्साहित चिराग ने जोरदार दहाड़ लगाई और अपने साथी पर कूद पड़े। बाद में दोनों खिलाड़ियों ने कोर्ट पर नृत्य किया और पोडियम के शीर्ष पायदान पर लंबे समय बाद वापसी का भरपूर आनंद लिया।

## पुपांजिल बनर्जी सीओई अंडर-19 एलीट मैचों के मुख्य कोच नियुक्त

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने झारखंड सीनियर महिला क्रिकेट टीम की मुख्य कोच पुपांजलि बनर्जी को 1 से 10 जून तक बेंगलुरु में होने वाले इंटर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) अंडर-19 एलीट मैचों के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया है।

इस नियुक्ति को झारखंड में क्रिकेट कोचिंग और खिलाड़ियों के विकास में बनर्जी के योगदान की एक महत्वपूर्ण पहचान के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले कुछ सालों में, बनर्जी ने राज्य में महिला क्रिकेट के साथ बड़े पैमाने पर काम किया है और युवा प्रतिभाओं को निखारने में अहम भूमिका निभाई है, इनमें से कई खिलाड़ियों ने आगे चलकर प्रतियोगिता के उच्च स्तरों पर झारखंड का प्रतिनिधित्व किया है। बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित होने वाले इंटर सीओई अंडर-19 एलीट मैच, पूरे देश से होनहार युवा क्रिकेटरों को एक साथ लाते हैं,

और इन्हें राट्रीय खिलाड़ी विकास प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण मंच माना जाता है। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के अधिकारियों ने इस नियुक्ति का स्वागत किया और इसे झारखंड क्रिकेट के लिए गर्व का विाय बताया। जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि यह नियुक्ति बनर्जी के समर्पण और कोचिंग क्षमता को दर्शाती है, और उन्होंने विश्वास जताया कि वह राट्रीय स्तर पर भी प्रभावी ढंग से अपना योगदान जारी रखेंगी।

### खेल विशेष

### न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट टीम में सैंटनर को किया शामिल

**लंदन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ अपनी टेस्ट टीम में मिचेल सैंटनर को शामिल किया है। सैंटनर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते समय लगी कंधे की चोट से उबर चुके हैं। सैंटनर शनिवार को ब्रिटेन पहुंचे और गुरुवार से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे। 34 साल के सैंटनर को पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट और बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। स्कैन में पता चला था कि उन्हें ग्रेड थ्री एसीएल कंधे की चोट लगी है, जिसके लिए उन्हें एक महीने के रिहैब की जरूरत होगी।

### थाईलैंड, मलेशिया व चीन एशियाई खेलों की महिला प्रतियोगिता के लिए किया क्वालिफाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** थाईलैंड, मलेशिया और चीन की महिला क्रिकेट टीमों ने सितम्बर-अक्टूबर में जापान के आइची प्रीफेक्चर और नागोया में होने वाले इस वर्ा सितम्बर-अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालिफाई कर लिया। थाईलैंड और मलेशिया की टीमों ने 2026 एशियाई खेल में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट का फाइनल हुआ था, चीन इस टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा था।

# आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर नियम खत्म होना चाहिए: तेंदुलकर

मुम्बई, वार्ता। दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुल. कर का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इंपेक्ट प्लेयर नियम खत्म कर दिया जाना चाहिए। अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले आईपीएल 2026 फाइनल से एक रात पहले 21वीं सदी के महानतम अंतर्राट्रीय क्रिकेटरों के लिए आयोजित ईएसपीएन क्रिकइंफो पुरस्कार समारोह में तेंदुलकर ने कहा कि मेरी व्यक्तिगत राय में कुछ चीजें हैं, जिनके बारे में मैं कहना चाहूंगा। मुझे लगता है कि इंपैक्ट प्लेयर नियम को हटा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि टी-20 प्रारुप में आपको केवल 20 ओवर ही खेलने होते हैं और फिर आप बल्लेबाजी लाइन-अप में एक अतिरिक्त बल्लेबाज जोड़ देते हैं।

जब गेंदबाज पहले से ही बेहद चुनौती झेल रहे हैं, तो मुझे यह असंतुलन लगता है। 2023 में शुरू किया गया इंपैक्ट प्लेयर नियम टीमों को यह अनुमति देता है कि वे अपनी एकादश में शामिल किसी एक खिलाड़ी को बाहर करके टॉस से



पहले तय किए गए पांच खिलाड़ियों की सूची में से किसी एक को मैच के दौरान शामिल कर सकें। इस नियम की मुख्य आलोचना यह रही है कि इससे बल्लेबाज अधिक आजादी के साथ खेल सकते हैं और पिछले दो-तीन सीजन में रन गति और टीम स्कोर में बढ़ोतरी इसी का असर मानी जाती है। 21वीं सदी के महानतम बल्लेबाज चुने गए तेंदुलकर ने कहा कि छह ओवर के पावरप्ले में, जहां फील्डिग प्रतिबंध होते हैं, सिर्फ दो फील्डर ही 30 गज के घेरे के बाहर रह सकते हैं। पहले चार ओवर बल्लेबाजों का पावरप्ले हों, जिसमें यही नियम लागू रहे। उसके बाद बचे हुए दो पावरप्ले ओवर फील्डिंग कप्तान अपनी सुविधा के अनुसार मैच के किसी भी समय ले सके। उन लगातार दो ओवरों में भी उसे एक अतिरिक्त फील्डर घेरे के बाहर रखने की अनुमति मिले। इससे फील्डिग करने वाली टीम मैच को बेहतर तरीके से नियंत्रित कर सकेगी। उनका आखिरी सुझाव था कि एक गेंदबाज को पांच ओवर फेंकने की अनुमति मिलनी चाहिए क्योंकि आमतौर पर टीम का सबसे अच्छा गेंदबाज ही वह पांचवां ओवर करेगा। क्या आप उस सर्वश्रेठ गेंदबाज को ज्यादा गेंदबाजी करते हुए नहीं देखना चाहेंगे। शीर्ा बल्लेबाज तो कई बार पूरे 20 ओवर बल्लेबाजी करते हैं। फिर सबसे अच्छा गेंदबाज पांच ओवर क्यों नहीं फेंक सकता।

## सूर्यवंशी बेहद खास हैं, वह जैसे हैं, उन्हें वैसे बने रहने देना चाहिए: सचिन तेंदुलकर

**मुम्बई, वार्ता।** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का मानना है कि 15 वर्ाीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी बेहद खास और उनकी स्वाभाविक प्रवृत्ति बने रहने देना चाहिए। मुंबई में क्रिकइन्फो सम्मान में 21वीं सदी के सर्वश्रेठ पुरुष अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाज चुने गए तेंदुलकर ने कहा कि हर कोई सूर्यवंशी की बात कर रहा है और मैंने भी उनकी बल्लेबाजी देखी।

वह शानदार हैं। मेरा मतलब है कि वह वाकई बेहद खास हैं और केवल गेंद को मारने की उनकी क्षमता ही नहीं, बल्कि जिस चीज ने मुझे सबसे अधिक प्रभावित किया, वह उनका कलाईयों का इस्तेमाल है। उन्होंने कहा कि मैदान के हर हिस्से में शॉट खेलने के लिए आपकी कलाई मजबूत होनी चाहिए। और वह गेंद को केवल ताकत से नहीं मार रहे हैं। वह बाकी खिलाड़ियों की तुलना में गेंद की लाइन और लेंथ को पहले समझ लेते हैं और आसानी से गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचा देते हैं। तेंदुलकर ने कहा कि वह चाहते हैं कि सूर्यवंशी आगे चलकर टेस्ट क्रिकेट भी खेले, लेकिन उन्हें जल्दबाजी में आगे नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि उन पर लगातार दबाव डालने के बजाय उनका हौसला बढ़ाया जाए और उनका समर्थन किया जाए। अगर आप उन्हें बहुत सारी अलग-अलग बातें बता रहे हैं, तब आप उनके रास्ते में बाधाएं खड़ी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं उनसे यही कहूंगा कि 'जैसे हो, वैसे बने रहो। हर चीज पहली बार होती है। टेस्ट क्रिकेट में उम्र और अनुभव के साथ वह सीखेंगे कि अलग-अलग चुनौतियों का सामना कैसे करना है। बात समाधान ढूंढने वाली सोच की है, समस्याएं हमेशा रहेंगी।

# जेपीएल नीलामी में रॉबिन सबसे महंगे 15.25 लाख रुपये में बिके

**जमशेदपुर, वार्ता।** विकेटकीपर- बल्लेबाज रॉबिन मिज पहली झारखंड प्रीमियर लीग (जेपीएल) की नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे। उन्हें कोयलंचल सुपर किंग्स ने 15-25 लाख रुपये की सफल बोली लगाकर खरीदा। लीग के पहले संस्करण से पहले जमशेदपुर में आयोजित इस नीलामी में राज्य के कई प्रमुख क्रिकेटरों के लिए फेंचाइजी के बीच कड़ी बोली देखने को मिली।

रॉबिन मिज, जिनकी बेस प्राइस 4 लाख रुपये थी, प्रतिस्पर्धी बोली के बाद उनकी कीमत में तेजी से उछाल आया। गुमला के इस क्रिकेटर, जो पहले मुंबई इंडियंस टीम से जुड़े रहे हैं, ने नीलामी सूची में शीर्ा स्थान हासिल किया। विराट सिंह दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे, जिन्हें छोटानागपुर रॉयल्स ने 13 लाख रुपये में खरीदा, जबकि एम-डी- कैफ को जमश. ेदपुर स्टीलर्स ने 12.50 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। तेज गेंदबाज सुशांत मिश्रा और शिखर मोहन को 11.11 लाख रुपये मिले, जबकि पंकज कुमार को 10.75 लाख रुपये में खरीदा गया। राजदीप सिंह को 9 लाख रुपये की बोली मिली, जिसके बाद साहिल राज को 8.75 लाख रुपये में खरीदा गया। मोहम्मद नाजिम सिद्दीकी और बाल कृण को 7.25.7.25 लाख रुपये में खरीदा गया। शुरुआती उम्मीदों के विपरीत, विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को अंततः छोटानागपुर रॉयल्स ने उनकी बेस प्राइस 4 लाख रुपये में ही खरीद लिया। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित इस लीग में छह फेंचाइजी हिस्सा लेंगी।

# पाकिस्तान ने पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकट से हराया

**पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने सर्वाधिक (69) रन बनाए, गाजी गौरी ने (65) रनों की पारी खेली**

**रावलपिडी, वार्ता।** अराफात मिन्हास (पांच विकेट/नाबाद18 रन), बाबर आजम (69) और गाजी गौरी (65) की शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार रात खेले गए पहले एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 45 गेंदें शो रहते पांच विकेट से शिकस्त दी।

इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने 42-3 ओवरों में पांच विकेट पर 202 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने सर्वाधिक (69) रन बनाए। गाजी गौरी ने (65) रनों की पारी खेली। इसके अलावा साहिबजादा फरहान ने (28) और अराफात मिन्हास ने (नाबाद 18) रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए नेथन एलिस ने दो विकेट लिए। मैथ्यू कुनमन, तनवीर संघा और मार्सन लाबुशेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के गें. दबाजों ने 44-1 ओवर में 200 रन के स्कोर पर समेट दिया। सातवें ओवर में अबरार अहमद ने एलेक्स कैरी (19) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। इसके बाद 14वें ओवर में अराफात मिन्हास ने कप्तान जॉश इंग्लिस (13) और मार्नस लाबुश. ेन (शून्य) का शिकार कर ऑस्ट्रेलिया को संकट में डाल दिया। 16वें ओवर में मिन्हास ने कैमरन ग्रीन (शून्य) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की परेशानी को और बढ़ा दिया।

ऐसे संकट के समय मैट रेनशॉ ने मैथ्यू शॉट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों के बीच 55 रनों की साझेदारी हुई। 27वें ओवर में मिन्हास ने मैथ्यू शॉट (55) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। ऑलिवर पिक (सात) रन बनाकर आउट हुए।

PMGSY कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई0, चम्पावत
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, IRRIGATION DIVISION, PMGSY, CHAMPAWAT
E-Mail; eepmgsychampawat@gmail.com

पत्रांक-588/10-पी0एम0जी0एस0वाई0/निविदा/ दिनांक 19/05/2026

अल्पकालीन कोटेशन सूचना 06/अधि0अभि0/2026-27

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना-04 के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न नव मोटर मार्गो के सर्वेक्षण एवं डी0पी0आर0 गठन हेतु यू0आर0आर0डी0ए0, देहरादून में पंजीकृत ऐजेन्सी/संस्थाओं से दिनांक 02.06.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक मुहरबन्द कोटेशन आमंत्रित की जाती है जो उसी कार्य दिवस में अपरान्ह 02.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशनदाता एवं उनके जनप्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशनदाता को रू0 100.00 मय जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 01 का रसीदी टिकट लगाकर ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य होगा तभी कोटेशन स्वीकार की जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लम्बाई (किमी0 में) | जमानत धनराशि 02 प्रतिशत (रू0) | कोटेशन की वैधता | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | धूनाघाट-रीठासाहिब से पिनाना | 9.750 | 19400.00 | 20 दिन | ऐजेन्सी/संस्थाओं का यू0आर0आर0डी0ए0, देहरादून में पंजीकृत होना अनिवार्य है। |
| 02 | रौशाल-डुंगरबोरा से कायल भोजनी | 5.850 | 8300.00 | 20 दिन | |
| 03 | चूका-खर्राटाक कोटकेन्द्री खिरद्वारी से गंगशीर | 22.450 | 31800.00 | 20 दिन | |

नोट :- कोटेशन की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में नाटिस बोर्ड में देखी जा सकती है। (किसी भी कोटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा)।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड,पी0एम0जी0एस0वाई0
चम्पावत

PMGSY कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई0, चम्पावत
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, IRRIGATION DIVISION, PMGSY, CHAMPAWAT
E-Mail: eepmgsychampawat@gmail.com

पत्रांक-578/10-पी0एम0जी0एस0वाई0/निविदा/ दिनांक 18/05/2026

अल्पकालीन कोटेशन सूचना 05/अधि0अभि0/2026-27

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-04 के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न नव मोटर मार्गो के सर्वेक्षण एवं डी0पी0आर0 गठन हेतु यू0आर0आर0डी0ए0, देहरादून में पंजीकृत ऐजेन्सी/संस्थाओं से दिनांक 29.05.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक मुहरबन्द कोटेशन आमंत्रित की जाती है जो उसी कार्य दिवस में अपरान्ह 02.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशनदाता एवं उनके जनप्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशनदाता को रू0 100.00 मय जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 01 का रसीदी टिकट लगाकर ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य होगा तभी कोटेशन स्वीकार की जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लम्बाई (किमी0 में) | जमानत धनराशि 02 प्रतिशत (रू0) | कोटेशन की वैधता | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ललुवापानी-बनलेख से मोराडी | 5.200 | 7400.00 | 20 दिन | ऐजेन्सी/संस्थाओं का यू0आर0आर0डी0ए0, देहरादून में पंजीकृत होना अनिवार्य है। |
| 02 | सल्ली-कुकड़ौनी से आमखेत | 14.000 | 20000.00 | 20 दिन | |
| 03 | चतुरकोट से तल्ला कफल्टा | 7.350 | 10500.00 | 20 दिन | |
| 04 | NH-9 किमी-100 से कोट अमोड़ी जोरका | 7.000 | 10000.00 | 20 दिन | |

नोट :- कोटेशन की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में नाटिस बोर्ड में देखी जा सकती है। (किसी भी कोटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा)।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड,पी0एम0जी0एस0वाई0
चम्पावत

## खनन विभाग व तहसील अधिकारियों की मिलीभगत से लक्सर क्षेत्र में हो रहा है अवैध खनन का कारोबार

# रामपुर रायघटी में स्टॉक की आड़ में चल रहा अवैध खनन का खेल

## स्टॉक का लाइसेंस लेकर अजीत सिंह व सर्वेश प्रधान पर खसरा नं. 78/2 व 75/3 में खनन का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर तहसील क्षेत्र में खनन विभाग व तहसील अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध खनन का कारोबार खूब फल फूल रहा है। शिकायत के बावजूद भी अधिकारी खनन कारोबारियों पर अंकुश लगाने को तैयार नहीं हैं। शिकायतकर्ता मौ. अहसान का कहना है कि स्टाक की आड में अवैध खनन किया जा रहा है जिस जमीन पर उच्च न्यायालय से स्टे के आदेश है। उस जमीन में भी खनन माफियाओं ने बडे बडे गडढे खोद डाले हैं। तहसील प्रशासन व खनन विभाग शिकायत के बावजूद अवैध खनन के कारोबार पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

शिकायकर्ता अहसान का कहना है कि रामपुर रायघटी के खसरा नंबर 75/3 व 78/2 यूपी बोन कंपनी की सैकडों बीघा जमीन है जिस पर उच्च न्यायालय से यथा स्थिति के आदेश हुए हैं जिस आदेश की प्रतिलिपि तहसील प्रशासन लक्सर व खनन विभाग के अधिकारियों को भी दी हुई है और कई बार स्थानीय अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है लेकिन खनन माफिया हाईकोर्ट से स्टे के बावाजूद भी जमीन को खनन के जरिये तालाब बनाने से बाज नहीं आ रहे है। एसडीएम, तहसीलदार व क्षेत्रीय लेखपाल व पुलिस को भी रामपुर रायघटी के खसरा नंबरों 78/2 व 75/3 मे हाईकोर्ट से स्टेटस को (यथा स्थिति) के आदेश की कापी भी सौंपी है लेकिन अधिकारियों ने हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करने के बजाय खुले तौर पर अवहेलना की जा रही है। पीडित का कहना है कि कई बार अधिकारियों को खनन करते वाहनों के वीडियो व खनन माफियाओं के नाम भी उपलब्ध कराये है लेकिन तहसील प्रशासन ने उनके खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं की है। शिकायतकर्ता अहसान का कहना है कि इसी जमीन के बराबर में अजीत सिंह व सर्वेश प्रधान ने स्टाक का लाईसेंस लिया हुआ है अब यह लोग खसरा नंबर 78/2 75/3 में रात के वक्त अवेध खनन कराकर अपने स्टाक में डाल रहे हैं जबकि रायलटी कहीं ओर से डलवाकर माल बेचने के आरोप भी हैं।



**❖उच्च न्यायालय से स्टेटस को आदेश के बाद भी माफियाओं ने खेतों में बना डाले बड़े बड़े गड्ढे**

गौरतलब है कि रामपुर रायघटी गांव के खसरा नंबर 78/2 75/3यूपी बोन कंपनी की सैकडों बीघे जमीन है जिस पर सरकार व कंपनी के बीच विवाद चल रहा है लेकिन हाईकोर्ट नैनीताल ने 18 मई 2022 को कंपनी के हित में ही स्टेटस-को (यानि यथास्थिति) का आदेश कर दिया था। उसके बाद कंपनी ने लगातार डीएम व जिला खनन अधिकारी तथा लक्सर तहसील प्रशासन को हाईकोर्ट के आदेश की कापी साथ लगाकर उक्त जमीन पर यथा स्थिति बनाये रखने की मांग की गयी है लेकिन उक्त जमीन पर क्षेत्र के खनन माफिया लगातार खनन कर रहे हैं। अधिकारियों को उक्त जमीन में खनन करते हुए फोटोग्राफस, वीडियो आदि भी उपलब्ध करायी थी लेकिन फिर भी तहसील प्रशासन खनन माफियों पर अंकुश नहीं लगा पाया। अब 29 अक्टूबर 2025 को फिर से हाईकोर्ट से अवेध खनन को लेकर स्थिति बतयी गयी तो 29 अक्टूबर 25 को फिर से उच्च न्यायालय नैनीताल ने 18 मई 2022 के आदेश को आगे बढा दिया है। पीडित मौ. अहसान ने बताया कि पास में ही अजीत सिंह व सर्वेश प्रधान द्वारा स्टाक की आड में यूपी बोन की जमीन के खसरा नंबरों में रात को चुपचाप अवैध खनन का खेल किया जा रहा है। और जिसकी प्रशासन को लगातार शिकायत भी की जा रही है लेकिन तहसील प्रशासन व खनन विभाग खनन माफियाओं के इस काले खेल पर अंकुश लगाने में नाकाम है। खेतों में खनन कारोबारियों ने गडढे कर दिये हैं वही इस अवेध खनन से सरकार को भी राजस्व की बडी हानि हो रही है। पीडित का यह भी कहना है कि उक्त प्रकरण की शिकायत के लिए जिलाधिकारी को कई बार फोन किया गया लेकिन फोन नहीं उठाया जाता है।



**❖ हाईकोर्ट नैनीताल ने 18 मई 2022 को यूपी बोन कंपनी के हित में ही स्टेटस-को (यानि यथास्थिति) का आदेश कर दिया था, अब 29 अक्टूबर 2025 को पहले आदेश को हाईकोर्ट ने फिर किया बरकरार**



## राज्यमंत्री देशराज की पत्नी से मारपीट प्रकरण में गिरफ्तारी पर असपा का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम झबरेड़ी निवासी भीम आर्मी कार्यकर्ता को पुलिस द्वारा शनिवार रात्रि को गिरफ्तार किए जाने पर रविवार को सुबह से ही भीम आर्मी के कार्य करता कोतवाली में जुटना शुरू हो गए। दोपहर तक दर्जनों की संख्या में भीम आर्मी कार्य कर्ता व आजाद समाज पार्टी प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह भी कोतवाली पहुंचे तथा उन्होंने पुलिस पर भाजपा के दबाव में काम करने का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार शनिवार रात्रि पुलिस द्वारा ग्राम झबरेड़ी में दबिस देकर 23 मई को वैजयंती माला द्वारा सौरभ पुत्र दयाचंद व 15 अन्य लोगों जिनमे दो महिलाएं भी है के खिलाफ गाली गलौज मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। उसी संबंध में पुलिस द्वारा सौरभ को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी का पता लगते हैं आजाद समाज पार्टी प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह अपने दर्जनों साथियों के साथ रविवार को कोतवाली में आए। उन्होंने कोतवाली में प्रेस वार्ता करते हुए आरोप लगाया कि कोतवाली पुलिस सत्ता के दबाव में आकर एक पक्षीय कार्रवाई कर रही है ।उन्होंने यह भी आरोप लगाया की वैजयंती माला द्वारा जो मेडिकल रिपोर्ट रोडकी सिविल अस्पताल में कराई गई है वह पूरी तरह गलत व फर्जी है उन्होंने बताया कि भीम आर्मी कार्य करता बड़ी संख्या में सोमवार को रुड़की स्थिति सिविल अस्पताल में इकट्ठा होंगे तथा जिस भी डॉक्टर द्वारा वैजयंती माला का फर्जी मेडिकल बनाया गया है उस डॉक्टर का डटकर विरोध किया जाएगा तथा फर्जी व गलत मेडिकल बनाने वाले डॉक्टर पर कार्यवाही करने की मांग भी की जाएगी। फर्जी मेडिकल के आधार पर पुलिस द्वारा एक अँग भंग किए जाने की धारा जो गंभीर धाराओं में आती है और अलग से जोड़ दी गई है जो गलत है। इसका पूर जोर विरोध किया जाएगा।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय राष्ट्रवादी सैनी समाज संगठन की ओर से शहर के एक होटल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले शीर्ष दस विद्यार्थियों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि श्यामवीर सैनी ने कहा कि आज समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से परिवार, समाज और विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले शिक्षा के प्रति जागरूकता अपेक्षाकृत कम थी, लेकिन अब समाज के बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उन्होंने सम्मानित विद्यार्थियों को अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। पूर्व राज्यमंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि संगठन द्वारा विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए किया गया यह प्रयास सराहनीय है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में प्रतिस्पर्धा और जागरूकता बढ़ाने का कार्य करते हैं। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रोमा सैनी ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान उन्हें आगे बढ़ने और नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित करता है। संगठन के संस्थापक प्रभारी अरुण कुमार सैनी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



कार्यक्रम में वक्ताओं ने बच्चों को नशे की लत से दूर रहने और अपने भविष्य को संवारने का संदेश दिया। साथ ही अभिभावकों से अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने और उन्हें बुरी संगत से बचाने का आह्वान किया।इस अवसर पर श्यामवीर सैनी, संयम सैनी, रोमा सैनी, वीरेंद्र सिंह सैनी, दीपक सैनी, अनुज सैनी, डॉ. संजय सैनी, अश्वनी सैनी, दीपचंद सैनी, आदेश सैनी, मनीष सैनी, अमित सैनी, निशांत सैनी, राकेश सैनी, राजेश सैनी, सुभाष सैनी, मलखान सैनी, अशोक सैनी, बिना सैनी, प्रमोद सैनी, सूर्यकांत सैनी, मास्टर प्रवीण सैनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कलियर क्षेत्र से लापता किशोरी का शव मोहम्मदपुर झाल से हुआ बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के एक गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी का शव शनिवार शाम मोहम्मदपुर झाल से बरामद हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी का शव मोहम्मदपुर झाल से बरामद हुआ।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी 27 मई को खेत में काम करने के लिए घर से निकली थी। लेकिन देर शाम तक वापस नही लौटी। परिजनों ने उसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नही मिला। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर किशोरी की बरामदगी की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार शाम को मोहम्मदपुर झाल से किशोरी का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।बताया जा रहा है कि किशोरी के पिता का कई वर्ष पहले निधन हो चुका है। परिवार में उसकी मां ही उसका सहारा थी। कुछ पारिवारिक परिस्थितियों को लेकर किशोरी अपनी मां से नाराज चल रही थी। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

वहीं दूसरी ओर मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि किशोरी का शव मोहम्मदपुर झाल से बरामद हुआ है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

## निशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर में सैकड़ों की हुई जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** सावित्री हॉस्पिटल एण्ड हार्ट केयर रुड़की के सौजन्य से पब्लिक स्कूल, गुरुकुल नारसन रोड, झबरेड़ा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में 130 लोगों द्वारा अपनी जांच करवा कर स्वास्थ्य लाभ उठाया।

रविवार को पब्लिक स्कूल, गुरुकुल नारसन रोड, झबरेडा में पूर्व विधायक चौधरी यशवीर सिंह तथा वर्तमान कांग्रेस विधायक वीरेंद्र जाती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों ने पहुंचकर अपनी बीमारियों की जांच कराई।जन-कल्याणकारी शिविर में आए सभी डॉक्टरों द्वारा मरीजों की बीमारियों का मुफ्त परामर्श दिया गया। शिविर में आने वाले मरीजों को जरूरत के अनुसार मुफ्त दवाइयाँ बांटी गईं। मरीजों की ईसीजी, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जाँच बिल्कुल मुफ्त की गई। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र कुमार ने बताया कि निशुल्क शिविर के दौरान कल 130 मरीजों की जांच की गई जिन में से 30 मरीजों की ईसीजी व 8 मरीज का ब्लड टेस्ट किया गया।

### आर्य समाज बीटी गंज के वार्षिक चुनाव संपन्न

## अरुण कुमार प्रधान व मंत्री पद पर राजकुमार अनेजा निर्वाचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आर्य समाज बीटी गंज रुड़की के वार्षिक चुनाव संपन्न हो गये। वार्षिक चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में जिला हरिद्वार के प्रधान डॉक्टर श्याम सिंह एवं मंत्री वीरेंद्र शर्मा ने उपस्थित होकर सहयोग दिया।

वार्षिक चुनाव के दौरान प्रधान पद के लिए डॉक्टर अरुण कुमार त्यागी, उप प्रधान हरफूल सिंह राठी, राजकुमार अनेजा मंत्री पद, उप मंत्री पद पर सुरेश चंद बंसल, कोषाध्यक्ष पद पर रविंद्र कुमार त्यागी, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर राकेश कुमार, से पुस्तक कार्य अध्यक्ष सतीश आर्य, लेखा निरीक्षक पद पर सतीश पाल निर्विरोध निर्वाचित हुए। अंतरंग अंतरंग समिति के सदस्य स्वामी ब्रह्मानंद, विशाल रयान, संध्या पाल, सुरेश बंसल एवं आलोक द्विवेदी नामित हुए। जिला सभा के लिए सतीश आर्य, स्वामी ब्रह्मानंद, विजय सिंह वर्मा एवं हरफूल सिंह राठी नामित किए गए। इस अवसर पर महिला आर्य समाज के पदाधिकारीयो बाला देवी, राजेश आर्य, उर्मिला राठी, अमरेश आर्या, सोनिया भाटिया, रागिनी मित्तल, साधना अग्रवाल एवं नीता अग्रवाल आदि ने नवनिर्वाचित सदस्यों को ढेर सारी बधाई दी। अंत में आर्य समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने उपस्थित आर्य समाज के सदस्यों का अब हर व्यक्त किया।

## दहेज उत्पीड़न में पति, सास-ससुर सहित पांच पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खजूरी निवासी एक विवाहिता ने अपनी जान-माल की सुरक्षा और ससुराल वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए महिला हेल्पलाइन रुड़की में गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले कम दहेज और बेटी पैदा होने के कारण उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। यही नहीं, आरोपित पति ने सोशल मीडिया पर आत्महत्या की झूठी वीडियो डालकर पीड़िता के परिवार को ब्लैकमेल करने का भी प्रयास किया है।

जानकारी के अनुसार झबरेडा कोतवाली के ग्राम खजूरी निवासी आसमा ने महिला हेल्पलाइन में दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह करीब डेढ़ वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार समीर निवासी लण्ढौरा, थाना कोतवाली मंगलौर के साथ हुआ था।माता-पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक दान-दहेज देकर बेटी को विदा किया था। आरोप है कि शादी के बाद ही लालची प्रवृत्ति के ससुराल वाले दिए गए उपहारों से नाखुश थे। शादी के कुछ समय बाद ही कम दहेज को लेकर ताने व प्रताड़ना देने लगे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला हेल्पलाइन रुड़की की काउंसलिंग के बाद पीड़िता के पति समीर, ससुर सगीर, सास रुकसाना, देवर नदीम,शोयब निवासी लण्ढौरा, मंगलौर, हरिद्वार के खिलाफ संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## रात्रि में दो पानी की मोटर हुई चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के खेड़ी मुबारकपुर में खेत से अज्ञात चोरों द्वारा दो पानी की मोटर को चोरी कर लिया गया है पुलिस में पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है जसवीर सिंह पुत्र पहल सिंह निवासी खेड़ी कला थाना लक्सर ने बताया कि हमारे खेत में पानी की मोटर लगी हुई थी रात्रि में किसी अज्ञात चोरों के द्वारा दोनों पानी की मोटर चोरी कर ली गई है हमने बहुत तलाश की हमें नहीं मालूम की मोटर किसने चोरी की है उन्होंने कहा आज हमने पुलिस में पत्र देकर गुहार लगाई है की अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है वहीं पुलिस का कहना है कि जसवीर सिंह के द्वारा मोटर चोरी का पत्र दिया गया है उसमें बारीकी से जांच की जा रही है बहुत जल्द मुलजिम को पड़कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा

## समर कैंप के अनुश्रवण के लिए पहुंचे डायट प्राचार्य

## भाषा, संवाद व रचनात्मक गतिविधियों से प्रभावित हुए मैराज अहमद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय इमलीखेड़ा में संचालित ग्रीष्मकालीन समर कैंप का अनुश्रवण करने हेतु डायट रुड़की के प्राचार्य मैराज अहमद विद्यालय पहुंचे। उन्होंने समर कैंप में बच्चों द्वारा की जा रही शैक्षिक, भाषाई एवं रचनात्मक गतिविधियों का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया तथा उनकी सहभागिता की सराहना की। समर कैंप के दौरान बच्चों द्वारा भाषा खेल, समूह गतिविधियां, संवाद अभ्यास एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई। प्राचार्य मैराज अहमद ने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उनकी अभिव्यक्ति क्षमता, आत्मविश्वास एवं सीखने की जिज्ञासा की प्रशंसा की। इस अवसर पर डायट प्राचार्य मैराज अहमद ने कहा कि ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों के लिए केवल अवकाश का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सीखने, संवाद करने और व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और भाषाई दक्षता विकसित करती हैं। नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालयों में आनंदमय एवं गतिविधि आधारित शिक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय स्तर पर इस प्रकार के नवाचारी प्रयास विद्यार्थियों को विद्यालय से भावनात्मक रूप से जोड़ते हैं तथा उनमें सीखने के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करते हैं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती नीलम आर्या ने समर कैंप की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में बच्चों को भाषा, कला, खेल, संवाद एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इस दौरान शिक्षक राजीव कुमार शर्मा, मदन पाल एवं विनोद गोयल सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता और शैक्षिक गतिविधियों से जीवंत बना रहा।



## आदर्श समाज व बेहतर राष्ट्र निर्माण के लिए तालीम का होना जरूरी : मुफ्ती सलीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** स्वामी नारायण देवभूमि समाज कल्याण एवं एडुकेशनल ट्रस्ट के माहीगीरान स्थित कार्यालय पर बोलते हुए मदरसा रहमानिया के मुफ्ती सलीम ने कहा कि मुस्लिम समुदाय को शिक्षा पर सबसे अधिक ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि एक आदर्श समाज और बेहतर राष्ट्र निर्माण के लिए तालीम का होना बहुत जरूरी है।

मदरसा वक्फ समिति के प्रशासक हाजी मुस्तकीम ने कहा कि दीनी तालीम के साथ दुनियावी शिक्षा भी आज की बड़ी जरूरत है जिसके लिए सरकार की ओर से अनेक योजनाएं बनाई गई है जिसका मुस्लिम समाज को लाभ ले कर मुल्क की तरक्की में भागीदारी करें। ट्रस्ट के अध्यक्ष चौधरी अब्दुल मलिक ने कहा कि स्वामी नारायण देवभूमि समाज कल्याण ट्रस्ट के मुख्य उद्देश्य शिक्षा, समाज सेवा, निशुल्क चिकित्सा, राष्ट्रीय जनजागृति व राष्ट्र निर्माण हैं। अंतरराष्ट्रीय शायर अफजल मंगलोरी ने कहा कि आज हमारे समाज मे लड़कियाँ शिक्षा में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं जबकि लड़कों में ये संख्या कम है जिसके लिए हमारे धार्मिक गुरुओं को आगे आने की जरूरत है।इस अवसर पर मो गयूर ,मो कुर्बान लंढोरा, विकास कुमार, शेरू मलिक, शशी सैनी आदि मौजूद रहे।



**लक्सर तहसील क्षेत्र में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

इस्लाम अंसारी
संवाददाता मो. नं. 9368942735, 9759860322
विनित भैया
संवाददाता मो. नं. 9837277814

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

सोमवार, 1 जून 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## बंगाल में फिर हिंसा

देश महंगाई की चपेट में है, रोजाना प्रयोग होने वाली चीजें महंगी हो गई है, दूसरी ओर देश का एक राज्य पश्चिमी बंगाल बदले की भावना की आग में जल रहा है। आखिरे देश किस ओर जा रहा है और हमारे मंत्री से लेकर संतरी तक आंख बंद कर बैठे हुए हैं। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद से लगातार सियासी बवाल जारी है। शनिवार को टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के बाद अब पार्टी के एक और सांसद कल्याण बनर्जी पर हमला किया गया है। इसके बाद तनाव और भी बढ़ गया है। हुगली में प्रदर्शनकारियों ने कल्याण बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चोर-चोर के नारे लगाए। इसके साथ उनके साथ मारपीट भी की गई। वहीं इस पूरे मामले पर टीएमसी सांसद का बयान सामने आया है। उन्होंने अपने ऊपर हुए हमले के पीछे बीजेपी का हाथ बताया है, जबकि बीजेपी का कहना है कि ये सब टीएमसी का ड्रामा है, इसके अलावा कुछ भी नहीं। यहां यह बात उल्लेखनीय है कि जब ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री थी, तब बीजेपी के कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ था। अब वहां भाजपा के सीएम शुभेंदु की सरकार है। अगर बीजेपी हिंसा में विश्वास नहीं रखती, तो सवाल उठता है कि अब टीएमसी नेताओं पर हमले क्यों हो रहे हैं। यह तो वही बात हुई कि अगर कुत्ता इंसान को काट ले, तो इंसान कुत्ते को नहीं काटता, केवल अपना इलाज करवाता है। इसलिए यदि भाजपा सरकार को लग रहा है कि टीएमसी के नेता भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं, जो सरकार को कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और सरकार की आड़ में टीएमसी नेताओं पर हमले हो रहे है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी चंडीतला पुलिस स्टेशन के ऑफिसर इंचार्ज से मिलने और ज्ञापन देने के लिए कार से आ रहा थे, तो चंडीतला मार्केट में बहुत ज्यादा ट्रैफिक जाम था। उस समय वे अपने पीएसओ के साथ चंडीतला क्रॉसिंग पर चल रहे थे, जो चंडीतला पुलिस स्टेशन से 50 किलोमीटर दूर है। भगवा कपड़ों में 10-15 भाजपा के गुंडे थे, जिन्होंने अचानक नारे लगाए और दुश्मनी का माहौल बना दिया। इसके साथ ही बंगाल पुलिस चुपचाप तमाशा देखती रही। इसका मतलब ये हुआ कि भाजपा सरकार में पुलिस भी निकम्मी हो गई है। किसी भी राज्य की पुलिस की जिम्मेदारी अपराध रोकने की होती है, लेकिन पश्चिम बंगाल पुलिस अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा सकी। जब पुलिस ही निरंकुश हो जाएगी, तो अपराध बढ़ेंगे ही। फिर सीएम शुभेंदु कैसे कहेंगे कि उनके राज्य में अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। सरकार बनने के बाद किसी भी सीएम की जिम्मेदारी राज्य में अपराध रोकने की होती है। इसके सामने पार्टी गौण होती है, लेकिन पश्चिम बंगाल में जो कुछ हो रहा है, उसे किसी भी स्तर पर ठीक नहीं कहा जा सकता, क्योंकि बदला लेने की भावना हमारे देश की परंपरा नहीं है।

## भाजपा सरकार के दावों की पोल खुली



भाजपा याद रखे कि वो जिस हिंसक राजनीति को दूध पिलाकर पाल-पोस रही है, वो आस्तीन की सांप है, पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में वयोवृद्ध तृणमूल सांसद श्री कल्याण बनर्जी पर जानलेवा हमला बेहद निंदनीय और गंभीर घटना है। लोकसभा स्पीकर संज्ञान लें, इससे पूर्व दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर में शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले की घटना ने पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार के दावों की पोल खोलते हुए गंभीर सवाल खड़े कर दिया हैं, हमलावरों की पहचान कर उन पर कार्रवाई होनी चाहिए।

-अखिलेश यादव
अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों, वरिष्ठ स्तंभकारों और लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, यहां प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

( सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003 )

# छोटे से मदरसे से विश्व विख्यात संस्था बनना मामूली बात नहीं





शहज़ाद अली

**हाजी आबिद हुसैन तसव्वुफ के बड़े आलिम थे। उन्हें प्रसिद्ध सूफी संत हाजी इमदादुल्लाह मुहाजिर मक्की से खिलाफत (आध्यात्मिक उत्तराधिकार) प्राप्त थी। 1857 की क्रांति की विफलता के बाद जब भारत में मुस्लिम समाज सांस्कृतिक और शैक्षिक रूप से बिखर रहा था, तब हाजी आबिद हुसैन की आध्यात्मिक साख और इमाम कासिम नानौतवी के अकादमिक दृष्टिकोण ने मिलकर देवबंदी आंदोलन को जन्म दिया। दारुल उलूम देवबंद के प्रथम स्नातक महमूद हसन (शेखुल हिंद) ने रेशमी रुमाल आंदोलन (Silk Letter Movement) के जरिए अंग्रेजों को उखाड़ फेंकने की राजनैतिक आन्दोलन कायम किया।**

हाजी सैयद मुहम्मद आबिद हुसैन देवबंदी दारुल उलूम देवबंद के मुख्य संस्थापकों और इसकी आधारशिला रखने वाले प्राथमिक स्तंभ हैं। ऐतिहासिक तथ्यों और तर्कों के आधार पर उन्हें इस वैश्विक इस्लामी संस्थान के संस्थापकों में शीर्ष स्थान प्राप्त है। 30 मई 1866 (15 मुहर्रम 1283 हिजरी) को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद कस्बे की छत्ता मस्जिद में एक अनार के पेड़ के नीचे इस ऐतिहासिक मदरसे की शुरुआत हुई थी। इस महान कार्य में उनके साथ मौलाना फजलुर्रहमान, मौलाना जुल्फिकार अली, हाजी फजलेहक, उलेमा शामिल थे।

हाजी आबिद हुसैन के संस्थापक होने के पक्ष में तर्कसंगत और ऐतिहासिक साक्ष्य निम्नलिखित बिंदुओं के माध्यम से समझे जा सकते हैं-

### संस्थागत आधारशिला और चंदा संग्रह की शुरुआत

ऐतिहासिक स्रोतों के अनुसार, देवबंद में एक व्यवस्थित और स्वतंत्र उच्च स्तरीय अरबी मदरसे की स्थापना के व्यावहारिक विचार को धरातल पर उतारने में हाजी आबिद हुसैन की भूमिका सबसे अग्रणी थी। उन्होंने ही सबसे पहले इस संस्थान के लिए सार्वजनिक चंदा इकट्ठा करने का अभियान शुरू किया था। उलेमाओं के इस समूह का नेतृत्व करते हुए उन्होंने अपने व्यक्तिगत प्रभाव से लोगों को इस शैक्षणिक क्रांति से जोड़ा।

### दारुल उलूम के प्रथम मोहतमिम

हाजी आबिद हुसैन न केवल इसके संस्थापक सदस्य थे, बल्कि वे दारुल उलूम देवबंद के सबसे पहले मोहतमिम बनाए गए थे। उन्होंने तीन अलग-अलग कार्यकालों में इस पद को संभाला और संस्थान के प्रशासनिक ढांचे की मजबूत नींव रखी।

प्रथम कार्यकाल - 1866 से 1867 तक
द्वितीय कार्यकाल - 1869 से 1871 तक
तृतीय कार्यकाल - 1890 से 1892 तक

### मदरसे की इमारत के लिए भूमि और वैधानिक दस्तावेज

जब दारुल उलूम को मस्जिद से निकालकर एक स्वतंत्र और भव्य शैक्षणिक संस्थान के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया, तो हाजी आबिद हुसैन ने इसमें केंद्रीय भूमिका निभाई। संस्थान की नई इमारत के निर्माण के लिए जो जमीन खरीदी गई थी, उसका बिक्री-विलेख (Sale-Deed) हाजी आबिद हुसैन के नाम पर ही हस्ताक्षरित हुआ था। मियांजी मुन्ने शाह के बाद वे दूसरे ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने इस नई इमारत की आधारशिला (नींव का पत्थर) रखी थी।

हाजी आबिद हुसैन तसव्वुफ के बड़े आलिम थे। उन्हें प्रसिद्ध सूफी संत हाजी इमदादुल्लाह मुहाजिर मक्की से खिलाफत (आध्यात्मिक उत्तराधिकार) प्राप्त थी। 1857 की क्रांति की विफलता के बाद जब भारत में मुस्लिम समाज सांस्कृतिक और शैक्षिक रूप से बिखर रहा था, तब हाजी आबिद हुसैन की आध्यात्मिक साख और इमाम कासिम नानौतवी के अकादमिक दृष्टिकोण ने मिलकर देवबंदी आंदोलन को जन्म दिया। दारुल उलूम देवबंद के प्रथम स्नातक महमूद हसन (शेखुल हिंद) ने रेशमी रुमाल आंदोलन (Silk Letter Movement) के जरिए अंग्रेजों को उखाड़ फेंकने की राजनैतिक आन्दोलन कायम किया। यहां के उलेमा ने बाद में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की स्थापना की और द्वि-राष्ट्र सिद्धांत (Two-Nation Theory) का विरोध करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ मिलकर अखंड भारत की आजादी की लड़ाई लड़ी। वैश्विक और भारतीय इतिहासकारों (जैसे क्रिस्टोफ जाफ्रेलॉट और जियाउद्दीन सरदार) के शोध इस बात की पुष्टि करते हैं कि हाजी आबिद हुसैन ने ही सूफी परंपरा और जन-भागीदारी के मेल से इस मदरसे की शुरुआत की थी, जिसमें बाद में इमाम कासिम नानौतवी मुख्य मार्गदर्शक के रूप में शामिल हुए। तर्कसंगत और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर यह पूरी तरह अकाट्य है कि हाजी आबिद हुसैन देवबंदी केवल एक सहयोगी नहीं, बल्कि दारुल उलूम देवबंद के मूल संस्थापक, पहले प्रशासनिक प्रमुख और इसके अस्तित्व के जन्मदाता थे। उनके बिना देवबंद आंदोलन और इस महान इदारे के आरंभिक इतिहास की कल्पना असंभव है परन्तु यह भी विडम्बना है कि इस महापुरुष के साथ घोर नाइंसाफी यह है कि इनके नाम पर दारुलउलूम में कोई विभाग, भवन, एकेडमी आदि का नामकरण नहीं हो पाया। 2024 के प्रस्ताव के अनुसार दारुल उलूम ने हाजी आबिद हुसैन देवबंदी को संस्थापक मानते हुए इनके नाम पर एक इमारत के नामकरण को स्वीकार किया गया है। यह कहावत देर आयद दुरुस्त आयद तो कहा जा सकता है मगर अपने ऊपर एक सवाल खड़ा कर रहा है कि हकीकत और इतिहास को स्वीकार करने में इतनी बाधा क्यों आती है।

# युवाओं में प्रचलित हुक्का बन सकता है जान का दुश्मन



डा. एम.के. तनेजा

**हुक्का पीने से सबसे पहले गले पर असर पड़ता है लगतार धुएं के सम्पर्क में रहने से गले में जलन, खरास और सूजन होने लगती है। कई लोगों को बार-बार खांसी की समस्या हो जाती है। लंबे समय तक हुक्का पीने से आवाज बैठने लगती है और बोलने में कठिनाई भी हो सकती है। इसके अलावा गले में कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। नाक पर भी हुक्के का नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हुक्के का धुआं नाक की अंदरूनी झिल्ली को प्रभावित करता है।**

आज के समय में युवाओं के बीच हुक्का पीना एक फैशन बन गया है। बहुत से लोग यह मानते है कि हुक्का सिगरेट की तुलना में कम नुकसानदायक होता है लेकिन यह धारणा गलत है। हुक्का स्वास्थ्य के लिए सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पाद से कई गुना अधिक हानिकारक हैं। हुक्के में निकोटिन, कार्बन मोनोऑसाइड और कई जहरीले रसायन पाए जाते है जो शरीर के विभिन्न अंगो पर बुरा प्रभाव डालते हैं। विशेष रूप से कान, नाक और गले पर इसके गंभीर दुष्प्रभाव दिखने को मिलते हैं। हुक्का पीने से सबसे पहले गले पर असर पडता है लगतार धुएं के सम्पर्क में रहने से गले में जलन, खरास और सूजन होने लगती है। कई लोगो को बार बार खांसी की समस्या हो जाती है। लंबे समय तक हुक्का पीने से आवाज बैठने लगती है और बोलने में कठिनाई भी हो सकती है। इसके अलावा गले में कैंसर होने की संभावना बढ जाती है। नाक पर भी हुक्के का नकारात्मक प्रभाव पडता है। हुक्के का धुआं नाक की अंदरूनी झिल्ली को प्रभावित करता है जिससे एलर्जी, साइनस और नाक बंद रहने जैसी समस्याएं हो सकती है। कुछ लोगो को सांस लेने में परेशानी होने लगती है। धुएं के कारण नाक की सूंघने की क्षमता भी कम हो सकती है। कानों पर भी इसका अप्रत्यक्ष प्रभाव पडता है। गले और नाक में संक्रमण होने पर उसका असर कानों तक पहुंच सकता है। इससे कान में दर्द, भारीपन या सुनने में परेशानी हो सकती है। बच्चों और युवाओं में यह समस्या अधिक देखने को मिलती है। वृद्धापन होने वाला बहरापन बढ़ जाता है। मधुमेह के रोगी में विशेष हानिकारक होता है। हुक्का पीने से मुंह और दांतो पर भी असर पड़ता है, इससे दांत पीले पड जाते हैं। मसूड़ों में सूजन आ जाती है और मुंह से दुर्गंध आने लगती है। लगातार हुक्का पीने वाले लोगों में मुंह के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। हुक्का केवल कान, नाक और गले को ही नहीं बल्कि पूरे शरीर को प्रभावित करता है इससे फेफड़ों की क्षमता कम होती है और सांस संबंधी रोग बढ़ते हैं। हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और कमजोरी जैसी समस्याएं भी हो सकती है। गर्भवती महिलाओं के लिए हुक्का अत्यंत हानिकारक माना जाता है क्योंकि इसका प्रभाव बच्चे के स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। सामान्यतया यह माना जाता है कि धुंआ पानी से छनकर आने के कारण हानिकारक तत्व पानी में रह जाते हैं। ऐसा नहीं है केवल तापमान गिर जाता है। टोक्सिक पदार्थ स्वास्थ्य के साथ फेफड़ों में पहुंचते हैं।



दूसरा महत्वपूर्ण यह है कि हुक्के में शीशा इत्यादि खराब पदार्थ मिले होने के कारण कैंसर का खतरा कई गुणा बढ़ जाता है। सबसे हानिकारक है सिगरेट की अपेक्षा हुक्के में दम कई गुणा ताकत से लगाने के कारण यह फेफड़ों और साईनस के अन्दर गहराई तक जाकर नुकसान पहुंच. ाता है। समाज में यह जागरूकता फैलाना बहुत आवश्यक है कि हुक्का किसी भी प्रकार से सुरक्षित नहीं है। युवाओं को इसके दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से लोगों को तम्बाकू और हुक्के से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यदि कोई हुक्का पीने की आदत छोड़ना चाहता है तो उसे परिवार और डाक्टर की सहायता लेनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# टीवी चैनलों की डिबेट में कम जानकारी रखने वाले न बुलाए जाएं





शिबली रामपुरी

मौजूदा समय में टीवी चैनलों पर जिस तरह की डिबेट हो रही है, उसे देखकर आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि या तो कुछ चेहरे सिर्फ पैसों के लिए वहां जाते हैं या फिर डिबेट में शामिल होने वाले अधिकांश लोगों के पास इतना ज्ञान नहीं होता कि वे अपनी बात प्रभावी ढंग से रख सकें। नतीजा यह होता है कि उनकी बदनामी होती है या फिर उनका मजाक उड़ाया जाता है।

हम काफी समय से देख रहे हैं कि अधिकांश टीवी चैनलों की डिबेट में वास्तविक चर्चा के बजाय कुछ और ही होता है, जिसका न तो जनता की समस्याओं से कोई संबंध होता है और न ही उसे पत्रकारिता की मर्यादा में रखा जा सकता है। पिछले कई वर्षों से अधिकतर चैनलों पर हिंदू-मुस्लिम मुद्दों के नाम पर बहस के मंच सजते हैं। इनमें राजनीतिक लोगों से लेकर खुद को आलिम बताने वाले लोग भी शामिल होते हैं। इनमें से कई ऐसे होते हैं जिनकी बातें सुनकर लगता है कि या तो उन्हें सिर्फ पैसे लेकर बुलाया गया है या फिर उनके पास इतना ज्ञान ही नहीं है कि वे मुसलमानों से जुड़े मुद्दों पर मजबूती के साथ अपनी बात रख सकें।

कुछ लोग यह भी कहते हैं कि टीवी चैनलों पर होने वाली ऐसी डिबेट का बहिष्कार कर देना चाहिए, लेकिन आज के मीडिया युग में मीडिया से दूरी बनाकर नहीं रहा जा सकता, क्योंकि इससे मुसलमानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है और वे उठा भी रहे हैं। यह एक कड़वी सच्चाई है कि मुसलमान आज भी मीडिया से उस स्तर पर नहीं जुड़ पाए हैं, जिस स्तर पर उन्हें जुड़ना चाहिए था। उन्होंने अभी तक मीडिया को अपनी आवश्यकताओं में उस तरह शामिल नहीं किया है, जितनी आज एक मजबूत और प्रभावशाली मीडिया की उन्हें आवश्यकता है। जब तक मुसलमान मीडिया की अहमियत को नहीं समझेंगे, तब तक उनके सामने इसी तरह की समस्याएं आती रहेंगी और टीवी चैनलों की डिबेट में उनके बारे में वैसी ही बातें होती रहेंगी जैसी आज देखने को मिल रही हैं। यदि गंभीरता से विचार किया जाए कि आज मुसलमानों के पक्ष को मजबूती और प्रभावी ढंग से रखने वाले कितने लोग टीवी चैनलों की डिबेट में मौजूद हैं, तो अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है। केवल कुछ ही लोग ऐसे दिखाई देते हैं जो मुस्लिम मुद्दों पर होने वाली बहस में अपनी बात प्रभावशाली ढंग से रख पाते हैं। बाकी लोगों का हाल यह है कि वे अक्सर हंगामा करते हुए नजर आते हैं या फिर जवाब न होने की स्थिति में उनका मजाक तक उड़ाया जाता है।

मीडिया समय की जरूरत है और मुसलमानों की भी एक बड़ी जरूरत है। इसलिए आवश्यक है कि योग्य मुसलमान आगे आएं। विशेष रूप से प्रतिभाशाली और पढ़े-लिखे युवाओं को आगे बढ़ना चाहिए तथा उनकी हौसला-अफजाई की जानी चाहिए। मीडिया में ऐसे ही सक्षम मुस्लिम युवाओं को अवसर मिलना चाहिए जिन्हें धार्मिक ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक, राजनीतिक और समसामयिक मुद्दों की भी अच्छी समझ हो। मीडिया में मुसलमानों की स्थिति का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि जब देश का कोई बड़ा आलिम किसी मुद्दे पर अपनी व्यक्तिगत राय देता है, तो कई मीडिया संस्थान उसे 'फतवा' के रूप में प्रस्तुत कर देते हैं, जबकि फतवे और व्यक्तिगत राय में जमीन-आसमान का अंतर होता है। किसी भी डिबेट में हंगामा या शोर-शराबा करने से कुछ हासिल नहीं होने वाला। यह केवल एक गलत तरीका है। बेहतर यही है कि शालीनता, तर्क और प्रभावी शैली के साथ अपनी बात मीडिया में रखी जाए। जो मुस्लिम संगठन मुसलमानों की भलाई के लिए काम करते हैं और जिनके कई कार्य सराहनीय भी हैं, दुर्भाग्य की बात यह है कि मीडिया के क्षेत्र में उनकी ओर से भी ऐसे आवश्यक कदम नहीं उठाए जा रहे हैं जिनसे यह कहा जा सके कि वे समुदाय की सही तस्वीर पेश करने के लिए मीडिया में गंभीर प्रयास कर रहे हैं। आज स्थिति यह हो गई है कि मुसलमानों के बारे में अनेक गलतफहमियां पैदा कर दी गई हैं, जिनका नुकसान कहीं न कहीं उन्हें उठाना पड़ रहा है। इसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि जब टीवी चैनलों की डिबेट में मुस्लिम मुद्दों पर चर्चा होती है, तो वहां मुसलमानों की सही तस्वीर पेश होने के बजाय उनके बारे में गलत धारणाएं अधिक पैदा होती हैं और फिर वे गलतफहमियां दूर-दूर तक फैल जाती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बुढ़ापा रोकने की तकनीक बना रहा रूस

## सुअर के अंदर इंसानी अंग उगाने पर काम जारी, 2.47 लाख करोड़ का एंटी एजिंग प्रोजेक्ट



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बढ़ती उम्र और शरीर की कमजोरी को रोकने के लिए 26 अरब डॉलर यानी करीब 2.47 लाख करोड़ रुपए का बड़ा सरकारी प्रोजेक्ट शुरू किया है। 'न्यू हेल्थ प्रिजर्वेशन टेक्नोलाजीज' नाम के इस प्रोग्राम में मिनी-पिग्स (विशेष प्रजाति के सुअर) के अंदर इंसानी अंग उगाने जैसे तकनीकों पर काम किया जाएगा।

द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुता. बिक, इस प्रोजेक्ट में जीन थेरेपी, लैब में इंसानी अंग तैयार करना और बेहद कम तापमान वाली क्रायोथेरेपी जैसी तकनीकों पर भी काम होगा। रूसी सरकार का दावा है कि इस मिशन का मकसद उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करना और दशक के अंत तक करीब 1.75 लाख लोगों की जान बचाना है। रूस के डिप्टी साइंस मिनिस्टर डेनिस सेकिरीनस्की ने अप्रैल में कहा था कि वैज्ञानिक ऐसी जीन थेरेपी तैयार कर रहे हैं,



■ इस प्रोजेक्ट का एक बड़ा हिस्सा बायोप्रिंटिंग पर आधारित है

जो शरीर की कोशिकाओं की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सके। उन्होंने इसे एंटी-एजिंग की दिशा में सबसे अहम रिसर्च में से एक बताया। इस प्रोजेक्ट का एक बड़ा हिस्सा बायोप्रिंटिंग पर आधारित है। इसमें 3डी प्रिंटर की मदद से जीवित टिश्यू और अंग तैयार किए जाते हैं। रूसी वैज्ञानिकों का दावा है कि वे इंसानी कार्टिलेज और चूहे की थायरायड ग्लैंड तैयार कर चुके हैं। लक्ष्य है कि 2030 तक इंसानी अंगों का पूरी तरह रिप्लेसमेंट किया जा सके। इसके साथ ही रूस जेनिटिकली माडिफाइड मिनी-पिग्स के अंदर इंसानी लिवर, किडनी और दिल को विकसित करने पर भी काम कर रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे भविष्य में आर्गन ट्रांसप्लांट की कमी दूर हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुतिन काफी समय से क्रायोथेरेपी और पेप्टाइड थेरेपी लेते रहे हैं। रूस के वैज्ञानिक व्लादिमिर खाविंसन पुतिन को बछड़ों के टिशू से बने खास पेप्टाइड्स देते थे। वे पेप्टाइड थेरेपी के जरिए एंटी-एजिंग इलाज का समर्थन करते थे। उनका दावा था कि इंसान 120 साल तक जी सकता है। ऐसा कहा जाता है कि पुतिन खुद को जवान रखने के लिए क्रायोथेरेपी का इस्तेमाल भी करते हैं। इसमें शरीर को करीब माइनस 112 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में कुछ समय रखा जाता है। आस्ट्रिया के पूर्व चांसलर सेबास्टियन कुर्ज ने बताया था कि 2018 में क्रेमलिन की एक बैठक के दौरान पुतिन ने उन्हें इस थेरेपी के फायदे विस्तार से बताए थे। पुतिन खुद को जवान रखने के लिए-112 डिग्री सेल्सियस ठंडे पानी में रहते है। इसे क्रायोथेरेपी या कोल्ड-थेरेपी कहा जाता है। पिछले साल बीजिंग में एक सैन्य परेड के दौरान पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिन. पिंग की बातचीत खूब चर्चा में रही थी। दरअसल वे इंसानी अंग बदलकर जीवन बढ़ाने और इंसानों के 150 साल तक जीने की संभावना पर बात करते सुनाई दिए थे। यह बातचीत एक हॉट-माइक रिकार्डिंग में दर्ज हो गई थी। उस समय इसे दो उम्रदराज नेताओं की सामान्य बातचीत माना गया, लेकिन अब इसे रूस की लंबी उम्र वाली सरकारी योजना से जोड़कर देखा जा रहा है। 73 साल के पुतिन लंबे समय से खुद को ताकतवर और फिट नेता के रूप में पेश करते रहे हैं।

# नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने दिया विवादित बयान

■ कहा: भारत ने नेपाल की जमीन पर जैसे अतिक्रमण किया है, वैसे ही कई जगहों पर नेपाल ने भी भारत की जमीन पर अतिक्रमण किया

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने रविवार को संसद में एक विवादित बयान देते हुए कहा कि जैसे भारत ने नेपाल की जमीन पर अतिक्रमण किया है, वैसे ही नेपाल ने भी कई जगहों पर भारत की जमीन पर अतिक्रमण किया है।

द काठमांडू पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल के प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी के सीमा विवाद को कूटनीतिक बातचीत के जरिए सुलझाया जाएगा। श्रम संस्कृति पार्टी के सांसद आरेन राय के संसद में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मुझे पता चला कि न केवल भारत ने नेपाल की जमीन पर अतिक्रमण किया है, बल्कि नेपाल ने भी कई जगहों पर भारत की भूमि पर अतिक्रमण किया है। इस मामले पर दोनों पक्षों को एक साथ बैठकर विचार करने की जरूरत है। इसके अलावा, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा के रास्ते भारत और चीन के बीच होने वाले व्यापार पर नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी- लेनिनवादी) की उप-संसदीय दल की नेता पद्मा अर्याल के एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी विवाद का समाधान कूटनीतिक बातचीत के जरिए निकाला जाएगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान को नई धमकी

## कहा: अमेरिका ईरान से बहुत अच्छे समझौते के करीब, नहीं बनी बात, तो अपनाएंगे दूसरा रास्ता



■ हम एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं अगर हम इसे कर लेते हैं, तो अच्छा है: ट्रम्प

■ अमेरिकी राष्ट्रपति के मुताबिक, ईरान ने कहा है: वह परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका और ईरान एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर वाशिंगटन को अपनी अपेक्षाओं के अनुरूप नतीजा नहीं मिला तो वह इसे दूसरे तरीके से खत्म करेगा।

ट्रम्प ने यह टिप्पणी अपनी बहू लारा ट्रम्प को दिए एक साक्षात्कार में की, जिसका प्रसारण शनिवार रात फाक्स न्यूज पर हुआ। उन्होंने कहा कि हम एक बहुत अच्छे सौदे के करीब हैं। अगर आप जल्दबाजी करेंगे, तो आपको अच्छा सौदा नहीं मिलेगा। धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से, हमें वह मिल रहा है जो हम चाहते हैं-और अगर हमें वह नहीं मिला जो हम चाहते हैं, तो हम इसे किसी और तरीके से समाप्त करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि ईरानी अच्छे वार्ताकार हैं, लेकिन उनका दावा था कि इस समय अमेरिका के पास सभी पत्ते हैं, क्योंकि ईरान सैन्य रूप से परा. जित हो चुका है। उन्होंने कहा कि हम एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं। अगर हम इसे कर लेते हैं, तो अच्छा है। वरना हम सीधे युद्ध विभाग को लाएंगे, जैसा कि हम इसके नाम को बुलाते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के मुताबिक, ईरान ने कहा है कि वह परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा। हालांकि, उन्होंने सवाल उठाया कि अगर वह ऐसा हथियार खरीद ले तो क्या होगा। उन्होंने कहा कि अब इसमें लिखा है कि हम न तो सैन्य हथियार विकसित करेंगे और न ही किसी भी तरह से खरीदेंगे। यह एक बड़ा अंतर है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका का ईरान पर महत्वपूर्ण दबाव है, क्योंकि उसकी नौसेना और वायुसेना पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान की पूरी सैन्य क्षमता को खत्म नहीं किया, क्योंकि वहां के कुछ नेता अपेक्षाकृत नरम रुख वाले हैं। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के अधिक कट्टरपंथी तत्वों और प्रमुख नेतृत्व को निशाना बनाया। शुक्रवार को ट्रम्प ने सिचुएशन रूम में अपने कैबिनेट सहयोगियों और सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक की, लेकिन भविष्य की रणनीति को लेकर कोई स्पष्ट निर्णय सामने नहीं आया। इस बीच, अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सिओस की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प ने उस समझौते में कई संशोधनों की मांग की है, जिस पर अमेरिकी और ईरानी प्रति. निधियों के बीच सहमति बनी थी।

## आईआरजीसी ने अमेरिकी ड्रोन मार गिराने का किया दावा

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स ने रविवार को एक बयान में कहा कि उसने अमेरिका के एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराया है। यह जानकारी इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी ने दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह ड्रोन कथित तौर पर ईरान के क्षेत्रीय जलक्षेत्र में दाखिल हुआ था। आईआरजीसी ने कहा कि ड्रोन का तुरंत पता लगा लिया गया और उसे वायु रक्षा मिसाइलों से गिरा दिया गया। इससे पहले आईआरजीसी ने कहा था कि अगर अमेरिका युद्धविराम (सीजफायर) का उल्लंघन करता है, तो उसके पास जवाबी कार्रवाई करने का 'वैध और निश्चित' अधिकार सुरक्षित है। आईआरजीसी ने दावा किया था कि उसकी वायु रक्षा इकाइयों ने अमेरिका के एमक्यू-9 ड्रोन को भी मार गिराया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, आईआरजीसी ने यह भी कहा कि उसने एक लड़ाकू विमान पर फायरिंग की, जो कथित तौर पर ईरानी हवाई क्षेत्र में घुस आया था। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका ने कहा है कि उसने ईरान पर नए 'आत्मरक्षा संबंधी हमले' किए हैं।




# रूस के ऊर्जा ठिकानों पर यूक्रेन की ड्रोन स्ट्राइक

## परमाणु संयंत्र पर हमले का आरोप किया खारिज रूसी अधिकारियों ने हमले की पुष्टि की

**मास्को।** यूक्रेन ने शनिवार रात से रविवार तक रूस के ऊर्जा ठिकानों पर नए हमले किए। रूसी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। वहीं, कीव ने रूस के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि एक यूक्रेनी ड्रोन ने क्रेमलिन के कब्जे वाले एक अहम परमाणु संयंत्र पर हमला किया। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रूस के दक्षिण-पश्चिमी रोस्तोव क्षेत्र के गवर्नर यूरी स्ल्यूसर ने रविवार को टेलीग्राम पर बताया कि ड्रोन के मलबे से एक ईंधन भंडारण केंद्र में आग लग गई। उन्होंने कहा कि आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। गवर्नर रोमन बुसार्गिन के अनुसार, ड्रोन हमलों से दक्षिण-पश्चिमी रूस के सारातोव प्रांत में नागरिक बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा। स्वतंत्र रूसी समाचार चौनल एस्ट्रा ने बताया कि क्षेत्रीय राजधानी सारातोव में एक तेल रिफाइनरी में



आग लग गई। यूक्रेन ने हाल के महीनों में रूस की तेल और गैस सुविधाओं पर हमले तेज कर दिए हैं। उसका कहना है कि ऊर्जा क्षेत्र से मिलने वाला धन और संसाधन मास्को के चार साल से अधिक समय से जारी आक्रमण को समर्थन देते हैं। इस बीच, कीव ने रूस के उस आरोप को भी खारिज किया कि एक यूक्रेनी ड्रोन ने रूस के कब्जे वाले जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हमला किया। यह संयंत्र यूक्रेन और पूरे यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा केंद्र है। युद्ध के शुरुआती हफ्तों में रूसी सेना ने इस संयंत्र पर कब्जा कर लिया था। यह दक्षिणी जापोरिज्जिया क्षेत्र में अग्रिम मोर्चे के करीब स्थित है। यह उन चार क्षेत्रों में से एक है, जिन्हें रूस ने औपचारिक रूप से अपने में शामिल करने का दावा किया था। हालांकि उस पर उसका पूरा सैन्य नियंत्रण नहीं है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इस दावे को मान्यता नहीं मिली है।

# दुनिया में अमन की गारंटी बना भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए यहां एक कार्यक्रम में उन शांतिरक्षकों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक दिवस के मौके पर संयुक्त राष्ट्र में भारत और आस्ट्रिया के स्थायी मिशन ने यहां एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बलिदान शांति रक्षकों के सर्वोच्च बलिदान के लिए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, पर्वतनेनी हरीशने कहा, ये शांतिरक्षक दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संकटग्रस्त क्षेत्रों में संयुक्त राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। इस संबंध में भारत का योगदान अहम है। वह बोले, शांति सैनिकों के अथक प्रयासों से खतरनाक परिस्थितियों में भी दुनिया भर में शांति और स्थिरता बनी रहती है।




# फ्रांस में हिंसक झड़पों के मामले में 400 गिरफ्तार

■ शहर के बीचों-बीच भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

**पेरिस।** फ्रांस में फुटबॉल प्रशंसकों और पुलिस के बीच हुई झड़पों में 400 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुस्कास एरिना में खेले गए चैंपियंस लीग के फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने आर्सेनल को पेनाल्टी शूटआउट में हरा दिया। इसके बाद शनिवार को देर रात जश्न के दौरान जश्न के दौरान हिंसा भड़क गई।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राजधानी पेरिस में बस, ट्रेन और रेल सेवाओं को बाधित करने वाली अशांति को रोकने के लिए हजारों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। आतिशबाजी और फ्लेयर्स जलाए गए। इस झड़प में कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए। शहर के बीचों-बीच भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। गौरतलब है कि जहां पीएसजी ने लगातार दूसरी खिताब जीती थी, वहीं यह लगातार दूसरा साल भी था, जब फुटबॉल की वजह से हिंसा भड़की। इससे पहले 2025 में फ्रांसीसी टीम की जीत के बाद हुए जश्न ने हिंसक रूप ले लिया था। सोशल मीडिया में प्रसारित तस्वीरों में पेरिस में सड़कों पर इलेक्ट्रिक बाइक जलती हुई और जश्न मनाने वालों को कम से कम एक दुकान के शीशे तोड़ते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि इस अशांति के दौरान छह वाहन, दो दुकानें और एक बस स्टॉप क्षतिग्रस्त हो गए। फ्रांस के गृह मंत्रालय ने बताया कि रविवार तड़के 416 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें पेरिस के 280 लोग शामिल हैं।

